राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 28
लखनऊ, मंगलवार 6 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

आशा कार्यकत्रियों का मांग को लेकर धरना जारी 10

बीएल संतोष ने सीएम के साथ की बैठक 03

## सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,4,9330/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,36,900/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,040/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## भाजपा के आठ राज्यसभा प्रत्याशियों का ऐलान, सभी नए चेहरे

- ओबीसी, दलित, ब्राह्मण, ठाकुर व महिला प्रतिनिधित्व का संतुलन
- संगठन में सक्रिय चेहरों को उच्च सदन में भेजने की रणनीति

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए भाजपा ने सोमवार को आठ प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए। पार्टी ने सभी सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है। सूची में ओबीसी, दलित, ब्राह्मण और ठाकुर वर्ग के साथ महिला प्रतिनिधित्व का भी संतुलन नजर आता है।

भाजपा ने धर्मपाल सिंह लोधी, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। इनमें कई नेता संगठन में अलग-अलग जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। पार्टी ने संगठन में सक्रिय चेहरों को उच्च सदन में भेजने की रणनीति अपनाई है। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की कुल 10 सीटों के लिए चुनाव होना है। भाजपा ने इनमें आठ सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। अब चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ इन सीटों पर राजनीतिक दलों की रणनीति और समर्थन का गणित भी स्पष्ट होगा। राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा से पहले स्मृति ईरानी, वरुण गांधी, संजीव बालियान और राजबीर सिंह 'राजू भैया' समेत कई नामों की चर्चा थी। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और बीएल वर्मा के नाम भी प्रमुख दावेदारों में थे। हालांकि, भाजपा की अंतिम सूची में इनमें से किसी को जगह नहीं मिली। इससे पार्टी के प्रत्याशी चयन को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

संगठन में सक्रिय नेताओं को अवसर देने के साथ जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधा गया है।



श्रुति गंगवार | राम प्रताप सिंह चौहान | प्रियंका सिंह रावत | गोपी कृष्ण पांडेय | विद्यासागर सोनकर | प्रकाश पाल | राधाकांत ओझा | धर्मपाल सिंह

### पुराने चेहरों से परहेज

पार्टी ने राज्यसभा में नए चेहरों को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। जिन आठ सांसदों का राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अरुण सिंह, सीमा द्विवेदी, बीएल वर्मा, नीरज शेखर, बृजलाल व गीता शाक्य हैं। दिनेश शर्मा का नाम भी पद छोड़ने वाले सासंदों में शामिल था।

## रुसी लैब कर्मचारी की मौत से हड़कंप, 200 लोग क्वारंटाइन

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस में एक एंटी-प्लेग अनुसंधान संस्थान की 28 वर्षीय महिला कर्मचारी की अज्ञात बीमारी से मौत के बाद करीब 200 लोगों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। महिला साइबेरिया स्थित प्रयोगशाला में काम करती थी। स्थानीय रिपोर्टों में दावा किया गया है कि 25 सितंबर को प्रयोगशाला में काम के दौरान जीवित जैविक नमूने वाली एक टेस्ट ट्यूब टूट गई थी। रिपोर्टों के अनुसार, महिला की 29 सितंबर को तबीयत बिगड़ी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन 1 अक्टूबर की रात उसकी मौत हो गई। उसे गंभीर निमोनिया था, लेकिन संक्रमण की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। टेस्ट ट्यूब में किस तरह का नमूना था, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो का हवाई सफर कल से महंगा

**नई दिल्ली।** एटीएफ की बढ़ती कीमतों के चलते इंडिगो ने घरेलू उड़ानों पर 1,300 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 10,000 रुपये तक फ्यूल चार्ज बढ़ाने का फैसला किया है। नई दरें 6 अक्टूबर रात 12:01 बजे से लागू होंगी। एयरलाइन ने छह महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। अक्टूबर में एटीएफ 16 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। अगस्त से अब तक इसकी कीमत 27.28 रुपये प्रति लीटर बढ़ चुकी है। इंडिगो के अनुसार, ईंधन लागत में तेज वृद्धि के कारण यात्रियों पर अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है।

### ट्रम्प की घटती लोकप्रियता से बेचैनी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घटती लोकप्रियता ने रिपब्लिकन पार्टी की चिंता बढ़ा दी है। नवंबर के मध्यावधि चुनाव से पहले कई रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प से दूरी बनाने लगे हैं। एपी-एनओआरसी के सर्वे में सिर्फ 30 प्रतिशत अमेरिकी उनके कामकाज से संतुष्ट दिखे। अर्थव्यवस्था पर 26 और महंगाई से निपटने पर केवल 17 प्रतिशत समर्थन मिला। कई रिपब्लिकन नेताओं ने ट्रम्प की ईरान नीति, आव्रजन और युद्ध शक्तियों को लेकर असहमति जताई है। उम्मीदवारों की सबसे बड़ी चिंता महंगाई और अर्थव्यवस्था को लेकर है।

### आकाश आनंद की बसपा में फिर वापसी

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में वापसी का ऐलान किया। उन्हें फिर से बसपा का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। मायावती ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पार्टी और बहुजन समाज के हित को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों कुछ परिस्थितियों के कारण संगठन में बदलाव किए गए थे। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास लेने के बाद बदले माहौल को भी उनकी वापसी का अहम कारण माना जा रहा है। आकाश को फिर बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलना बसपा के युवा नेतृत्व के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### पुलिस में पांच अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के पांच अधिकारियों के तबादला आदेश में संशोधन किया गया है। पवन गौतम को खीरी से रायबरेली और रायबरेली में तैनात आलोक सिंह-तृतीय को कासगंज भेजा गया है। गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार-तृतीय और पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार जायसवाल का प्रस्तावित तबादला निरस्त कर दिया गया है। वहीं पुलिस मुख्यालय में तैनात संतोष कुमार-द्वितीय को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, बरेली बनाया गया है।

# कानून तोड़ा तो चुनाव आयोग के फैसले रोक देंगे : सुप्रीम कोर्ट

## सीजेआई बोले- फार्म-6 में बदलाव की मंजूरी नहीं दी | एसआईआर से जुड़े फैसलों पर आयोग से मांगा जवाब | मुख्य चुनाव आयुक्त को निलंबित करने से इनकार

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की याचिका पर सुनवाई की। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है। कोर्ट ने उन्हें निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से तो इनकार किया, लेकिन चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने चुनाव आयोग, केंद्र सरकार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों समेत संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है।

कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि फार्म-6 में किसी संशोधन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी नहीं दी है, जबकि कुछ दिन पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि एसआईआर के लिए फार्म-6 के साथ लगाए गए घोषणापत्र को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली है। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं।

अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल मीडिया रिपोर्ट के आधार पर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अंतरिम कार्रवाई नहीं की जा सकती। पहले आयोग का जवाब और संबंधित रिकॉर्ड देखना जरूरी है। हालांकि, अदालत ने यह भी संकेत दिया कि यदि रिकॉर्ड से यह साबित होता है कि चुनाव आयोग के फैसले निर्धारित प्रक्रिया और कानून के विपरीत या एकतरफा लिए गए थे, तो उन फैसलों पर रोक लगाने अथवा उन्हें वापस लेने पर विचार किया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में फैसले सर्वसम्मति अथवा बहुमत से होने चाहिए। किसी एक सदस्य का अकेले लिया गया फैसला पूरे आयोग का निर्णय नहीं माना जा सकता।



### वोटर का नाम काटने से कोई रोक नहीं सकता

दूसरी ओर, महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनवाई तीन सप्ताह के लिए टाल दी। अदालत ने टिप्पणी की कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान नाम हटाने की प्रक्रिया पर हाईकोर्ट अलग से रोक नहीं लगा सकता, क्योंकि इसी विषय से जुड़ा मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

### लोकतांत्रिक ढंग से बढ़ रहा देशः भाजपा

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी किए जाने को लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि देश में सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है। सभी प्रक्रियाओं और प्रणालियों का पालन किया जा रहा है तथा भारत लोकतंत्र का जश्न मना रहा है।

### तीन मांगों पर अड़ी कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी की तीन प्रमुख मांगें दोहराईं। उन्होंने कहा कि इन मांगों पर कांग्रेस कोई समझौता नहीं करेगी। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को रद्द करना और चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग शामिल है।

### लखनऊ के बाढ़ इलाकों का जायजा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखनऊ के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करते हुए। गोमती में आये उफान के बाद गाजीपुर बलराम, दाऊद नगर, गणेश विहार कालोनी, राम विहार कालोनी, मामा कालोनी में हजारों मकान पानी से घिर गए हैं।

## लंदन-शिकागो उड़ानः 37 हजार से नौ हजार फीट नीचे आई फ्लाइट

**एजेंसी, डबलिन।**

फ्लाईदुबई विमान से जुड़ी हालिया घटना के बाद अब ब्रिटिश एयरवेज की लंदन से शिकागो जा रही उड़ान में अचानक आपात स्थिति सामने आने से यात्रियों में खौफ पैदा हो गया। ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान बीए295 ने आयरलैंड के ऊपर उड़ान के दौरान कुछ ही मिनटों में अपनी ऊंचाई करीब 37 हजार फीट से घटाकर नौ हजार फीट कर दी। इसके बाद चालक दल ने 7700 आपात कोड जारी किया। यह विमान में गंभीर अथवा सामान्य आपात स्थिति की सूचना देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय संकेत है। ब्रिटिश एयरवेज की यह उड़ान लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट के टर्मिनल-5 से सुबह 11:50 बजे शिकागो के ओ हारे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई थी। करीब आठ घंटे 40 मिनट की इस उड़ान में बोइंग 777-200ईआर विमान का इस्तेमाल किया गया। उड़ान भरने के लगभग एक घंटे बाद विमान करीब 37 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया था।



## चिकित्सा के तीन वैज्ञानिकों को नोबेल

**एजेंसी, स्टॉकहोम।**

वर्ष 2026 के चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा सोमवार को कर दी गई। अमेरिका और जर्मनी के तीन वैज्ञानिकों कार्ल डाइसेरोथ, पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। तीनों वैज्ञानिकों को लाइट-गेटेड आयन चैनल और ऑप्टोजेनेटिक्स पर उनके महत्वपूर्ण शोध के लिए चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। इन खोजों ने वैज्ञानिकों को प्रकाश की मदद से मस्तिष्क की अलग-अलग तंत्रिका कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) की गतिविधि को नियंत्रित करने का नया तरीका दिया है।

पुरस्कार की घोषणा स्टॉकहोम स्थित कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट में की गई। इसके साथ ही 2026 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा का सप्ताह शुरू हो गया है। आधिकारिक तौर पर इस पुरस्कार को फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है और यह सम्मान वर्ष 1901 से दिया जा रहा है। नोबेल समिति के मुताबिक, तीनों वैज्ञानिकों के काम ने यह समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि तंत्रिका कोशिकाएं किस तरह प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया कर सकती हैं और उनकी गतिविधि को नियंत्रित किया जा सकता है। उनके शोध ने वैज्ञानिकों को मस्तिष्क के अलग-अलग न्यूरॉन्स की गतिविधि को अधिक सटीक तरीके से चालू या बंद करने का रास्ता दिया।



- रोशनी से दिमाग की नसों को नियंत्रित करने वाली खोजी तकनीक

## सऊदी ने दिया तेल पर बड़ा डिस्काउंट, भारत में सस्ता होगा पेट्रोल!

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सऊदी अरब ने एशियाई खरीदारों के लिए कच्चे तेल की कीमत में बड़ी कटौती की है। सऊदी अरामको ने नवंबर के लिए अपने प्रमुख कच्चे तेल अरब लाइट की आधिकारिक बिक्री कीमत ओमान-दुबई औसत से 5 डॉलर प्रति बैरल कम कर दी है। इसे छह साल में एशियाई बाजार के लिए सबसे बड़ी छूट बताया जा रहा है। भारत कच्चे तेल का बड़ा आयातक है और मध्य-पूर्व से होने वाली आपूर्ति का घरेलू ईंधन बाजार पर सीधा असर पड़ता है। हालांकि, सऊदी अरब की इस छूट का मतलब यह नहीं है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें तुरंत घट जाएंगी।

## भारत-स्विट्ज़रलैंड साझेदारी से 10 लाख रोजगार

- निवेश, निर्यात, रक्षा परमाणु ऊर्जा व बुनियादी ढांचे में बढ़ेगा सहयोग
- देश में 100 अरब डॉलर निवेश पर दोनों देश कटिबद्ध

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्विट्ज़रलैंड के राष्ट्रपति गाय पार्मेलिन के बीच सोमवार को हुई वार्ता के बाद दोनों देशों ने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को नई गति देने पर सहमति जताई। भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच निवेश, निर्यात, रक्षा, परमाणु ऊर्जा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई अहम फैसले हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) निवेश, नवाचार और रोजगार के लिए महत्वाकांक्षी खाका है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार का लक्ष्य रखा गया है।

मोदी ने कहा कि स्विट्ज़रलैंड में भारतीय उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने और दोनों देशों के बीच निवेश आसान बनाने के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इससे कृषि, दवा, वस्त्र और इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वहीं, जैवप्रौद्योगिकी, बैंकिंग, बीमा, खाद्य प्रसंस्करण और स्थिरता जैसे क्षेत्रों में स्विस निवेश आकर्षित किया जाएगा।



## अपराधियों में मौत का डर जरूरी, तभी रेप जैसे अपराध रुकेंगे : सुप्रीम कोर्ट

- दिल्ली-एनसीआर में नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान
- दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय से चार सप्ताह में जवाब तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली-एनसीआर में नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि जब तक अपराधियों के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों पर प्रभावी ढंग से रोक लगाना मुश्किल होगा। अदालत ने दिल्ली पुलिस को केवल कागजों पर कार्रवाई करने के बजाय जमीन पर सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए।

पीठ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने से हिचकना नहीं चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि कुछ लोग अनुच्छेद 21 के तहत मानवाधिकारों का हवाला देकर सवाल उठा सकते हैं, लेकिन पुलिस को कानून के तहत अपना कर्तव्य निभाना होगा।



**अयोध्या में दीपोत्सव** | 5 से 7 नवंबर तक होगा 10वां दीपोत्सव, राम की पैड़ी पर बनेगा विशेष मंच, 55 हजार लीटर तेल, 65 लाख बातियों की व्यवस्था

# 33 लाख मिट्टी के दीयों से जगमग होगी रामनगरी

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में होने वाले 10वें दीपोत्सव को इस बार और भव्य स्वरूप देने की तैयारियां तेज हो गई हैं। पांच से सात नवंबर तक आयोजित होने वाले दीपोत्सव में राम की पैड़ी सहित करीब दो किलोमीटर क्षेत्र 33 लाख मिट्टी के दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। दीप प्रज्वलन के लिए 55 हजार लीटर तेल और 65 लाख बातियों की व्यवस्था की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए 34 हजार वालंटियर तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा 150 किलो कपूर, मोमबत्ती, स्वयंसेवकों के लिए टी-शर्ट और अन्य आवश्यक सामग्री भी जुटाई जा रही है।

अयोध्या तीर्थ विकास परिषद की ओर से आयोजित होने वाले दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों ने काम तेज कर दिया है। आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए पांच टेंडर जारी किए गए हैं। इनमें दीपों से संबंधित सामग्री, मंच निर्माण, सजावट, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक कार्य शामिल हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सामग्री की आपूर्ति शुरू की जाएगी।

दीपोत्सव के दौरान राम की पैड़ी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए विशेष मंच तैयार किया जाएगा। राम की पैड़ी से लेकर सरयू तट और आसपास के घाटों तक दीपों की कतारें सजाई जाएंगी। प्रमुख मंदिरों को एलईडी रोशनी से सजाने की भी तैयारी है। मंदिरों और घाटों की रोशनी दीपोत्सव की भव्यता को और बढ़ाएगी। 34 हजार स्वयंसेवक दीप प्रज्वलन के साथ आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को सुचारु रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा में सहयोग करेंगे। बड़ी संख्या में छात्रों को भी आयोजन से जोड़ा जा रहा है। वालंटियरों के प्रशिक्षण और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही आवश्यक सामग्री की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। वालंटियरों के प्रशिक्षण और छात्रों के भोजन की व्यवस्था की तैयारियां भी चल रही हैं। आयोजन को व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए सभी विभागों के स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। दीपों की यह भव्य श्रृंखला श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र बनने के साथ अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाई देगी।



### चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

दीपोत्सव में देश-विदेश से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है। करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में दीपों की सजावट के साथ फूलों और प्रकाश की विशेष व्यवस्था की जाएगी। भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु रखने के लिए भी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं।

# सेवा संकल्प अभियान में दिव्यांगजनों को मिली ट्राईसाइकिल, लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

- गरीब व जरूरतमंदों के लिए सरकार कृतसंकल्पः राज्यमंत्री

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**



सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत रामसनेहीघाट के पायका मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। वहीं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को छात्रवृत्ति योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र और शादी अनुदान योजना के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने लाभार्थियों को ट्राई साइकिल और प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमजोर, गरीब और जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य पात्र लोगों को समय पर लाभ पहुंचाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

राज्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और जरूरतमंद लोगों के हितों को लेकर पूरी तरह कृतसंकल्प है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक खां, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह सहित विभागीय कर्मचारी सियाराम, पंकज और शिव मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग शामिल हुए।

## तीन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोरी का ट्रक का टायर, ई-रिक्शा बरामद

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 3 वांछित चोर, अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ट्रक का एक अदद टायर (चोरी का) व घटना में प्रयुक्त एक अदद ई-रिक्शा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी से संबंधित 3 अभियुक्तो जुनेद पुत्र दोष मोहम्मद निवासी ग्राम टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर, सद्दाम पुत्र सलीम निवासी कांशीराम कालोनी हजाराबाग बड़ेल थाना कोतवाली नगर, जावेद आलम पुत्र अब्दुल कलाम निवासी ग्राम रसौली पश्चिम टोला थाना सफदरगंज को सफेदाबाद क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया।

# तेंदुए की दहशत में जी रहे हैं शरीफाबाद गांव के निवासी

**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



शरीफाबाद गांव में करीब एक माह से तेंदुए की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अब तक कई जंगली जानवरों पर हमला कर चुका है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार कांबिंग कर रही है। पिंजड़ा लगाने के साथ ही निगरानी के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। सोमवार सुबह शरीफाबाद के मोहिनी जंगल के पास खेतों में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ग्रामीणों को तेंदुआ दिखाई देने की बात सामने आई। गांव निवासी रामजीत कश्यप अपने परिवार के साथ खेत में तुलसा काट रहे थे। इसी दौरान अचानक तेंदुआ दिखाई देने पर परिवार के लोग घबरा गए और किसी तरह सुरक्षित स्थान पर जाकर छिप गए। तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान ग्रामीणों ने चहलकदमी करते हुए तेंदुए का वीडियो बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद गांव में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर चर्चाएं और तेज हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की लगातार दस्तक के कारण वे खेतों में जाने से भी डर रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता बच्चों की सुरक्षा को लेकर बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### बुलडोजर कार्रवाई के पीड़ित महेंद्र सिंह से मिले राम अचल राजभर



**अम्बेडकरनगर।** करीब दस माह पहले पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर से मकान ढहाए जाने के मामले में सोमवार को नया मोड़ सामने आया। अम्बेडकरनगर के सदर सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री राम अचल राजभर अरियावाजार पहुंचे और बुलडोजर कार्रवाई के पीड़ित महेंद्र सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान पूर्व मंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक उनकी लड़ाई में वह मजबूती से साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर सदन तक पीड़ित की आवाज उठाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने महेंद्र सिंह को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। पीड़ित महेंद्र सिंह का कहना है कि करीब दस माह पूर्व पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर से उनका मकान गिरा दिया गया था। मकान ढहाए जाने के बाद परिवार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया। वह लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाते रहे हैं। इस मामले को समृद्धि न्यूज ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद अब समाजवादी पार्टी के जनप्रतिनिधि तक पहुंचने और आर्थिक मदद करने से मामले ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि विधायक के हस्तक्षेप से उसकी आवाज शासन-प्रशासन के साथ ही विधानसभा तक पहुंचेगी और उसे न्याय मिल सकेगा। अब देखना यह होगा कि करीब दस माह पुराने इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर आगे क्या कार्रवाई होती है और पीड़ित परिवार को न्याय कब तक मिल पाता है।

### श्रमिकों के लिए तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आज से

**अम्बेडकरनगर।** श्रमिकों को कार्यस्थल के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले में 06 से 08 अक्टूबर तक तीन दिवसीय श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। शिविर का आयोजन अकबरपुर के शहजादपुर स्थित लेबर अड्डे पर होगा। शासन के निर्देश और जिलाधिकारी ईशा प्रिया के आदेश पर आयोजित शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सीय परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला व पुरुष चिकित्सक के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। शिविर में जरूरी औषधियां और मेडिकल किट भी उपलब्ध रहेंगी। शिविर के सुचारु संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति गठित की गई है। इसमें मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम एवं योजना के अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, सहायक निदेशक कारखाना और सहायक श्रमायुक्त समेत संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। सहायक श्रमायुक्त सन्त पाल ने जिले के श्रमिकों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच के साथ समय पर चिकित्सीय परामर्श और जरूरी उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है।

### मौजूदा प्रधान के घर चोरों का तांडव, करीब 40 लाख का माल साफ

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र चोरों का हब बन चुका है। पूर्व में हुई कई बड़ी चोरियों का पुलिस अबतक खुलासा ही नहीं कर पाई है। रविवार सोमवार की मध्य रात्रि थाना क्षेत्र के संकल्पा ग्राम पंचायत के मौजूदा प्रधान के घर चोरों ने जमकर तांडव मचाया। प्रधान पति शेर अली पुत्र अकबर अली ने बताया कि सामने का दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुए अज्ञात चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा करीब सात से आठ किलो चांदी, करीब दो सौ ग्राम सोना तथा करीब 70 हजार की नगदी चुरा ले गए हैं। सोमवार सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर उप निरीक्षक कवींद्र नाथ सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। ज्ञात हो कि हाल ही में रामपुर धोबियाहार, सैय्यद नगर में कोटेदार के घर तथा पुलिस चौकी वैवाही के पास व्यवसाई के घर सहित हुई अन्य तमाम चोरी की घटना पुलिस गस्त पर सवाल खड़ी करती है। स्थानीय लोग अब अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।।

### चुनाव आयुक्त के खिलाफ सड़क पर उतरे सपाई

**बहराइच।** सोमवार दोपहर करीब एक बजे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कार्यकर्ताओं ने पुतले का सिर जला दिया, जबकि पुलिस ने पुतले का धड़ छीन लिया। इससे मौके पर कुछ देर के लिए हंगामा हो गया। सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता सड़क पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के लिए वोटों में हेराफेरी की जा रही है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार को तुरंत पद से हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।कार्यकर्ताओं ने सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने और ज्ञानेश कुमार को जेल भेजने की भी मांग उठाई। प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

### झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, किसानों के चेहरे पर चिंता

**अम्बेडकरनगर।** जिला मुख्यालय अकबरपुर समेत जिले के कई इलाकों में मंगलवार को झमाझम बारिश ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी। घने बादलों और लगातार बारिश से दिन में ही अंधेरा छा गया। सड़कों पर कम दृश्यता के कारण वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। तेज बारिश के चलते सड़कों पर आवागमन प्रभावित हुआ और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। बाजारों में भी चहल-पहल कम रही। जरूरी काम से निकले लोगों को बारिश के बीच परेशानी उठानी पड़ी। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश से किसानों के चेहरे पर भी मायूसी नजर आई। खेतों में खड़ी फसलों को लेकर किसान चिंतित दिखे। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो खेतों में पानी भरने से फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

# ओलों ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी, खेतों में बिछी फसलें

- पिछली बारिश के नुकसान का सर्वे भी नहीं हुआ, फिर बरसे ओले
- धान, उड़द, गन्ना समेत फसलें प्रभावित

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**



सोमवार दोपहर हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी। आसमान से बरसे ओलों ने खेतों में खड़ी फसलों को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। धान, उड़द, गन्ना समेत कई फसलों के पौधे तेज हवा और बारिश के चलते खेतों में गिर गए।

अचानक आई इस आफत से किसानों में हड़कंप मच गया। जिन किसानों को पिछली आंधी-बारिश के नुकसान से उबरने की उम्मीद थी, उनके सामने अब दोहरी मार पड़ गई है। रामसनेहीघाट क्षेत्र के वजीउद्दीनपुर, महुलारा, इब्राहिमाबाद, बनीकोडर और जेठबनी समेत कई गांवों में दोपहर के समय तेज बारिश के साथ ओले गिरे। कुछ देर तक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में फसलें बिछी नजर आईं। किसानों के मुताबिक पिछली बारिश और आंधी में भी फसलों को भारी नुकसान हुआ था। उस नुकसान का सर्वे अभी पूरा भी नहीं हुआ और दोबारा मौसम की मार ने संकट और बढ़ा दिया। किसानों का कहना है कि खेती में पहले ही खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी की लागत बढ़ चुकी है। फसल खराब होने से लागत निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। कई किसान कर्ज लेकर खेती कर रहे हैं। लगातार प्राकृतिक आपदा से फसल चौपट होने पर कर्ज चुकाने और परिवार का खर्च चलाने की चिंता सताने लगी है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में किशोर घायल

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर बाराबंकी।**



फतेहपुर थाना क्षेत्र के बेलहरा रोड स्थित नहर पुल पर सोमवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।हादसे में स्कूल से पढ़कर घर लौट रहा 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार महिला को भी चोटें आई।दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनो मोटरसाइकिलो के परखच्चे उड़ गए।वहीं नहर पुल की दीवार में भी दरार आ गई।जानकारी के अनुसार असोहना गांव निवासी बिपिन कुमार का 15 वर्षीय पुत्र अभय कुमार सोमवार को साईं स्कूल से पढ़ाई करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था।वह बेलहरा रोड स्थित नहर पुल पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अभय कुमार को उपचार के लिए फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार महिला को भी दुर्घटना में चोटें आई हैं।

## डीएम ने नोडल व अपर नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन की घोषणा के दृष्टिगत आगामी 23 अक्टूबर, 2026 को होने वाले मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में नामित नोडल एवं अपर नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्वाचन कार्यों के लिए नामित अधिकारियों से उनके दायित्वों के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसओपी एवं दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक कार्य में समयबद्धता, पारदर्शिता एवं समन्वय का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मतदान कार्मिकों, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, यातायात व्यवस्था, वाहनों की उपलब्धता एवं रूट चार्ट, मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, निर्वाचन सामग्री की छपाई, पैकिंग एवं पोलिंग स्टेशनवार बंडलिंग, बैलेट बॉक्स एवं निर्वाचन सामग्री के वितरण तथा मतदान के पश्चात सामग्री जमा कराने की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इसके साथ ही गोपनीय अभिलेखों एवं सील्ड मतपेटिकाओं की सुरक्षित जमा एवं परिवहन व्यवस्था, प्रेक्षकों के ठहरने, वाहन एवं सुरक्षा व्यवस्था, मतदान कार्मिकों को आवश्यक सुविधाएं, चिकित्सा व्यवस्था, निर्वाचन संबंधी सांख्यिकीय सूचनाओं का समयबद्ध प्रेषण, मतदान केंद्रों पर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, मतदाता सूची की प्रतियां तैयार कराने तथा प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की भी समीक्षा की गई।

# सरयू नदी का जलस्तर घटने के साथ कटान हुई तेज



**समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**

सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आते ही तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में कटान तेज हो गई है। नदी किनारे बसे गांवों में कटान से हड़कंप मचा है।तेज कटान के चलते किसानों की सैकड़ों बीघा कृषि योग्य जमीन सरयू नदी में समा रही है। घुटरू और कोठीडीहा जैसे गांवों की आबादी पर भी खतरा बढ़ गया है। सूर्य प्रताप सिंह,दुर्गेश सिंह आदि किसानों का कहना है कि हर साल बाढ़ के बाद कटान शुरू हो जाती है लेकिन स्थायी रोकथाम के उपाय नहीं किए जाते। किसान अनूप सिंह ने बताया कि नेपाल से आई सिल्ट जमा होने से नदी की धारा आबादी की ओर मुड़ गई हैकिसानों ने जिला प्रशासन और बाढ़ खंड ।विभाग से तत्काल कटान रोधी कार्य कराने की मांग की है।

# रंगोली में पायनियर स्कूल व सिटी इंटर कॉलेज का दबदबा

- महिला सशक्तीकरण से ही मजबूत होगा समाजः शीला सिंह वर्मा
- गांधी जयंती सप्ताह में महिला सशक्तीकरण पर संगोष्ठी
- रंगोली में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में बराबरी का अधिकार और सम्मान दिए बिना सशक्त समाज का निर्माण संभव नहीं है। महात्मा गांधी ने महिलाओं को समाज परिवर्तन की महत्वपूर्ण शक्ति माना था। उनके विचार आज भी महिला सशक्तीकरण की राह दिखाते हैं। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा ने गांधी भवन में गांधी जयंती सप्ताह के पांचवें दिन आयोजित 'महिला सशक्तीकरण और गांधी जी' विषयक संगोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि गांधी जी का मानना था कि महिलाओं की भागीदारी के बिना देश और समाज की प्रगति अधूरी है। गांधी के विचारों को केवल आयोजनों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें अपने जीवन और व्यवहार में उतारना होगा। संगोष्ठी के साथ गांधी के स्वच्छता संदेश को लेकर रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सिटी इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, पायनियर मांटेसरी स्कूल, जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज और ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के करीब 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने रंगों और कलात्मक कल्पना के जरिए स्वच्छता, गांधी के आदर्शों और सामाजिक सरोकारों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। जूनियर वर्ग की रंगोली प्रतियोगिता में पायनियर मांटेसरी हाई स्कूल की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज दूसरे और पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में सिटी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने पहला स्थान हासिल किया। जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज दूसरे और पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

# रोटरी क्लब बलरामपुर के डॉ. प्रांजल त्रिपाठी बने असिस्टेंट गवर्नर

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2027-28 रोटेरियन दिनेश गर्ग ने रोटरी क्लब बलरामपुर के दो बार अध्यक्ष रह चुके पीएचएफ रोटेरियन डॉ. प्रांजल त्रिपाठी को डिस्ट्रिक्ट 3120 लखनऊ रीजन का असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया है। डॉ. त्रिपाठी वीटीएम हॉस्पिटल के प्रबंधक हैं तथा रोटरी इंटरनेशनल के पाल हैरिस सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं।

डॉ. प्रांजल त्रिपाठी वर्ष 2007 से रोटरी क्लब बलरामपुर की सामाजिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़े हैं। रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, जरूरतमंदों को कंबल वितरण और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों में उनका महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

नवीन दायित्व मिलने पर डॉ. प्रांजल त्रिपाठी ने कहा कि वह जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश गर्ग का आभार व्यक्त किया।

उनके चयन पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर केके श्रीवास्तव, रोटेरियन अमरजीत सिंह बिट्टू, क्लब अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सचिव डॉ. प्रदीप दूबे, अनूप सर्राफ, डॉ. श्रद्धा सिंह, डॉ. निधि त्रिपाठी, रमेश पाहवा, तारा चंद्र अग्रवाल, राजेन्द्र कृष्ण श्रीवास्तव, अभयपाल, डॉ. आईडी आर्या, डॉ. एमएल शाह, डॉ. अजय प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, अभिषेक सिन्हा, दीपक अग्रवाल सहित रोटरी क्लब ग्रेटर के डॉ. देवेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. जुबैर तथा विभिन्न चिकित्सा संगठनों के चिकित्सकों ने बधाई दी।

रोटरी क्लब बाराबंकी, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, गोंडा और बहराइच से भी डॉ. प्रांजल त्रिपाठी को शुभकामना संदेश प्राप्त हुए।

# अंकुर मिश्रा बने जिला मीडिया प्रभारी

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने संगठन विस्तार को गति देने के लिए बलरामपुर जिले में अंकुर मिश्रा को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के निर्देश पर उन्हें शहरी क्षेत्र के अंतर्गत यह जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र के अनुसार अंकुर मिश्रा को संगठन के सिद्धांतों, उद्देश्यों और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने तथा जिले में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ऋषि पाण्डेय तथा गैंसड़ी विधानसभा प्रभारी एवं विधायक पद प्रत्याशी सूरज मिश्र ने अंकुर मिश्रा को अंगवस्त्र भेंट कर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी के माध्यम से संगठन की गतिविधियों और नीतियों को जनता तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। साथ ही जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य करेंगे। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अंकुर मिश्रा को बधाई दी। अंकुर मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे तथा मीडिया के माध्यम से जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे।

# पेंशनर कक्ष का डीएम ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार में पेंशनर्स की सुविधा के लिए निर्माणाधीन पेंशनर कक्ष का जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। पेंशन संबंधी कार्यों के लिए कोषागार आने वाले पेंशनर्स, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को प्रतीक्षा के दौरान बेहतर और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेंशनर कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्ष में प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी ली और शेष कार्यों को जल्द पूरा कर इसे पेंशनर्स के उपयोग में लाने के निर्देश दिए। इस दौरान कोषागार के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्वों की तैयारियों को लेकर बैठक, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



नवरात्रि, दुर्गा पूजा, श्रीरामलीला और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर रविवार को एमएलके पीजी कॉलेज के सभागार में बैठक हुई। बैठक में सदर विधायक पल्टूराम और नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने आयोजन समितियों तथा अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में पूजा पंडालों और रामलीला स्थलों की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, यातायात, सुरक्षा व्यवस्था तथा जुलूस एवं शोभायात्रा के मार्गों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विभिन्न दुर्गा पूजा और रामलीला समितियों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता राज कुमार श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि नवरात्रि, दुर्गा पूजा, रामलीला और दशहरा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था के प्रमुख पर्व हैं। उन्होंने समितियों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर आयोजन कराने तथा आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि पर्वों के दौरान नगर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था कराई जाएगी। आयोजन स्थलों पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित विभागों और समितियों के साथ समन्वय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बलरामपुर की पहचान आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द से है। सभी पर्व इसी भावना के साथ मनाए जाएं। बैठक में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह, पूजा एवं रामलीला समितियों के पदाधिकारी, सभासद, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संचालन संजय शुक्ला ने किया।

# तटबंध बनाकर रोकेंगे बाढ़ : मुख्यमंत्री

## बख्शी का तालाब में बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिले मुख्यमंत्री

## राहत सामग्री बांटी और राहत एवं बचाव कार्यों का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दिन में लखनऊ में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद उन्होंने फैजुल्लागंज से नैमिष तक बनेगा तटबंध बनवाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लेने के साथ बख्शी का तालाब में बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिले।

मुख्यमंभी ने कहा कि गोमती नदी की बाढ़ से फैजुल्लागंज से नैमिष तक के इलाके को बचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर तटबंध बनाया जाएगा। तटबंध पर रास्ता भी बनेगा, जिससे यह बाढ़ से बचाव के साथ आवागमन के काम आएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बख्शी का तालाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के दौरान इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि तटबंध को स्वीकृति दे दी गई है। धनराशि जारी कर मानसून समाप्त होने के बाद काम आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों से भेंट एवं राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटी और उनकी समस्याएं सुनीं। राहत एवं बचाव कार्यों में लगी टीमों से बात कर स्थिति जानी और स्वास्थ्य विभाग के शिविर का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने फैजुल्लागंज से नैमिष तक प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे भी किया।



### तटबंध के साथ जल निकासी का भी इंतजाम

मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव को फैजुल्लागंज से नैमिष तक गोमती किनारे सर्वे कर तटबंध का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ कहा कि तटबंध के बाहर बारिश का पानी जमा न हो, इसका भी इंतजाम किया जाए। इसके लिए पंपिंग सेट लगाए जाएंगे, ताकि नदी का जलस्तर बढ़ने पर आबादी की ओर जमा पानी को नदी में निकाला जा सके। तटबंध को हर मौसम में उपयोगी बनाने के साथ उस पर आवागमन की व्यवस्था भी की जाएगी।

### प्रभावित परिवारों को 26 जरूरी वस्तुएं वितरित

बाढ़ प्रभावित परिवारों को चावल, दाल, आटा, चना और तिरपाल समेत 26 जरूरी वस्तुओं की राहत सामग्री दी जा रही है। इसमें 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, दो किलो अरहर दाल और एक लीटर सरसों या रिफाइंड तेल के साथ नमक, मिर्च-मसाला, बाल्टी, लाई-भुजा, मोमबत्ती, माचिस और बरसाती समेत अन्य सामान शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों को खुले में रहने के बजाय स्कूलों और मैरिज हॉल में बनाए गए राहत शिविरों में ठहराने के निर्देश दिए। शिविरों में दोनों समय गर्म भोजन की व्यवस्था होगी। छोटे बच्चों को दूध और गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार दिया जाएगा। पशुओं के लिए सूखे भूसे के साथ चोकर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### पांच-छह दिन बाद पहुंचा बारिश का पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 दिनों में प्रदेश के 50 से अधिक जिलों में भारी बारिश हुई है। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और नेपाल में हुई बारिश का पानी पांच-छह दिन बाद नीचे पहुंचने से गोमती का जलस्तर बढ़ा। इससे बख्शी का तालाब, लखनऊ उत्तर और फैजुल्लागंज से नैमिष तक के इलाके में बाढ़ जैसे हालात बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह लगातार स्थिति और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे थे और जमीनी स्थिति देखने पहुंचे हैं।

### जनहानि पर तत्काल चार लाख की सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ में डूबने या आकाशीय बिजली से जनहानि होने पर परिवार को तत्काल ?4 लाख की सहायता दी जाएगी। बारिश से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने पर पात्र परिवार को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना से घर मिलेगा। पशुहानि की भी भरपाई होगी। राहत एवं बचाव कार्यों के बाद फसलों का समय से सर्वे कर किसानों को नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा।

**स्वास्थ्य केंद्रों पर रहेगा एंटी स्नेक वेनम:** बाढ़ के दौरान सांप-बिच्छू और अन्य जीवों के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। कुत्ते या अन्य जानवर के काटने पर एंटी रेबीज इंजेक्शन भी उपलब्ध रहेगा। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल और पशु चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। राहत शिविरों में बिजली न होने पर पेट्रोमैक्स या सोलर लाइट की व्यवस्था होगी। घर छोड़कर शिविरों में आने वाले परिवारों की संपत्ति की सुरक्षा के लिए गांव के चौकीदार, होमगार्ड, पीआरडी और पुलिस के जवान रात में पेट्रोलिंग करें।

## गोमती का बढ़ता पानी, डूबती जिंदगी



फैजुल्लागंज के निचले इलाकों में गोमती का जलस्तर बढ़ने से सड़कों और गलियों में भरा पानी। जलभराव के बीच लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी बेहाल है और कई परिवार सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं।
*स्वतंत्र फोटोग्राफर दीपचंद ने ये तस्वीरे उपलब्ध कराई।*

## खबरें एक नजर में

### विजय ने लखनऊ स्नातक सीट से किया नामांकन



**लखनऊ।** अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने सोमवार को लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन किया। वह बीएन सिंह की प्रतिमा से समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। इस दौरान समर्थकों ने पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण समाप्त करने और रोजगार नीति लागू करने के नारे लगाए। नामांकन के बाद बन्धु ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण की समाप्ति, रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हित में लंबे समय से किए जा रहे संघर्ष को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न कर्मचारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ओबीसी जनगणना की मांग को लेकर राजभवन मार्च



**लखनऊ।** जनगणना-2027 में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ने और ओबीसी अत्याचार निवारण कानून बनाने की मांग को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग ने राजभवन मार्च किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी। ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना के जरिए ओबीसी की वास्तविक आबादी सामने आनी चाहिए और आबादी के अनुपात में आरक्षण, नौकरियों व सरकारी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए आंदोलन तेज करेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनगणना में ओबीसी की स्पष्ट संख्या दर्ज होने से ही उसे उचित भागीदारी मिल सकेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

### लखनऊ में 50 करोड़ की ड्रग्स के साथ 4 गिरफ्तार

**लखनऊ।** जानकीपुरम में चल रही अवैध हेरोइन बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने फैक्ट्री से 6.275 किलो तैयार हेरोइन, केमिकल और हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया। इस कार्रवाई के साथ पुलिस ने अंतरराज्यीय ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, कुल बरामद 7.076 किलो हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 करोड़ रुपए है। दिल्ली पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस के आधार पर 4 अक्टूबर को लखनऊ के जानकीपुरम की सीता कॉलोनी में छापा मारा। यहां हेरोइन तैयार की जा रही थी। पुलिस ने मौके से बबलू (35) को गिरफ्तार किया। फैक्ट्री से 6.275 किलो तैयार हेरोइन के अलावा 2.504 किलो सोडियम, 787 ग्राम एसिटिक एनहाइड्राइड, मिक्सर ग्राइंडर, गैस सिलेंडर, वजन करने की मशीन और बर्तन बरामद किए गए।

## पांच लाख आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

गोमतीनगर, जानकीपुरम, महानगर, वृंदावन, पुरानिया और उतरेठिया प्रभावित रहेगा, लेसा उपकेंद्रों के फीडर व ट्रांसफार्मर की मरम्मत कार्य कराएगा। शहर के गोमतीनगर, जानकीपुरम, महानगर, वृंदावन, पुरानिया और उतरेठिया सहित शहर के कई इलाकों में मंगलवार को बिजली सप्लाई ठप रहेगी। इस दौरान लेसा उपकेंद्रों के फीडर व ट्रांसफार्मर की मरम्मत कार्य कराएगा। इससे करीब पांच लाख आबादी प्रभावित रहेगी। गोमतीनगर के विशालखंड-एक व चार में मंगलवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली गुल रहेगी। इसके अलावा विजयखंड व उजरियावं में दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। गोमती नगर विस्तार सेक्टर-पांच में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली गुल रहेगी। जानकीपुरम विस्तार उपकेंद्र दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक बिजली गुल रहेगी।



महानगर सुभाष पार्क उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे गोल मार्केट, वायरलेस चौराहा व सेक्टर-बी महानगर प्रभावित रहेगा। आईटीआई उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे बनारसी टोला, मेहंदी टोला, विष्णुपुरी कॉलोनी, चर्च रोड प्रभावित रहेगा। जीएसआई उपकेंद्र सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक बंद रहेगा। इससे ताड़ीखाना, श्रीनगर कॉलोनी, कृष्णलोक कॉलोनी, मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन, पलटन छावनी प्रभावित रहेगी। प्रियदर्शनी कॉलोनी में उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बंद रहेगा।

इससे यश नगर, सिन्हा कॉलोनी प्रभावित रहेगी। वृंदावन सेक्टर-तीन उपकेंद्र सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बंद रहेगा। इससे सेक्टर-1,2,3,4, गैलेक्सी हाईट्स, इंद्रप्रस्थ, गोल्ड स्टार होम, गोल्ड स्टार, रॉयल स्टेट, एल्डिको सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। पुरनिया उपकेंद्र के अंतर्गत सेक्टर-के, पी, एन, एम सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक बिजली गुल रहेगी। उतरेठिया उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे दुर्गापुरी, नई बस्ती, शारदा नगर, टेम्पो स्टैंड, अवध स्टेट, गांधी नगर, शिव विहार, रतीन्द्र नगर, स्वरूप नगर प्रभावित रहेगा।

## पीएम आवास योजना में यूपी को दो राष्ट्रीय पुरस्कार




**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** विश्व पर्यावास दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में उत्तर प्रदेश को दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लाभार्थी आधारित आवास निर्माण (बीएलसी) में स्वीकृत आवासों के सापेक्ष सर्वाधिक आवास पूर्ण करने पर यूपी को प्रथम स्थान मिला। वहीं, पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 में स्वीकृत आवासों के सापेक्ष सर्वाधिक प्रतिशत आवासों की ग्राउंडिंग कराने पर प्रदेश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने दोनों पुरस्कार प्रदान किए। उत्तर प्रदेश की ओर से सूडा निदेशक महेंद्र बहादुर सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किए। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी।

## बीएल संतोष ने सीएम के साथ की बैठक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में राज्यसभा और शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। राज्यसभा चुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि से एक दिन पहले सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष लखनऊ पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर मुलाकात कर राज्यसभा चुनाव के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में उम्मीदवारों के चयन के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की रणनीति और रोडमैप पर भी मंथन हुआ। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि छह अक्टूबर है। ऐसे में भाजपा जल्द ही अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर सकती है। मुख्यमंत्री से बैठक के बाद बीएल संतोष सीधे सुल्तानपुर रवाना हो गए, जहां भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोरखपुर और काशी प्रांत के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें आरएसएस के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, क्षेत्र प्रचारक अनिल, दोनों प्रांतों के प्रचारक तथा भाजपा की ओर से बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह शामिल रहे। बैठक में आगामी चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर संगठन की रणनीति को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई।



## आईटीआई प्रवेश का पांचवां चरण शुरू

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश के राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के पंचम चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिक्त सीटों के सापेक्ष अभ्यर्थी 06 से 11 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक ऑनलाइन आवेदन और विकल्प भर सकेंगे।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि पूर्व पंजीकृत लेकिन प्रवेश से वंचित अभ्यर्थी नए विकल्प भर सकेंगे। वहीं राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए नए अभ्यर्थियों को भी आवेदन का अवसर दिया गया है।




पहले प्रवेश लेकर नाम कटवा चुके अभ्यर्थी भी इस चरण में आवेदन कर सकते हैं। सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए शुल्क 300 रुपये, एससी-एसटी के लिए 250 रुपये और महिला अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपये निर्धारित है। रिक्त सीटों का जनपदवार, संस्थानवार और व्यवसायवार विवरण परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। संबंधित आईटीआई कार्यालय से भी जानकारी ली जा सकती है।

## कला केवल सृजन नहीं, व्यापक कैरियर क्षेत्र भी : प्रो. आलोक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

कला केवल सृजन तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार और कैरियर की व्यापक संभावनाओं वाला क्षेत्र है। कलाकार की पहचान निरंतर अभ्यास, स्वतंत्र सोच और प्रयोगशीलता से बनती है। यह बात कला एवं शिल्प महाविद्यालय के इंचार्ज प्रिंसिपल एवं कलाकार प्रो. आलोक कुमार कुशवाहा ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कही।

महाविद्यालय के हलदार हाल सभागार में कला, कलाकार के जीवन और ललित कला में कैरियर की संभावनाओं पर वीडियो प्रस्तुति एवं संवाद कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रो. कुशवाहा की कला-यात्रा पर आधारित साक्षात्कार की प्रस्तुति की गई।



उन्होंने कहा कि कलाकार बनने की यात्रा डिग्री पूरी होने के साथ खत्म नहीं होती। विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास के साथ समाज और आसपास के जीवन को समझते हुए अपनी विशिष्ट कला-भाषा विकसित करनी चाहिए।

कार्यक्रम में बताया गया कि ललित कला में चित्रकला, मूर्तिकला और प्रिंटमेकिंग के अलावा इलस्ट्रेशन, ग्राफिक डिजाइन, एनीमेशन, डिजिटल आर्ट, आर्ट क्यूरेशन, कला लेखन, पत्रकारिता, संग्रहालय एवं गैलरी प्रबंधन, कला संरक्षण और प्रदर्शनी डिजाइन में भी अवसर हैं। स्वतंत्र कला-प्रैक्टिस और प्रदर्शनियों के जरिए भी कैरियर बनाया जा सकता है।

विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा, प्रदर्शनियों और डिजिटल माध्यमों से जुड़े सवाल पूछे। प्रो. कुशवाहा ने जवाब दिए। कार्यक्रम में शिक्षक, कलाकार और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## शिक्षक भर्ती में आरक्षण विसंगति पर प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** 68500 सहायक अध्यापक भर्ती में आरक्षण विसंगति दूर करने और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश के अनुपालन की मांग को लेकर सोमवार को विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों ने आयोग के आदेश के अनुसार ओबीसी दिव्यांग अभ्यर्थियों का परिणाम संशोधित कर नियुक्ति देने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। धरने का नेतृत्व कर रहे तूफान सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे के बाद शिक्षा मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल की वार्ता प्रस्तावित है। इसके बाद आंदोलन की रणनीति तय होगी। अभ्यर्थियों का अनवरत धरना एक सितंबर से ईको गार्डन में चल रहा है।

## वर्षों से नियमावली के इंतजार में सफाई कर्मी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश के 1,01,688 ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारियों की 18 साल से लंबित मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि पांच अक्टूबर को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के साथ हुई वार्ता में आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने मुख्यमंत्री से हुई बातचीत और समस्याओं के शीघ्र समाधान के आश्वासन की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 में 1,08,848 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हुई थी। वर्तमान में 1,01,688 कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन अब तक उनकी सेवा नियमावली नहीं बनाई गई है। 29 मई 2026 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेवा नियमावली बनाने और प्रत्येक विकासखंड में दो स्वच्छता निरीक्षक पद सृजित करने का निर्णय लिया गया था। प्रदेश के 826 विकासखंडों में इससे 1,652 पद बनेंगे। संघ ने इन निर्णयों को तत्काल लागू करने की मांग की है।



### राजनीतिक दलों से मिलेगा उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात का एक व्यापक अभियान चलाएगा। परिषद की ओर से सभी राजनीतिक दलों के समक्ष यह मांग रखी जाएगी कि वे अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट रूप से यह संकल्प लें कि सरकार बनने पर बिजली निगमों के निजीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा अथवा बिजली व्यवस्था को सार्वजनिक क्षेत्र में रखते हुए उसे और मजबूत किया जाएगा।

**समस्या** | उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को मिलेगी नई उड़ान

# यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में विकसित होगी इंटरनेशनल ट्रेड सिटी

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होगा औद्योगिक विकास

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने और प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को देश-दुनिया के बाजार से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में चीन की यीवू इंटरनेशनल ट्रेड सिटी की तर्ज पर इंटरनेशनल ट्रेड सिटी विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। हाल में संपन्न यीडा की बोर्ड मीटिंग में इस परियोजना की परिकल्पना की गई है। प्रस्तावित सिटी को व्यापार, उद्योग और निर्यात के एक नए वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की योजना है।



राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड सिटी के माध्यम से क्षेत्र के औद्योगिक उत्पादों को एक ऐसा संगठित और स्वीकृत बाजार उपलब्ध होगा, जहां उत्पादों का प्रदर्शन, बिक्री और निर्यात एक ही प्लेटफॉर्म से किया जा सकेगा। इससे स्थानीय उद्यमियों और औद्योगिक इकाइयों को नए खरीदारों तक पहुंच बनाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अवसर प्राप्त होंगे। सरकार की औद्योगिक नीति का प्रमुख लक्ष्य उत्तर प्रदेश को केवल बड़े निवेश का केंद्र बनाना ही नहीं, बल्कि यहां तैयार होने वाले उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना भी है। इंटरनेशनल ट्रेड सिटी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है। प्रस्तावित इंटरनेशनल ट्रेड सिटी में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े औद्योगिक उत्पादों के लिए व्यवस्थित बाजार और प्रदर्शन की सुविधा विकसित किए जाने की परिकल्पना है। इससे उत्पादकों को अपने उत्पाद सीधे देश-विदेश के खरीदारों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। साथ ही निर्यातकों और संभावित विदेशी खरीदारों के बीच व्यावसायिक संपर्क बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। चीन के यीवू इंटरनेशनल ट्रेड सिटी को दुनिया के प्रमुख थोक व्यापार केंद्रों में गिना जाता है, जहां बड़ी संख्या में उत्पादों के लिए एक संगठित बाजार उपलब्ध है। इसी अवधारणा को ध्यान में रखते हुए यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में प्रस्तावित इंटरनेशनल ट्रेड सिटी को विकसित करने की दिशा में पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य एक ऐसा वन-स्टॉप ट्रेडिंग डेस्टिनेशन तैयार करना है, जहां विभिन्न औद्योगिक उत्पादों के प्रदर्शन, कारोबार और संभावित निर्यात के लिए सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। इंटरनेशनल ट्रेड सिटी का सबसे महत्वपूर्ण लाभ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्थानीय उद्यमियों को मिल सकता है।

### जेवर एयरपोर्ट व औद्योगिक कॉरिडोर का मिलेगा लाभ

यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचे के बीच इंटरनेशनल ट्रेड सिटी की परिकल्पना को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विस्तार ले रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी भविष्य में व्यापार और लॉजिस्टिक्स की संभावनाओं को मजबूत करने वाला प्रमुख आधार बन सकता है। एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी, औद्योगिक क्षेत्रों और एयर कार्गो जैसी सुविधाओं के विकास से उत्पादों की आवाजाही और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार के साथ नई औद्योगिक इकाइयों और निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# विधायक अरविंद सिंह ने आपदा में मृतकों के परिजनों को बांटे 28 लाख के चेक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



ददरौल विधानसभा क्षेत्र में आपदा के दौरान पानी में डूबने और दीवार गिरने से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए विधायक अरविंद कुमार सिंह ने संवेदना दिखाते हुए मदद का हाथ बढ़ाया। सोमवार को विधायक ने अपने आवास पर सात मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शासन की ओर से 4-4 लाख रुपये के हिसाब से कुल 28 लाख रुपये के चेक वितरित किए। इस दौरान कई परिजन भावुक होकर रो पड़े। विधायक ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और वह स्वयं उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार को भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो तो वे उन्हें फोन करें, वह खुद उनके घर पहुंचकर मदद करेंगे। सहायता पाने वालों में बिट्टू देवी, रजनी प्रजापति, प्रीति देवी, पुष्पा देवी, रेशमा कश्यप, सोमवती वर्मा और सुषमा वर्मा शामिल हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रशांत कुमार, कानूनगो विवेक चतुर्वेदी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सांड के हमले में वृद्ध घायल

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर में सोमवार तड़के आवारा गोवंश के हमले में 55 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। चंद्रभान मिश्रा के अनुसार, वह सुबह करीब तीन बजे पेशाब करने के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान घर के बाहर घूम रहे एक सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में आवारा गोवंश का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। करीब एक सप्ताह पूर्व गांव की सावित्री देवी पर भी आवारा गोवंश ने हमला कर दिया था। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने आवारा गोवंश को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए रवाना

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



जागृति ग्रुप फाउंडेशन द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में चिन्हित किए गए मोतियाबिंद के मरीजों को सोमवार को निःशुल्क बस के माध्यम से मोहम्मदी स्थित डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनके मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। संस्था द्वारा मरीजों के लिए आने-जाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को उपचार प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराने की दिशा में जागृति ग्रुप फाउंडेशन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर एडमिन उषा मिश्रा, अध्यक्ष निधि बहल, सचिव एवं मीडिया इंचार्ज रिद्धि बहल तथा कार्यक्रम प्रभारी रेनू अग्रवाल सहित जागृति परिवार के सदस्यों ने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## जानलेवा हमले में दो को पांच-पांच साल की कैद

**शाहजहांपुर।** जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय ने दो सगे भाइयों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास और बीस-बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद दिलाई गई है। घटना थाना कांट क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी

**▸ ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कांट पुलिस की पैरवी से मिली सजा**

पूर्वी की है। 28 जून 2021 को सीता देवी ने तहरीर देकर बताया था कि पुरानी रंजिश को लेकर रामसिंह और कल्लू पुत्र रतनलाल ने उनके पति पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में भेजा था। मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन विभाग ने सात गवाहों को पेश कर मजबूत पैरवी की, जिसके आधार पर एडीजे-04 न्यायालय ने दोनों को दोषी ठहराया।

# बाढ़ पीड़ित 644 किसानों को 25 लाख की राहत राशि, खातों में पहुंचा अनुदान

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद शाहजहांपुर।**




बाढ़ से फसल नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए राहत भरी खबर है। तहसील मुख्यालय पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम मधुसूदन गुप्ता और भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किसानों को चेक सौंपे। एसडीएम ने बताया कि अब तक 644 बाढ़ पीड़ित किसानों के बैंक खातों में लगभग 25 लाख रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जा चुकी है। सर्वे का कार्य अभी भी तेजी से जारी है और पात्र पाए जाने वाले अन्य किसानों को भी जल्द सहायता राशि दी जाएगी।

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे आवश्यक अभिलेख समय पर उपलब्ध कराकर सर्वे में सहयोग करें, ताकि कोई पात्र किसान छूट न जाए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण विनोद कुमार अग्निहोत्री सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हिंदू देवी-देवताओं के नाम व चित्रों के अनुचित उपयोग का आरोप

**समृद्धि न्यूज, तिलहर/शाहजहांपुर**

हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष रामलखन कुशवाहा ने हिंदू देवी-देवताओं के नाम व चित्रों का अनुचित उपयोग कर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में बताया कि क्षेत्र में श्री गणेश बैंड नाम से वितरित किए जा रहे व्यापारिक कार्ड पर भगवान श्री गणेश की तस्वीर व नाम अंकित है। वहीं एक बोर्ड पर आदमी के फोटो के पैरों के नीचे श्री राम लिखा है।

**▸ युवा वाहिनी जिला उपाध्यक्ष ने दी तहरीर**

कार्ड पर मालिक के रूप में इरफान, मास्टर राशिद, आरिफ आदि नाम और संपर्क नंबर दर्ज हैं ब पता बालाजी बैंकेट हॉल के सामने स्टेशन रोड लिखा है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रचार के लिए देवी-देवताओं के नाम व चित्रों के इस प्रकार उपयोग से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बेवा ने लगाया जेठ पर कब्जा करने का आरोप, न्याय के लिय डीएम से लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



थाना रोजा क्षेत्र के हथौड़ा बुजुर्ग निवासी विधवा महिला द्रोपदी पत्नी स्व. रिशिकान्त ने अपने जेठ पर मकान पर जबरन कब्जा करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति की मृत्यु वर्ष 2021 में हो चुकी है। आरोप है कि वह अपने मकान में रह रही थी, लेकिन 7 सितंबर 2026 को रिश्तेदारी से वापस लौटने पर मकान का ताला बाहर से लगा मिला। महिला के मुताबिक अंदर जाकर देखा तो मकान की पीछे की दीवार तोड़कर सामान निकाल लिया गया था। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि उसके जेठ भगवानदीन और उनकी पत्नी अनीता समेत अन्य लोगों ने मकान पर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। महिला का कहना है कि इसके बाद से वह रिश्तेदारी में रहने को मजबूर है और मकान के मुख्य गेट पर भी ताला लगा दिया गया है। पीड़िता के अनुसार उसने 8 सितंबर को थाना रोजा, 17 सितंबर को पुलिस अधीक्षक तथा 19 सितंबर को तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को दोबारा शिकायती पत्र देकर राजस्व विभाग की टीम व पुलिस प्रशासन से मकान को कब्जा मुक्त कराने, दीवार हटवाने तथा आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि उसे लगातार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है और जान का खतरा बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**तिलहर/शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को दोपहर लगभग दो बजे ग्राम खिरियामाल निवासी 28 वर्षीय मैगनेश पुत्र जयपाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, दो गंभीर

**तिलहर/शाहजहांपुर।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें बाइक सवार और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम ग्राम बरुआ निवासी 40 वर्षीय रामखिलावन अपने साथी 45 वर्षीय पूरनलाल के साथ बाइक से राजनपुर से अपने ग्राम बरुआ जा रहे थे। इसी दौरान अंधेरे में दिखाई न देने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### शॉर्टसर्किट से चोटी कारखाने में लगी आग



**मीरानपुर कटरा (शाहजहांपुर)।** केफीलनगर गांव में बीती रात करीब 11:30 बजे चोटी के थोक विक्रेता दुर्गेश कुमार के कारखाने में आग लग गई। शॉर्टसर्किट को आग लगने का शुरुआती कारण बताया जा रहा है। बांस के ढेठर से बने इस कारखाने में आग तेजी से फैली और देखते ही देखते लपटें उठने लगीं। आग की चपेट में आने से बिजली का मीटर भी पूरी तरह जल गया।कारखाने में लाखों रुपये की तैयार चोटियां रखी थीं, जो जलकर राख हो गईं। रात में आग की लपटें देखकर गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने एकजुट होकर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। उनकी कोशिश से आग को आसपास फैलने से रोक लिया गया। इस घटना से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

### ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रगति चौहान प्रथम



**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेठ सियाराम इंटर कॉलेज में मेरे सपनों का भारत विषय पर ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आचार्य राममोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रगति चौहान ने प्रथम और पंखुरी शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने विजयी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया सांकेतिक प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, सिधौली, शाहजहांपुर।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में तैनात संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शासन से संविदा कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने तथा राज्य कर्मचारियों की तरह दर्जा दिए जाने की मांग की। टीवी सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष संजीव यादव के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। कर्मियों ने सरकार से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान किए जाने की मांग की। संविदा कर्मियों ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 6, 7 और 8 अक्टूबर को सभी कर्मी काली पट्टी बांधकर अपने कार्यस्थल पर सांकेतिक रूप से कार्य करेंगे। इसके बाद 8, 9 और 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मांगों का समाधान नहीं होने पर 12 अक्टूबर को लखनऊ कूच कर वहां धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। कर्मियों ने कहा कि वे स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न सेवाओं में लगातार जिम्मेदारी निभा रहे हैं, इसलिए उनके साथ भेदभाव समाप्त कर समान वेतन और राज्य कर्मचारियों के समान दर्जा दिया जाना चाहिए। इस दौरान प्रदीप यादव, सुबोध कुमार, अनुराग, डॉ. संध्या पाठक, सौरभ गंगवार, चंद्रेश कुमार, आशीष कुमार, आसिफ खां सहित कई संविदा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## आशा कार्यकर्ताओं का चौथे दिन भी धरना जारी



**सिधौली, शाहजहांपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार से मानदेय बढ़ाने के साथ ही उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की। धरने में आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से उनका विभिन्न मदों का भुगतान बकाया है, जिसे जल्द से जल्द दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित मानदेय नहीं मिल पा रहा है। कार्यकर्ताओं ने बकाया भुगतान कराने, मानदेय में वृद्धि करने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनकी कुल 20 सूत्रीय मांगें हैं। इन मांगों को लेकर प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 5 अक्टूबर और 23 अक्टूबर को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने सरकार से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाधान कराने की अपील की। इसके साथ ही संगिनी कार्यकर्ताओं ने भी मानदेय वृद्धि और स्कूटी दिलायी जाने की मांग की । धरना-प्रदर्शन में प्रिया मिश्रा, गीता देवी, रुचि गुप्ता, शिवानी, रेशमा, सरिता देवी, सीमादेवी, संजू रानी, रीना तिवारी,मीरा देवी, रेनू देवी, प्रीति देवी, ओमककान्ती देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, रेखा रानी, मीना देवी, रविता देवी, अनीता देवी, शशि प्रभा, राम कुमारी सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

**मानदेय बढ़ाने और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग**

# एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**▸ महिला सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी**

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भावलखेड़ा क्षेत्र में रोजा थाना पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

टीम ने छात्राओं को बताया कि छेड़छाड़, अभद्रता, पीछा करने अथवा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की घटना होने पर बिना किसी संकोच के तत्काल पुलिस को सूचना दें। विद्यालयों एवं आसपास के संवेदनशील स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और युवकों की चेकिंग भी की गई। छात्राओं की सुरक्षा को लेकर टीम ने सतर्कता बरतते हुए उन्हें किसी भी असहज स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी।

इस दौरान छात्राओं को वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी आवश्यक सावधानियां बताई गईं। टीम ने छात्राओं से अपील की कि किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि अथवा महिला संबंधी अपराध की जानकारी होने पर उसे नजरअंदाज न करें और तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने आश्वस्त किया कि सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान महिला उपनिरीक्षक पूनम दहिया, जयदेव सिंह, महिला कांस्टेबल अंजली और मेघा मौजूद रहीं।

# सर्व समाज हिताय मोर्चा की बैठक में संगठन का विस्तार, कई पदाधिकारी मनोनीत



**शाहजहांपुर।** सर्व समाज हिताय मोर्चा की एक बैठक ग्राम रावतपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाफिज मोहम्मद मुबीन ने की, जबकि संचालन परवेज अली ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मनमोहन मिश्रा ने कमेटी गठन का प्रस्ताव रखा, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद नबी आजाद ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इस दौरान संगठन के विभिन्न पदों पर मनोनयन किया गया। मोहम्मद अजीम को राष्ट्रीय सचिव, मोहम्मद आकिल को मंडल अध्यक्ष बरेली, जलालुद्दीन सिद्दीकी को जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर, मोहम्मद मुबीन को जिला उपाध्यक्ष और फैज कुरैशी को युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र देकर जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मोहम्मद इमरान, नासिर एडवोकेट, दीपक वर्मा, मोहम्मद कामरान, रिजवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लखनऊ फॉल्कन्स बनी यूपी दिव्यांग टी-20 लीग विजेता, कांट के कोच अभिषेक ने रचा इतिहास

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**



उत्तर प्रदेश टी-20 दिव्यांग लीग में लखनऊ फॉल्कन्स ने इतिहास रचते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में लखनऊ ने मेरठ की टीम को 17 रन से हराया। मैच में लखनऊ फॉल्कन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 155 रन बनाए। जवाब में मेरठ की टीम 138 रन ही बना सकी। टीम के कोच कांट के मोहल्ला गढ़ी पश्चिमी निवासी अभिषेक हैं, जो आयुष स्पोर्ट्स अकादमी का संचालन करते हैं। अभिषेक ने बताया कि उनकी टीम में पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे, जो भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। इनमें राधिका यादव (यूपी), आकाश (मुंबई), योगेंद्र भदौरिया (मध्य प्रदेश), शिवा शंकर (कर्नाटक), चिंटू चौधरी (यूपी) और पवन (हरियाणा) शामिल हैं। अभिषेक की इस सफलता पर अकादमी के बच्चों और नगर में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावक संजीव मिश्रा उर्फ छोटे लल्ला एवं अर्चना मिश्रा को दिया। जीत पर वॉलीबाल कोच हिमांशु गुप्ता, राममुरारी मिश्रा, आनंद पाठक, मनोज यादव, बिरजू मिश्रा और अमित मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया।

# ओसीएफ रामलीला का नौ अक्टूबर से होगा मंचन

**▸ 59वें पारंपरिक उत्सव को लेकर जीएम ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**

**▸ 21 को रावण वध और पुतला दहन**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




आर्डिनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री (ओसीएफ) में 59वें पारंपरिक उत्सव के तहत रामलीला का मंचन नौ अक्टूबर से शुरू होगा। रामलीला का मंचन 22 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि 30 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर फैक्ट्री के मुख्य महाप्रबंधक एवं समिति के मुख्य संरक्षक श्रीकांत एस. डोईफोड़े ने क्लब हॉल में प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की।

जीएम ने बताया कि ओसीएफ की रामलीला दूर-दराज के क्षेत्रों में भी अपनी पहचान रखती है। रामलीला का मंचन प्रतिदिन शाम सात से रात 10 बजे तक होगा। 21 अक्टूबर को रावण वध के साथ पुतला दहन किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए और प्राप्त सुझावों को भी नोट कराया। मेले में झूलों के रेट में मनमानी और अंतिम दिनों में साइकिल स्टैंड पर अतिरिक्त शुल्क वसूली के सवाल पर जीएम ने बताया कि इस बार विजिलेंस टीम सक्रिय रहेगी। मेला मैदान के चारों तरफ पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। समिति की ओर से तीन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, जो आवासीय क्षेत्र में नहीं होगी। समिति के महासचिव एवं उप महाप्रबंधक ऋषि बाबू तथा सूचना एवं प्रचार समिति के अध्यक्ष एचएल कुमावत ने सुरक्षा, पेयजल और शौचालय समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेले की निगरानी सीसीटीवी कैमरों, वॉच टावर और ड्रोन के माध्यम से की जाएगी। रामलीला मंचन का सीधा प्रसारण भी होगा। मेडिकल कैंप में एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। झूला संचालकों को सुरक्षा संबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद ही झूले संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। प्रेसवार्ता का संचालन गोविंद कृष्ण वाजपेई ने किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एवं अपर महाप्रबंधक एसएस मीणा, उप महाप्रबंधक प्रकाश प्रभाकर, उप महाप्रबंधक दीपक, अपर महासचिव मदन मोहन त्रिपाठी, सचिव बलवीर सिंह, विनीत श्रीवास्तव, राजकमल शर्मा समेत समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला मरीज की मौत पर निजी अस्पताल में हंगामा

- परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप
- अस्पताल के कर्मचारियों को पीटा, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



शहर के एक निजी अस्पताल में सोमवार सुबह महिला मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के एक कर्मचारी को बाहर पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। हंगामे के दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और लोगों को समझाकर शांत कराया।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मदजई निवासी पवन ने अपनी पत्नी नेहा को बुखार आने पर रविवार सुबह अंटा चौराहा स्थित शेखर अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि मरीज की हालत बिगड़ने के बावजूद समय पर उचित उपचार नहीं दिया गया। परिजनों के मुताबिक, उन्होंने डॉक्टर से मरीज को देखने के लिए कहा तो करीब 11 बजे के बाद बोतल चढ़ाने को कहा गया। साथ ही ठंडा पानी न पिलाने की सलाह दी गई। हालांकि उस समय मरीज का शरीर ठंडा पड़ चुका था। रात में हालत और बिगड़ने पर डॉक्टर ने वेंटिलेटर की जरूरत बताई और इसके लिए 10 हजार रुपये मांगे। साथ ही मरीज को बरेली ले जाने की बात कही गई। परिजनों का आरोप है कि सोमवार सुबह डॉक्टर ने नेहा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। इसी दौरान उन्होंने अस्पताल के एक कर्मचारी को बाहर पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। कर्मचारी किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा तो आक्रोशित लोगों ने उसका पीछा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को रोकते हुए स्थिति को संभाला। परिजनों का कहना है कि मरीज के कान और मुंह से खून आ रहा था। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से इसका कारण पूछा, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है। हालांकि अस्पताल की ओर से लगाए गए आरोपों के बारे में अभी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# सीएमओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

- व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिये निर्देश

**समृद्धि न्यूज, तिलहर/शाहजहांपुर।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने सीएचसी काऔचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए रंगाई-पुताई के कार्य का अवलोकन किया।

सीएमओ ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के सानिध्य में इमरजेंसी , जच्चा-बच्चा वार्ड तथा मरीजों के वार्डों का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डॉ. ओमेंद्र राठौर, डॉ. कमरुज्जमा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के बाद सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि फिलहाल अस्पताल की व्यवस्थाएं ठीक हैं, हालांकि कुछ कमियां भी सामने आई हैं। इन कमियों को जल्द दूर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## खबरें एक नजर में

### पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज व मारपीट, दो नामजद

**तिलहर/शाहजहांपुर।** पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए एक व्यक्ति के साथ लाठी व सरिया से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खानपुर कोयला पट्टी निवासी प्रीतिदेवी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पति सुरजीत सिंह 17 सितंबर 2026 को रात करीब नौ बजे खेत देखकर मोटरसाइकिल से अपने घर वापस आ रहे थे। तभी पुरानी रंजिश के चलते मोहित सिंह उर्फ लल्लू पुत्र राजाराम और राजाराम पुत्र विश्राम सिंह निवासी उपरोक्त ने अपने घर के दरवाजे के सामने सड़क पर गाली-गलौज करते हुए उन्हें रोक लिया। आरोप है कि मोहित ने सरिया और राजाराम ने लाठी से उनके साथ मारपीट की, जिससे सुरजीत सिंह के सिर, कान और शरीर पर खुली व गुम चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर पीड़िता मौके पर पहुंची, तभी दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किसान के खेत में निकला 15 फीट का अजगर



**लखीमपुर, खीरी।** दुबहा गांव में किसान रेशम सिंह के खेत में सोमवार को 15 फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। खेत में काम कर रहे लोगों ने अजगर देखा तो शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन दरोगा अखिलेश रावत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन कर्मी अक्षय मौर्य, राजन व गुरुदेव मिश्रा ने काफी मशक्कत के बाद अजगर का रेस्क्यू किया। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली वन टीम ने अजगर को सुरक्षित पकड़कर सिंगाही जंगल में छोड़ दिया। वन दरोगा ने बताया कि अजगर को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया है और ग्रामीणों से अपील की गई है कि वन्यजीव दिखने पर खुद प्रयास न करें, वन विभाग को सूचना दें।

### दुकान चोरी का खुलासा: 27,210 रुपये के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बीसलपुर।** दुकान से हजारों रुपये चोरी होने की घटना में बीसलपुर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने तालिब पुत्र महमूद बख्श निवासी ग्राम ग्यासपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 27,210 रुपये बरामद किए हैं। बरामदगी के बाद पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। पटेलनगर निवासी वेदप्रकाश पुत्र मोतीराम ने दुकान से रुपये चोरी होने की शिकायत पुलिस से की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 30 सितंबर को मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी थी। घटना के बाद से पुलिस टीम आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी थी। विवेचना के दौरान पुलिस को मिले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी तालिब को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं पुलिस कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से चोरी की रकम 27,210 रुपये बरामद हुई। चोरी की रकम बरामद होने के बाद पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की। इसके बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हिमांशु चौधरी, हेड कांस्टेबल शकील अहमद, कांस्टेबल मोहित सिंह और कांस्टेबल दीपक शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी समेत अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी है।

### 6500 रुपये के विवाद में शिवम की हत्या, तीन दोस्त गिरफ्तार



**पीलीभीत (बीसलपुर)।** पीलीभीत के बीसलपुर में रुपये के लेनदेन को लेकर दोस्तों द्वारा अपने साथी शिवम शर्मा (28) की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने शिवम को शराब पिलाने के बाद पनघेली नदी के किनारे उसका गला घोंट दिया और शव को नदी में फेंक दिया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी शिवम शर्मा 21 सितंबर को लापता हुआ था। काफी तलाश के बाद उसकी मां बिंद्रो देवी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस लगातार शिवम की तलाश में जुटी थी। 2 अक्टूबर को बरेली क्षेत्र की पनघेली नदी से शिवम का शव बरामद हुआ। पुलिस की जांच और पूछताछ में सामने आया कि शिवम पर आरोपी रजनीश के 6,500 रुपये बकाया थे। वहीं आरोपी मिथुन का भी शिवम से पुराना विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इसी रुपये के लेनदेन और पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने शिवम को रास्ते से हटाने की साजिश रची। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पहले शिवम को शराब पिलाई। इसके बाद उसे पनघेली नदी के किनारे ले जाया गया, जहां गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक और प्लास्टिक का कट्टा भी बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 अक्टूबर को रजनीश उर्फ सतेंद्र कुमार और हरीश कुमार को गिरफ्तार किया, जबकि तीसरे आरोपी मिथुन को 5 अक्टूबर को पुलिस ने पकड़ लिया था।

# मिर्ज़ापुर क्षेत्र के कोलाघाट पुल से रामगंगा में कूदे मानसिक रोगी का शव 24 घंटे के बाद एसडीआरएफ ने किया बरामद

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**



- सादिकपुर में रामगंगा के सहायक नाले पर बने पुल से बहे युवक का 27 घंटे बाद भी नहीं मिला

रविवार को रामगंगा की बाढ़ में क्षेत्र के दो युवक एक रामगंगा और दूसरा रामगंगा के सहायक नाले में समा गए थे। इनमें कोलाघाट पुल से रामगंगा में कूदे 38 वर्षीय सुनील कुशवाहा का शव एसडीआरएफ टीम के मुखिया इंस्पेक्टर शिवकली दुर्वे बताया कि घटना स्थल से लगभग छेह किलोमीटर दूर रामगंगा नदी से शव मिला है। जलालाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं ग्राम सादिकपुर जैतपुर में रामगंगा के सहायक नाले में बिना रेलिंग के पुल से बहे गांव के दीपू यादव की तलाश में पीएसी की फ्लड यूनिट 27 घंटे बाद भी तलाश नहीं कर पाई है। ग्राम प्रधानपति अनुराग कुशवाहा ने बताया कि दीपू की तलाश में प्राइवेट गोताखोरों के साथ ही पीएसी की फ्लड यूनिट लगी हुई है। किंतु नाले में जलकुंभी अधिक होने से तलाश नहीं हो पा रही है। ग्रामीण जलकुंभी हटाने में लगे हुए हैं। बता दें कि रविवार सांय करीब साढ़े तीन और चार बजे के बीच दोनों घटनाएं हुईं थीं। क्षेत्र के ग्राम राजेरायपुर निवासी मानसिक रूप से बीमार 38 वर्षीय सुनील कुशवाहा पुत्र रामनरेश अपने भतीजे अतुल के साथ बाइक से दवा लेकर लौट रहा था। रास्ते में झाड़फूंक के चक्कर में अतुल ने किसी ओझा के कहने पर एक नारियल खरीदा और कोलाघाट पुल पर आकर रामगंगा में नारियल बहाने के लिए रुका। तभी सुनील पुल की रेलिंग पर चढ़कर उफनाती रामगंगा में कूद गया था। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर डायल 112 पुलिस के साथ ही थाना जलालाबाद और मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार को सूचना देकर एसडीआरएफ टीम भेजने का अनुरोध किया। सोमवार सुबह एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और लगभग 24 घंटे के अंदर सुनील कुशवाहा का शव बरामद कर लिया है। उधर मिर्जापुर थाना के ग्राम सादिकपुर जैतपुर में रामगंगा के सहायक नाले के पुल पर चल रहे बाढ़ के पानी के तेज बहाव में 26 वर्षीय दीपू यादव पुत्र राममूर्ति बह गया था। घटना की सूचना पर पीएसी फ्लड यूनिट सोमवार सुबह मौके पर पहुंची। किंतु नाले में जलकुंभी अधिक होने की बजह से फ्लड यूनिट रेस्क्यू नहीं कर पा रही है। नाले में बहे दीपू के परिजन और रिश्तेदार जलकुंभी हटा रहे हैं। जहां जलकुंभी हट जाती है,पीएसी फ्लड यूनिट मोटर बोट से दीपू की तलाश करती है।

# अकबरी में कल होगा अज़ीमुश्शान जलसे का आयोजन

- देशभर के मशहूर उलेमा होंगे शामिल

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के ग्राम अकबरी में आगामी 7 अक्टूबर 2026 को अज़ीमुश्शान जलसे का आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित होने वाले जलसे को लेकर आयोजकों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। जलसे में देश के विभिन्न हिस्सों से मशहूर उलेमा, खतीब और सज्जादानशीन शिरकत करेंगे। आयोजकों के अनुसार जलसे में ख़ानक़ाह बरकातिया, मारहरा शरीफ के सज्जादानशीन हुज़ूर सैय्यद अमीन मियां क़ादरी बरकाती तथा हुज़ूर सैय्यद मोहम्मद अमान मियां क़ादरी बरकाती विशेष रूप से तशरीफ लाएंगे। इसके अलावा मालेगांव से हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ खतीब हज़रत अल्लामा सैय्यद अमीनुल क़ादरी साहब, कर्नाटक से बुलबुल-ए-बाग़-ए-मदीना हज़रत मोईन क़ादरी साहब और बरेली शरीफ से हज़रत मुमताज़ बरकाती साहब भी जलसे में शिरकत करेंगे। जलसे में उलेमा-ए-किराम द्वारा लोगों को धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक कमेटी द्वारा जलसे में आने वाले लोगों की सुविधा को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन कमेटी ने क्षेत्र के अलावा आसपास के गांवों के लोगों से भी अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में जलसे में पहुंचकर शिरकत करें और कार्यक्रम की रौनक बढ़ाएं। कमेटी की ओर से जलसे को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई है।

# भावलखेड़ा में पीडीए चौपाल का आयोजन वोट चोरी का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज़, भावलखेड़ा शाहजहांपुर।**



वोट बचाओ-प्रदेश बचाओ अभियान के तहत ग्राम पंडरा सिकंदरपुर में पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फौजी तेजपाल यादव ने किया, जबकि अध्यक्षता शौकीन नागर ने की। शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई।? इस मौके पर नीरज मिश्रा ने कहा कि चुनाव आयुक्त भाजपा के इशारे पर सपा और विपक्ष के समर्थकों के वोटों में हेराफेरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक अधिकार छीनकर तानाशाही लाने का प्रयास है, जिसका सपा कार्यकर्ता डटकर विरोध करेंगे। 2027 में भाजपा को हराकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। इस दौरान धनपाल नागर, अनीश यादव, अयान खान, रियाज खान, अनुज शुक्ला, शुभम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# पलिया में एआरटीओ का बड़ा अभियान, तीन बसें और ट्राला सीज

- परिवहन विभाग की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप
- सड़कों से गायब रहे डग्गामार वाहन

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर।**



परिवहन विभाग ने यातायात नियमों के अनुपालन और अवैध रूप से संचालित वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए पलिया कलां क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया। अभियान के दौरान एआरटीओ की टीम ने तीन बसों समेत एक ट्रक/भूसी ट्राला को सीज कर दिया। अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों और डग्गामार वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया। परिवहन विभाग की टीम ने अभियान के दौरान यूपी 85 एफटी 9284 (शेर छाप), यूपी 31 एटी 1517 (न्यू कश्यप ट्रैवल्स), एआर 01 वी 1152 (राधेश्याम ट्रैवल्स) समेत यूपी 21 सिटी 7156 (भूसी ट्राला) को कार्रवाई की जद में लेते हुए सीज किया। एआरटीओ की कार्रवाई की सूचना फैलते ही क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर वाहन संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई वाहन चालकों ने अपने वाहनों को सड़क से हटाना शुरू कर दिया। वहीं, नियमित रूप से यात्रियों को ढोने वाले डग्गामार वाहनों की मौजूदगी भी अभियान के दौरान काफी कम दिखाई दी।

**कार्रवाई से डग्गामार वाहन संचालकों में मचा हड़कंप:** स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से कई ऐसे वाहन संचालित होने की शिकायतें सामने आती रही हैं, जिनके संचालन को लेकर परिवहन नियमों के पालन पर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में परिवहन विभाग की कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि अभियान को केवल एक दिन तक सीमित न रखते हुए पलिया-निघासन, पलिया-संपूर्णानगर और पलिया-दुधवा मार्गों समेत प्रमुख ग्रामीण मार्गों पर भी लगातार चलाया जाए, ताकि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

**लगातार अभियान चलाने की उठी मांग:** एआरटीओ की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज हो गई कि यदि परिवहन विभाग इसी तरह नियमित रूप से अभियान चलाता रहा तो बिना मानकों के संचालित होने वाले वाहनों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि ओवरलोडिंग, बिना आवश्यक दस्तावेजों के संचालन, परमिट और फिटनेस नियमों की अनदेखी तथा यात्री सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण हो सके।

### रपटा पुल पार करते समय मजदूर उल्ल नदी में बहा

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में रामापुर-जुलाहनपुरवा के बीच उल्ल नदी पर बने रपटा पुल पर सोमवार सुबह हादसा हो गया। लखपेड़ागंज निवासी जाबिर अली (32) पुत्र मोहम्मद नबी सुबह करीब आठ बजे साइकिल से मजदूरी के लिए लखीमपुर जा रहा था। रपटा पुल पार करते समय तेज बहाव में संतुलन बिगड़ने से वह साइकिल सहित नदी में बह गया। हादसे की जानकारी मिलते ही रामापुर चौकी प्रभारी अबलीश पंवार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बाढ़ राहत टीम के साथ गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू कराई। बहाव तेज होने के कारण अभियान में परेशानी हो रही है, जिसके बाद सीतापुर की द्वितीय बटालियन पीएसी की फ्लड टीम को भी बुलाया गया। पुलिस के मुताबिक नदी में पानी अधिक होने से तलाशी में दिक्कत आ रही है, फिर भी अभियान जारी है।

# आठ अक्टूबर से पूर्ण कार्य बहिष्कार

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने नियमितीकरण और समान कार्य-समान वेतन की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। पूर्व निर्धारित आंदोलन की रणनीति के तहत सोमवार को जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, टीबी अस्पताल, दोनों जिला अस्पतालों और सीएमओ कार्यालय में तैनात एनएचएम कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और अपना विरोध दर्ज कराया। यूनियन के जिलाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव और संरक्षक संजय राय ने बताया कि कोविड महामारी और टीकाकरण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं देने के बावजूद इन कर्मचारियों को उचित वेतन और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम देने के बाद अब कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन पर उतर आए हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में सभी संविदा कर्मियों का स्वास्थ्य विभाग में नियमितीकरण, समान कार्य-समान वेतन, 10 लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ता, ईपीएफ, एचआरए, अनुकंपा नियुक्ति और नियमित भर्तियों में 25फीसद कोटा निर्धारित करना शामिल है। सीएमओ कार्यालय कार्यकारिणी अध्यक्ष लाला सिंह ने बताया प्रदेश रणनीति के अनुसार 6 से 8 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताया जा रहा है, इसके बाद 8 से 10 अक्टूबर तक मुख्यालय पर शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार होगा तथा 12 अक्टूबर से लखनऊ में प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। इस दौरान डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ पूनम, डॉ अक्षत अग्रवाल, डीपीएम अनिल यादव, कुलदीप चौहान, विजज वर्मा, सचिन गुप्ता, अमित खरे, पद्माकर त्रिपाठी, शिप्रा वर्मा, अतुल वर्मा, नरेश, इंदू राज, अनुज प्रताप सिंह, देवेंद्र, रवी श्रीवास्तव, आलोक, देवनन्दन श्रीवास्तव, संतोष आनंद, सहित बड़ी संख्या में एनएचएम पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# साहित्य जगत की सजी महफिल में कविताओं की बही रसधार

**मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।**



कस्बा के एक रिसॉर्ट में कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि गोला नपाध्यक्ष रिंकू शुक्ला मोहम्मदी नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया संचालन डॉ गोविंद गुप्ता ने किया है। ब्रांड अम्बेसडर डॉ नीना पंत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया है।

आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य जगत की प्रतिभा दुबई से पधारी निशा गिरी, इंदौर से अंजुला सिंह, सपना साहू, हरियाणा से सोनिया अक्स, सीमा रंगा, नोएडा से नलिनी राज, पारुल अग्रवाल, गिरधर खरे, कुमार विकास, लखनऊ से सुधा मिश्रा, गीता और उत्तराखंड से ममता जोशी समेत 21 प्रतिभाओं ने अपनी अपनी रचनाओं से समा बांध दी है। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए ऐसे आयोजन साहित्य एवं सांस्कृतिक विरासत को ऊर्जा और पहचान दिलाते हैं, साहित्य समाज समृद्ध होता है और संस्कृति से संस्कार अतिथियों ने सभी प्रतिभाओं को केतकी साहित्य रत्न, और गोमती साहित्य रत्न से नवाजा हैं। व्यवस्थापक सचिन गुप्ता, प्रशांत सिंह, अखिलेश , रमेश गुप्ता, अंजू गुप्ता, खुशी पंत, शिवम राठौर तमाम लोग रहे हैं। कार्यक्रम की आयोजक डॉ गोविंद गुप्ता ने सभी का आभार जताया है।

# सपा की दो विधानसभा इकाइयों की मासिक बैठकों में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च की रणनीति पर मंथन

- वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च को सफल बनाने पर जोर

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**





समाजवादी पार्टी की 129 विधानसभा पूरनपुर और 128 विधानसभा बरखेड़ा इकाइयों की मासिक बैठक सोमवार को अलग-अलग आयोजित की गई। दोनों बैठकों में आगामी 8 अक्टूबर को पीलीभीत स्थित जिला कैंप कार्यालय से प्रस्तावित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च को सफल बनाने की तैयारियों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने और आगामी पार्टी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर पदाधिकारियों ने मंथन किया। दोनों विधानसभा क्षेत्रों की बैठकें अलग-अलग हुईं, लेकिन दोनों में मुख्य मुद्दा 8 अक्टूबर के मार्च की तैयारियां और संगठन को मजबूत करना रहा।

**पूरनपुर विधानसभा की बैठक में जिलाध्यक्ष ने दिया संगठन मजबूती का संदेश:** 129 विधानसभा पूरनपुर की मासिक बैठक में सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व विधायक अरशद खान विशिष्ट अतिथि रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की। बैठक में 8 अक्टूबर को प्रस्तावित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपने पर विचार हुआ।

**बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर:** सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने और लगातार जनसंपर्क करने की अपील की। बैठक में सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार 'राजू', समाजवादी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव अजय भारती, अशोक राजा, कमलेश कुमार पाल एडवोकेट, रेहान अंसारी, मो. रजा अंसारी और मोहित सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बरखेड़ा विधानसभा में भी मार्च की तैयारियों पर हुआ मंथन:** 128 विधानसभा बरखेड़ा की मासिक बैठक भी सोमवार को आयोजित हुई। इसमें सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार मुख्य अतिथि रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा एडवोकेट ने की। बैठक में 8 अक्टूबर को होने वाले 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी के साथ जुटने का आह्वान किया गया।

सोमवार को हुई दोनों विधानसभा इकाइयों की अलग-अलग बैठकों में 8 अक्टूबर के 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च को सफल बनाने और संगठनात्मक तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी, तिलहर (शाहजहांपुर)

**नीलाम सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कचियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर को हाइवे से अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किये जाने पर मंदिर के निकले मलवे यथा ईटा रोडा आदि को तहसील रोड पर स्थित पालिका के कम्युनिटी सेन्टर (शादी हाल) परिसर में एकत्र कराया गया था, जिसके निस्तारण हेतु उक्त मलवे की नीलामी दिनांक 7/10/26 को अपरान्ह 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय परिसर में की जानी है, जो सज्जन उक्त मलवे की नीलामी में बोली बोलना चाहते हैं वह नीलाम हेतु निर्धारित जमानत राशि रू. 2000/- नियत नीलाम तिथि से एक दिवस पूर्व अपरान्ह 5:00 बजे तक जमा कर वोटर आई.डी./आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सार्वजनिक बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने से पूर्व नीलाम संबंधी शर्तों एवं अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

**उपजिलाधिकारी**
**तिलहर।**

## भ्रामक इतिहास को सुधारने की पहल

इतिहास का पुनर्पाठ केवल अतीत को जानना नहीं, बल्कि आत्मबोध और भविष्य की दिशा तय करना भी है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नौवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक अंडरस्टैंडिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियांड भाग-दो में भारतीय इतिहास को देखने के दृष्टिकोण में किया गया बदलाव महत्वपूर्ण है। इसे केवल पाठ्यक्रम में कुछ नए प्रसंग जोड़ने तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। इतिहास की प्रस्तुति किसी भी समाज की सामूहिक स्मृति और उसके आत्मबोध को प्रभावित करती है। इसलिए यदि लंबे समय तक इतिहास का कोई पक्ष उपेक्षित रहा है तो उसका संतुलित पुनर्पाठ आवश्यक हो जाता है। मध्यकालीन भारत के अध्ययन में लंबे समय तक दिल्ली सल्तनत और मुगल शासन की प्रशासनिक व्यवस्था, स्थापत्य, कला, आर्थिक गतिविधियों और दरबारी संस्कृति को अपेक्षाकृत अधिक स्थान मिलता रहा। इसके साथ भारतीय समाज की उन शक्तियों, संस्थाओं और परंपराओं पर अपेक्षाकृत कम चर्चा हुई, जिन्होंने विदेशी आक्रमणों और राजनीतिक विस्तार का प्रतिरोध किया। नई पुस्तक इस रिक्तता को भरने का प्रयास करती दिखाई देती है। इसमें महाराणा प्रताप और मेवाड़ के संघर्ष, दिवेर के युद्ध, अहोम साम्राज्य और सरायघाट के युद्ध, विजयनगर साम्राज्य तथा मराठों की स्वराज की अवधारणा को प्रमुखता दी गई है। इससे विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिलता है कि मध्यकालीन भारत का इतिहास केवल सत्ता परिवर्तन और साम्राज्यों का इतिहास नहीं था, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिरोध, स्वायत्तता और पुनर्निर्माण की भी निरंतर प्रक्रिया थी। अहोम साम्राज्य का उदाहरण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। पूर्वोत्तर भारत में लगभग छह शताब्दियों तक अपनी राजनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखना और 1671 के सरायघाट युद्ध में लचित बोरफुकन के नेतृत्व में मुगल सेना का सामना करना भारतीय इतिहास की ऐसी महत्वपूर्ण घटना है, जिसे देश के दूसरे हिस्सों के विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए। इसी प्रकार मेवाड़ के संघर्ष को केवल महाराणा प्रताप और अकबर के बीच सत्ता संघर्ष के रूप में देखने के बजाय उसके व्यापक राजनीतिक और सामाजिक संदर्भ में समझना जरूरी है। विजयनगर साम्राज्य और मराठों की स्वराज परंपरा भी बताती है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में शासन और राजनीतिक स्वायत्तता की अपनी अवधारणाएं विकसित हुई थीं। नई पुस्तक में धार्मिक नीतियों और उनके विरुद्ध हुए प्रतिरोध को भी स्थान दिया गया है। गोकुला जाट, राजाराम, सिख गुरुओं और खालसा पंथ से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिलता है कि राजनीतिक प्रतिरोध केवल राजाओं और सेनाओं तक सीमित नहीं था। इसमें धार्मिक स्वतंत्रता, सामाजिक अस्मिता और सांस्कृतिक अस्तित्व के प्रश्न भी जुड़े हुए थे। गुरु अर्जुन देव और गुरु तेग बहादुर के बलिदान तथा गुरु गोविंद सिंह के संघर्ष भारतीय इतिहास में धार्मिक स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की महत्वपूर्ण मिसालें हैं। ऐसे प्रसंगों का अध्ययन विद्यार्थियों को इतिहास की जटिलताओं को समझने में सहायता कर सकता है। मंदिरों के निर्माण, विध्वंस और पुनर्निर्माण का इतिहास भी भारतीय सांस्कृतिक निरंतरता को समझने की महत्वपूर्ण कड़ी है। काशी विश्वनाथ मंदिर से जुड़े प्रसंग तथा देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा उसके पुनर्निर्माण का उल्लेख इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मध्यकालीन परिस्थितियों में भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रही। श्रीमंत शंकरदेव, माधवदेव, चैतन्य महाप्रभु, तुलसीदास, सूरदास, मीराबाई, गुरु नानक, नरसी जैसे संतों तथा भक्त कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखा। इस पक्ष को इतिहास की मुख्यधारा में पर्याप्त स्थान मिलना चाहिए। पुस्तक का एक और महत्वपूर्ण पक्ष शासन और सुशासन की भारतीय परंपरा को सामने लाना है। लोकतांत्रिक शासन की आधुनिक संस्थाओं को समझते समय केवल पश्चिमी राजनीतिक परंपराओं को आधार मानना पर्याप्त नहीं है। भारत में सभा और समिति, रामराज्य, राजधर्म, कौटिल्य का अर्थशास्त्र तथा विभिन्न कालखंडों की प्रशासनिक व्यवस्थाएं शासन संबंधी चिंतन की दीर्घ परंपरा का संकेत देती हैं। भारतीय संविधान आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है, लेकिन नागरिक कर्तव्य, लोककल्याण, न्याय और उत्तरदायी शासन जैसे मूल्यों की चर्चा भारतीय बौद्धिक परंपरा के संदर्भ में भी की जा सकती है। इससे विद्यार्थियों में यह बोध विकसित होगा कि आधुनिक भारत का निर्माण अतीत से पूरी तरह विच्छिन्न होकर नहीं हुआ है। हालांकि इतिहास के पुनर्पाठ में एक सावधानी अत्यंत आवश्यक है। इतिहास को एक पूर्वाग्रह के स्थान पर दूसरे पूर्वाग्रह से बदलना उचित नहीं होगा। जिस प्रकार किसी कालखंड की उपलब्धियों को छिपाना गलत है, उसी प्रकार उसकी विसंगतियों, संघर्षों और हिंसा को छिपाना भी इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा। इतिहास का उद्देश्य किसी समुदाय के प्रति घृणा पैदा करना नहीं, बल्कि अतीत को प्रमाण, स्रोत और संदर्भ के आधार पर समझना होना चाहिए। नई पाठ्यपुस्तकों की सफलता इसी बात पर निर्भर करेगी कि वे विद्यार्थियों को गौरव के साथ-साथ विवेक भी दें। राष्ट्रीय आत्मगौरव और ऐतिहासिक आलोचनात्मक दृष्टि एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। एक समाज जो अपने अतीत में केवल पराजय देखता है, उसमें आत्मविश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके विपरीत वह समाज जो अपने इतिहास में संघर्ष, प्रतिरोध, सृजन और पुनर्निर्माण की परंपरा पहचानता है, भविष्य के प्रति अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है।

### दो टूक




# सीसैटः संसद से उठी व्यवस्था बदलने की मांग


अभिषेक शुक्ल

पहली अक्टूबर 2026 को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर लिए। एक सदी से भारतीय प्रशासन के 'लौह ढांचे' के लिए अधिकारियों का चयन करने वाला यह संस्थान आज अपनी मूल्यांकन पद्धति, विशेषकर प्रारंभिक परीक्षा के सीसैट (सिविल सर्विसेज एप्टीट्यूड टेस्ट) को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में है। इसी संदर्भ में राज्यसभा सदस्य और पूर्व पुलिस अधिकारी बृजलाल की अध्यक्षता वाली कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने अपनी 160वीं रिपोर्ट में सीसैट के मौजूदा स्वरूप पर गंभीर चिंता जताई है।

समिति का मानना है कि सीसैट का कठिन गणितीय और विश्लेषणात्मक स्तर मानविकी, हिंदी माध्यम, गैर-इंजीनियरिंग तथा ग्रामीण पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों के लिए अनुचित बाधा बन गया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सिविल सेवाओं में चयनित होने वाले लगभग 65 से 70 प्रतिशत अभ्यर्थी इंजीनियरिंग, चिकित्सा, विज्ञान या अन्य तकनीकी पृष्ठभूमि से आते हैं। यह स्थिति प्रशासन में सामाजिक, भाषाई और वैचारिक विविधता को लेकर चिंता पैदा करती है।

भारतीय सिविल सेवा परीक्षा का स्वरूप समय-समय पर विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशों के आधार पर बदला गया है। वर्ष 1976 में डी.एस. कोठारी समिति की अनुशंसाओं के बाद प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार वाला त्रिस्तरीय ढांचा अपनाया गया। वर्ष 1989 में सतीश चंद्र समिति की सिफारिश पर निबंध का अनिवार्य प्रश्नपत्र जोड़ा गया। इसके बाद 2001 में प्रो. वाई.के. अलघ समिति ने प्रारंभिक स्तर पर अलग-अलग वैकल्पिक विषयों के स्थान पर सभी अभ्यर्थियों के लिए साझा प्रश्नपत्र की अवधारणा सामने रखी। उद्देश्य था कि विषयों के अलग-अलग स्तर के कारण होने वाली विसंगतियां खत्म हों और सभी को समान अवसर मिले। वर्ष 2009-10 में प्रो. एस.के. खन्ना की अध्यक्षता में गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने अभिवृत्ति परीक्षण का पाठ्यक्रम तैयार किया। वर्ष 2011 में प्रारंभिक परीक्षा से वैकल्पिक विषय हटाकर सामान्य अध्ययन के दूसरे प्रश्नपत्र के रूप में सीसैट लागू किया गया। शुरुआती वर्षों में इसके अंक मेरिट में शामिल होते थे। गणित, तार्किक क्षमता और अंग्रेजी बोधगम्यता में बेहतर प्रदर्शन के कारण इंजीनियरिंग, प्रबंधन और विज्ञान पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों को इसका लाभ मिला, जबकि मानविकी और भारतीय भाषाओं से आने वाले अभ्यर्थियों की सफलता दर प्रभावित हुई।




वर्ष 2013-14 में सीसैट को लेकर छात्रों का विरोध बड़े आंदोलन में बदल गया। दिल्ली के मुखर्जी नगर सहित कई परीक्षा केंद्रों पर प्रदर्शन हुए। हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों की शिकायतों में अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद की गंभीर त्रुटियां प्रमुख थीं। कई प्रश्नों के अनुवाद इतने खराब थे कि उनका मूल आशय समझना कठिन हो जाता था। लगातार बढ़ते विरोध के बाद वर्ष 2015 से सीसैट को अर्हकारी कर दिया गया। अभ्यर्थियों के लिए 200 में से 33 प्रतिशत अंक हासिल करना अनिवार्य हुआ और अंतिम मेरिट प्रथम प्रश्नपत्र के अंकों के आधार पर तय होने लगी। हालांकि सीसैट के अंक मेरिट में नहीं जुड़ते, लेकिन इसके कठिनाई स्तर ने प्रारंभिक परीक्षा की पूरी तस्वीर बदल दी। वर्ष 2021 के बाद प्रश्नों की जटिलता और विषयवार भार में बदलाव दिखाई दिया। वर्ष 2023 में गणित के करीब 43 प्रश्न पूछे गए, जबकि तर्कशक्ति से जुड़े प्रश्नों की संख्या घटकर लगभग 11 रह गई। संख्या पद्धति, आंकड़ों की पर्याप्तता, क्रमचय-संचय और कथन आधारित प्रश्नों का बढ़ता हिस्सा इसे सामान्य अभिवृत्ति परीक्षण से अधिक प्रतिस्पर्धी बना रहा है। बोधगम्यता के अनुच्छेद भी अपेक्षाकृत गूढ़ और दार्शनिक होते गए। नकारात्मक अंकन के कारण सीमित समय में जोखिम लेकर प्रश्न हल करना भी चुनौती बन गया। सीसैट के प्रभाव का अंदाजा प्रारंभिक परीक्षा की कट-ऑफ से लगाया जा सकता है। सामान्य वर्ग की कट-ऑफ वर्ष 2019 में 98 अंक थी, जो 2022 में 88.22 और 2023 में घटकर 75.41 अंक रह गई। वर्ष 2024 में यह फिर 87.98 तक पहुंची। कट-ऑफ में इस तरह का उतार-चढ़ाव इस बात का संकेत है कि सीसैट में बदलाव का प्रभाव प्रथम प्रश्नपत्र की प्रतिस्पर्धा पर भी पड़ता है। कई ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने सामान्य अध्ययन में अच्छे अंक हासिल किए, सीसैट की न्यूनतम अर्हता पूरी न कर पाने के कारण आगे नहीं बढ़ सके।

तकनीकी पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थियों की बढ़ती हिस्सेदारी भी इस बहस को गंभीर बनाती है। यूपीएससी की वार्षिक रिपोर्टों में इंजीनियरिंग और विज्ञान पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों का दबदबा दिखाई देता है। दूसरी ओर मानविकी विषयों की सफलता दर कई मामलों में बेहतर है। हिंदी साहित्य, लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध, समाजशास्त्र और भूगोल जैसे विषयों के अभ्यर्थियों की सफलता दर यह बताती है कि समस्या मानविकी विषयों की क्षमता में नहीं, बल्कि प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश द्वार पर पैदा होने वाली असमानता में है। इसका सबसे गंभीर प्रभाव हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों पर दिखाई देता है। उपलब्ध संसदीय आंकड़ों के अनुसार, हिंदी माध्यम से मुख्य परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या की तुलना में शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस सेवाओं में पहुंचने वालों की संख्या बेहद कम रही है। वर्ष 2021 में मुख्य परीक्षा देने वाले 538 हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों में केवल 10 अभ्यर्थियों की शीर्ष सेवाओं के लिए अनुशंसा हुई। वर्ष 2022 में यह संख्या 27 और 2023 में 14 रही। वर्ष 2024 में 1133 अभ्यर्थियों के मुख्य परीक्षा में शामिल होने के बावजूद केवल पांच अभ्यर्थी शीर्ष पदों तक पहुंच सके। भाषा संबंधी कठिनाइयों, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री की कमी और अनुवाद की विसंगतियां इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं। संसदीय समिति ने इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यूपीएससी से परीक्षा के पाठ्यक्रम और कठिनाई स्तर की व्यापक समीक्षा करने की सिफारिश की है। समिति का जोर इस बात पर है कि परीक्षा को अनुभवजन्य और सांख्यिकीय तथ्यों के आधार पर इस तरह तर्कसंगत बनाया जाए कि किसी विशेष शैक्षणिक पृष्ठभूमि को अनुचित लाभ न मिले। साथ ही भाषाई समानता और अनुवाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। भारत जैसे विविध देश को ऐसी नौकरशाही की जरूरत है जो तकनीकी दक्षता के साथ सामाजिक वास्तविकताओं को भी समझे। प्रशासन केवल गणितीय समस्याओं और तार्किक पहेलियों को हल करने का काम नहीं है। नीतियों के प्रभाव को समझने के लिए समाजशास्त्रीय दृष्टि, संवेदनशीलता, क्षेत्रीय अनुभव और आम नागरिक की समस्याओं की समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यूपीएससी के 100वें वर्ष में संसदीय समिति की रिपोर्ट इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल परीक्षा के एक प्रश्नपत्र में बदलाव का सुझाव नहीं देती, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की व्यापक दिशा पर सवाल उठाती है। सीसैट में तार्किक क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता का परीक्षण जरूरी है, लेकिन यह परीक्षा ऐसी बाधा नहीं बननी चाहिए जिसे केवल तकनीकी पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी आसानी से पार कर सकें।

अब आवश्यकता है कि यूपीएससी और सरकार समिति की सिफारिशों पर गंभीरता से विचार करें। सीसैट के कठिनाई स्तर को तर्कसंगत बनाने, प्रश्नों में संतुलन कायम करने और अनुवाद की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत है। इससे परीक्षा में विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को समान अवसर मिल सकेगा। प्रशासनिक व्यवस्था तभी वास्तव में मजबूत होगी, जब उसका 'लौह ढांचा' तकनीकी दक्षता के साथ सामाजिक विविधता, भाषाई समानता और मानवीय संवेदना का भी प्रतिनिधित्व करे।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# एशियन गेम्स में दुनिया ने देखा भारत की नारी शक्ति का दम

निर्मला भूरिया

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को 85 पदक दिलाए और पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। भारत के खाते में 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक आए। इस उपलब्धि की सबसे गौरवपूर्ण तस्वीर यह है कि महिला खिलाड़ियों ने 38 पदक अपने नाम किए, जो पुरुष खिलाड़ियों के बराबर हैं। इनमें 11 स्वर्ण पदक महिला खिलाड़ियों और महिला टीमों ने जीते।

भारत की बेटियों का यह प्रदर्शन केवल खेल की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह बदलते भारत और सशक्त होती नारी शक्ति की तस्वीर है। क्रिकेट में भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, वहीं महिला कबड्डी और महिला हॉकी टीम ने भी स्वर्णिम सफलता हासिल की। महिला हॉकी टीम की स्वर्णिम वापसी विशेष रूप से ऐतिहासिक रही, जिसने 44 वर्ष बाद एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

एशियन गेम्स में भारतीय बेटियों की सफलता महिला सशक्तीकरण की सबसे प्रभावशाली तस्वीर है। आज हमारी बेटियां केवल खेल के मैदान में पदक नहीं जीत रहीं, बल्कि वे देश की करोड़ों बेटियों के सपनों को भी नई दिशा दे रही हैं। उनकी सफलता यह विश्वास मजबूत करती है कि बेटी को अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास दिया जाए तो वह किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च शिखर तक पहुंच सकती है।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी भारतीय बेटियों ने नए इतिहास रचे। कुमकुम मोहोड ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व में भारत के लिए पहला एशियन गेम्स स्वर्ण पदक जीता। महिला रिकर्व टीम ने भी स्वर्ण अपने नाम किया। निशानेबाजी में नीरू धांडा ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डा ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि गोल्फ में प्रणवी उर्स ने भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया। मीराबाई चानू ने भारोत्तोलन में रजत पदक जीतकर भारत के लिए इस खेल में लंबे अंतराल के बाद पदक दिलाया।



इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में मध्य प्रदेश की बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा और मेहनत का परचम लहराया। प्रदेश की क्रिकेटर क्रांति गौड़ भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा बनीं। छोटे से गांव से निकलकर एशियन गेम्स जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचकर स्वर्ण पदक जीतना उनकी मेहनत और संघर्ष की प्रेरक कहानी है। निशानेबाजी में मध्यप्रदेश की नीरू ढांडा ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने ट्रैप मिक्स्ड टीम में भी स्वर्ण और महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इस तरह नीरू ने एशियन गेम्स में तीन पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया।

निशानेबाजी में ही मध्यप्रदेश की आशी चौकसे ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि मनीषा कीर ने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इसी तरह मध्यप्रदेश की अंतरराष्ट्रीय सेलर हर्षिता तोमर ने 49ईआर एफएक्स महिला स्किफ ईवेंट में कांस्य पदक हासिल किया है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की स्वर्णिम सफलता में भी मध्य प्रदेश की बेटियों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। ईशिका चौधरी, बिच्छू देवी और सुशीला चानू भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रहीं, जिसने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया।

एक बेटी की सफलता केवल उसकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होती, बल्कि वह पूरे परिवार, समाज और देश की सोच को बदलने की ताकत रखती है। एशियन गेम्स में बेटियों की सफलता उन सभी परिवारों के लिए प्रेरणा है, जो अपनी बेटियों को खेल, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन, उद्यमिता और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए वातावरण तैयार हुआ है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने तक की सोच अब जमीन पर दिखाई दे रही है। मध्य प्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं और बेटियों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

एशियन गेम्स की बेटियों की सफलता हमें यह संदेश देती है कि महिला सशक्तिकरण केवल योजनाओं और नारों तक सीमित नहीं है। सच्चा सशक्तिकरण तब है, जब बेटी अपने सपनों का रास्ता स्वयं चुन सके, अपनी प्रतिभा को पहचान सके और अपनी मेहनत के बल पर दुनिया के सामने अपनी पहचान बना सके। आज कुमकुम मोहोड, नीरू धांडा, लवलीना बोरगोहेन, परवीन हुड्डा, प्रणवी उर्स, मीराबाई चानू और भारतीय महिला टीमों की उपलब्धियां देश की हर बेटी को यह संदेश दे रही हैं- आसमान कोई सीमा नहीं है।

एशियन गेम्स में भारतीय बेटियों ने पदक जीतकर सिर्फ तिरंगा नहीं ऊंचा किया, बल्कि महिला सशक्तिकरण की नई इबारत भी लिखी है। यह उपलब्धियां आने वाली पीढ़ी की बेटियों के लिए प्रेरणा बनेंगी और उन्हें यह विश्वास देंगी कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए देश उनके साथ खड़ा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## सोना गिरा और चमकी चाँदी...!

सोना गिरा, चमकी चाँदी, बाज़ार में कैसी हैरानी,
भावों ने फिर ली करवट, बदली अपनी कहानी।
कभी सोना आसमान चढ़े, कभी ज़मीन पर आए,
निवेशक की धड़कन बढ़े, जो भाव नए बन जाएँ।

चाँदी भी अब कहाँ पीछे,अपनी चमक दिखाती है,
कल तक जो थी शांत पड़ी, आज रफ्तार लाती है।
दुकानों में गहनों की बातें, जेबों में हिसाब लगाया,
खरीदारी से पूर्व हरेक, आज भावों को देख आया।

किस्मत भी बाज़ार जैसी, कब क्या? रंग दिखाए,
आज जो महँगा लगता है, कल वो सस्ता कहलाए।
सोना हो या चाँदी भाई, वर्तमान भाव नहीं हैं स्थाई,
बाज़ार की दुनिया में, कीमत है सबसे बड़ी सच्चाई।



# अर्थव्यवस्था मजबूत, फिर शेयर बाजार क्यों गिर रहा है?

प्रहलाद सबनानी

भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर तेज बनी हुई है। उद्योगों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। बैंकिंग व्यवस्था मजबूत हो रही है। निर्यात में विस्तार दिखाई दे रहा है और कर संग्रह लगातार ऊंचे स्तर पर पहुंच रहा है। इसके बावजूद शेयर बाजार में लगातार गिरावट ने कई सवाल खड़े किए हैं। सेंसेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 80,983 अंक से घटकर 1 अक्टूबर 2026 को 71,910 अंक और निफ्टी 24,836 से गिरकर 22,422 अंक पर आ गया। यानी एक वर्ष में दोनों प्रमुख सूचकांक में लगभग 10 से 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। क्या यह गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी का संकेत है? उपलब्ध आर्थिक संकेतक इसका समर्थन करते दिखाई नहीं देते।

शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था के बीच संबंध अवश्य है, पर दोनों हमेशा एक दिशा में नहीं चलते। शेयर बाजार मुख्यतः सूचीबद्ध कंपनियों की भविष्य की आय, लाभप्रदता और निवेशकों की अपेक्षाओं के आधार पर मूल्य तय करता है। इसके साथ वैश्विक पूंजी का प्रवाह भी बाजार की दिशा प्रभावित करता है। मौजूदा गिरावट को समझने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों के व्यवहार, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, कच्चे तेल की कीमतों, डॉलर की मजबूती और भारतीय शेयरों के अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन को देखना होगा।

वर्ष 2026 में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.8 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। वैश्विक निवेशकों के लिए इस समय अमेरिका के बॉन्ड, अमेरिकी शेयर बाजार और कुछ उभरते बाजार अधिक आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में बॉन्ड यील्ड का ऊंचा स्तर सुरक्षित निवेश के साथ बेहतर रिटर्न का विकल्प प्रस्तुत करता है। अमेरिकी तकनीकी कंपनियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचार से उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ने की उम्मीद भी वहां निवेश आकर्षित कर रही है।

वियतनाम और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संभावनाएं विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। चीन भी इस दौड़ में महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक कमजोर प्रदर्शन के कारण चीनी कंपनियों का कीमत-आय अनुपात भारतीय कंपनियों की तुलना में अधिक आकर्षक हो गया है। जहां चीन में औसत पीई अनुपात 12 के नीचे बताया जा रहा है, वहीं भारत में यह 20 से ऊपर है। ऐसे में वैश्विक निवेशक समान पूंजी से अधिक संभावित मूल्य प्राप्त करने के लिए चीन की ओर भी देख रहे हैं।

यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच भारतीय संस्थागत निवेशक बाजार में पूंजी लगा रहे हैं। म्यूचुअल फंडों के माध्यम से हर महीने 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश भारतीय शेयर बाजार में हो रहा है। इसका अर्थ है कि बाजार से पूंजी पूरी तरह बाहर नहीं जा रही, उसका स्वामित्व और प्रवाह एक हिस्से में विदेशी निवेशकों से घरेलू निवेशकों की ओर स्थानांतरित हो रहा है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने भी बाजार की चिंता बढ़ाई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय तनावों का असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह लगभग 65 डॉलर थीं। भारत अपनी कच्चे तेल की खपत का 90 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इसलिए तेल की कीमतों में बड़ी वृद्धि से आयात बिल, चालू खाते और रुपये पर दबाव बढ़ सकता है। फिर भी यह समझना आवश्यक है कि आशंका और वास्तविक आर्थिक स्थिति दो अलग-अलग चीजें हैं। भारत में महंगाई को नियंत्रण में रखने के प्रयास अब तक प्रभावी रहे हैं। बाजार भविष्य की संभावित चुनौतियों को वर्तमान कीमतों में शामिल करता है। इसी कारण किसी वैश्विक जोखिम की आशंका भी शेयरों की कीमतों को प्रभावित कर सकती है। डॉलर की मजबूती ने दबाव और बढ़ाया है। डॉलर इंडेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 97.71 से बढ़कर 1 अक्टूबर 2026 को 101.80 के स्तर पर पहुंच गया। इसी अवधि में रुपया लगभग 96 रुपये प्रति डॉलर तक कमजोर हुआ। सोने की कीमत भी 3,871 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 4,170 डॉलर पहुंच गई है। भारत सोने का बड़ा आयातक है और इसके भुगतान के लिए डॉलर की आवश्यकता होती है। इससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव बनता है। यदि शेयर बाजार की गिरावट को आर्थिक गतिविधियों के वास्तविक आंकड़ों के साथ रखकर देखा जाए तो तस्वीर काफी अलग दिखाई देती है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.8



प्रतिशत रही। यह वैश्विक अनुमानित वृद्धि दर लगभग 3 प्रतिशत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं की लगभग 3.8 प्रतिशत दर से काफी ऊपर है।

अगस्त 2026 में औद्योगिक विकास दर 8 प्रतिशत रही, जबकि अगस्त 2025 में यह 4.7 प्रतिशत थी। अगस्त 2026 में वस्तुओं का निर्यात लगभग 4,380 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया, जबकि एक वर्ष पहले यह 3,480 करोड़ डॉलर था। 15 सितंबर 2026 को समाप्त पखवाड़े में बैंक ऋण वृद्धि 18.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 10.4 प्रतिशत थी। बैंक जमा की वृद्धि भी 9.5 प्रतिशत से बढ़कर 17.3 प्रतिशत हुई। ऋण-जमा अनुपात लगभग 81 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऋण मांग का संकेत देता है। बैंकिंग क्षेत्र की मजबूती भी महत्वपूर्ण है। सकल गैर-निष्पादित आस्तियां जुलाई 2025 के 2.2 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2026 में 1.68 प्रतिशत रह गईं। शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत से घटकर 0.4 प्रतिशत रहा। पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.5 प्रतिशत से बढ़कर 17.8 प्रतिशत हो गया। यह बताता है कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली पहले की तुलना में अधिक मजबूत पूंजी आधार के साथ आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रही है। उद्योगों द्वारा उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग किया जाना भी अर्थव्यवस्था में मांग की मजबूती दर्शाता है। जब क्षमता उपयोग इस स्तर तक पहुंचता है तो कंपनियों के सामने उत्पादन क्षमता विस्तार की आवश्यकता उभरती है। जीएसटी संग्रह इसका एक और संकेतक है। सितंबर 2026 में 14.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ जीएसटी संग्रह 2.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा और लगातार तीसरे महीने यह आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा। डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति भी उल्लेखनीय है। सितंबर 2026 में यूपीआई के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 80 करोड़ से अधिक लेन-देन दर्ज हुए। अगस्त में यह संख्या लगभग 79 करोड़ और सितंबर 2025 में 65 करोड़ से अधिक थी। यह भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था और डिजिटल भुगतान के विस्तार का स्पष्ट संकेत है। भारतीय शेयर बाजार की मौजूदा गिरावट को पूरी भारतीय अर्थव्यवस्था का आईना मानना उचित नहीं होगा। बाजार पर विदेशी पूंजी की निकासी, वैश्विक ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती, तेल की कीमतें, भू-राजनीतिक तनाव और कंपनियों के मूल्यांकन जैसे अनेक कारक एक साथ प्रभाव डाल रहे हैं। इसका अर्थ यह भी नहीं कि भारत के सामने चुनौतियां नहीं हैं। महंगा कच्चा तेल, रुपये पर दबाव और वैश्विक पूंजी के बदलते रुझान अर्थव्यवस्था के लिए वास्तविक जोखिम हैं। इनसे निपटने के लिए ऊर्जा सुरक्षा, निर्यात प्रतिस्पर्धा, विनिर्माण विस्तार, घरेलू पूंजी निर्माण और वित्तीय अनुशासन पर निरंतर ध्यान आवश्यक है। फिर भी शेयर बाजार में 10-11 प्रतिशत की गिरावट को आधार बनाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने किसी बड़े संकट की तस्वीर खींचना तथ्यों से मेल नहीं खाता। आर्थिक विकास, औद्योगिक उत्पादन, बैंक ऋण, जीएसटी संग्रह, निर्यात, बैंकिंग स्वास्थ्य और डिजिटल लेन-देन जैसे संकेतक व्यापक आर्थिक गतिविधियों में मजबूती दर्शा रहे हैं।

इसलिए वर्तमान स्थिति को भारतीय अर्थव्यवस्था के संकट के रूप में देखने के बजाय वैश्विक पूंजी के पुनर्संयोजन और बाजार मूल्यांकन के सुधार के रूप में देखना अधिक तर्कसंगत होगा। शेयर बाजार का उतार-चढ़ाव अर्थव्यवस्था की पूरी कहानी नहीं होता। असली कसौटी उत्पादन, रोजगार, निवेश, आय, उपभोग और उत्पादकता की दीर्घकालिक दिशा है। इन मोर्चों पर भारत की तस्वीर फिलहाल आशावाद का आधार प्रस्तुत करती है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### एमपीएल में 120 खिलाड़ियों पर लगी बोली, आठ टीमों ने किया चयन



**मौदहा (हमीरपुर)।** मौलाना सलीम जाफरी स्पोर्ट्स एंड मुशायरा कमेटी के तत्वावधान में होने वाले मौदहा प्रीमियर लीग (एमपीएल) सीजन-1 टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रविवार को रॉयल गार्डन गेस्ट हाउस में खिलाड़ियों का ऑक्शन हुआ। आठ टीमों ने 120 खिलाड़ियों का चयन किया। टीम मालिकों ने बोली लगाकर खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। प्रतियोगिता में केजीएन मौदहा, एचबीएन कम्हरिया, राजपूत राइडर्स, उपरेस लायन्स, रागौल टाइगर्स, स्काई स्टार राठ, छिमौली सुपर किंग्स और फाजिल-11 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट का शुभारंभ एक नवंबर से होगा। ऑक्शन को लेकर खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह रहा। कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष निजामुद्दीन पावर, फिरोज सिद्दीकी, जाहिद सिद्दीकी, नौशाद संजरी, परवेज सिद्दीकी, मुशर्रफ कमाल, शमशाद जमील व बबलू पठान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बंद पड़े सिनेमा हॉल में युवक का शव मिला

**हमीरपुर।** नगर क्षेत्र में कई वर्षों से बंद पड़े सिनेमा हॉल परिसर में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान यावर हसन उर्फ बाबू के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अवैध गोश्त व मछली की दुकानों पर कार्रवाई की मांग

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर में मानकों के विपरीत संचालित हो रही गोश्त व मछली की दुकानों को बंद कराने की मांग को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसडीएम करणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। पूर्व जिला संयोजक आशीष सिंह उर्फ अक्षु के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में रहमानिया मार्ग, इलाही तालाब और बड़ा चौराहा समेत अन्य स्थानों पर सड़क किनारे व घरों के बाहर संचालित दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि नगर के पुराने बस स्टैंड में गोश्त व मछली की अधिकृत मार्केट है, इसके बावजूद कई लोग खुले में दुकानें चला रहे हैं। इससे आसपास गंदगी और लोगों को परेशानी हो रही है। एसडीएम करणवीर सिंह ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान शिवेंद्र सिंह, आकाश शुक्ला, सूरज गुप्ता, कपिल कुमार व ओमी मौजूद रहे।

### मिनीकिट से किसानों को मिल रहे रबी फसलों के बीज

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड परिसर स्थित राजकीय बीज भंडार में रबी फसलों के मिनीकिट और अनुदान पर दलहनी-तिलहनी बीजों का वितरण शुरू हो गया है। बीज लेने के लिए किसान सुबह से केंद्र पहुंच रहे हैं। प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मटर, मसूर और सरसों के बीज उपलब्ध हैं। अन्य बीजों की फीडिंग पूरी होने के बाद उनका भी वितरण किया जाएगा।

### मणिकर्णिका वुमेन्स क्लब का चौथा अधिष्ठापन समारोह

**झांसी।** मणिकर्णिका वुमेन्स क्लब का चौथा अधिष्ठापन एवं अवार्ड समारोह रविवार को होटल नटराज सरोवर में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी रमा निरंजन और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. नीति शास्त्री रहीं। सपना सराओगी ने स्वागत किया और प्रीति बाजपेयी ने संचालन किया।निवर्तमान प्रेसिडेंट ओमनी राय एवं ग्रांड प्रेसिडेंट नूपुर अग्रवाल ने नवगठित बोर्ड को कार्यभार सौंपा। मोनिका कोचर को प्रेसिडेंट, तमन्ना राय को वाइस प्रेसिडेंट, संयुक्ता शर्मा को ट्रेजरर और प्रेरणा हजेला को सेक्रेटरी बनाया गया।फाउंडिंग मेंबर्स सोनिया सिंह, रचना कुदरिया, ट्विंकल बंसल एवं सिमरित जिज्ञासी तथा डाइस मेंबर्स दीप्ति सोनी, कशिश अग्रवाल, दर्शना सोनी, अंजलि अग्रवाल एवं मोना राय को सम्मानित किया गया। वर्षभर के विभिन्न कार्यक्रमों के प्रोग्राम डायरेक्टर्स को भी पुरस्कार दिए गए। समारोह में क्लब की सदस्याएं मौजूद रहीं।

### सेवा संकल्प शिविर में सैकड़ों किसानों ने लिया लाभ

**गुरसरांय (झांसी)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लॉक गुरसरांय में पांचवें दिन कृषि विभाग की ओर से शिविर लगाया गया। एमएलसी विधायक प्रतिनिधि आरपी निरंजन और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टीकाराम ने शिविर का निरीक्षण किया।शिविर में कृषि अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, सामान्य बीज बुकिंग और पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। किसानों को रबी फसलों, कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी, मोटे अनाज, गौ आधारित एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया गया।किसानों को चना, मटर, गेहूं, मसूर और सरसों आदि के बीज की समय से ऑनलाइन बुकिंग कराने की जानकारी भी दी गई। इस दौरान बीडीओ गौरव कुमार, एसडीईओ शरद चंद्र मौर्या, एडीओ कृषि जनवेंद्र सिंह ठाकुर, एसएमएस संदीप वर्मा, नीरज अग्रवाल, डॉ. दिलीप व्यास, शिवानी द्विवेदी, हिमांशु जैन सहित कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लागयी फांसी

**कालपी-आटा (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सधारा में सोमवार को एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। आटा थाना क्षेत्र के सधारा गांव निवासी करीब 40 वर्षीय कमलेशी घर पर अकेली थी। शाम को उसका पति जब घर पहुंचा तो महिला को फांसी के फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलते ही आटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि महिला ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी जांच की जा रही है। परिजनों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सर्प दंश से महिला समेत दो की मौत

**बांदा।** बबेरू कोतवाली के कस्बा स्थित मर्का रोड़ निवासी कुसमा देवी (60) पत्नी जौहरिया को रविवार की दोपहर खेत जाते समय सांप ने डस लिया। सीएचसी से उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह मटौंध थाना क्षेत्र के खैराड़ा गांव गयाराम पाल (62) पुत्र बब्लू पाल को रविवार की रात खेत में बने मकान पर चारपाई पर सोते समय सांप ने डस लिया। जिला अस्पताल से उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे कानपुर लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### धमकी से परेशान किशोरी ने फांसी लगा दी जान

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के प्रभाकर नगर निवासी वैष्णवी उर्फ लक्ष्मी (17) पुत्री शिवकरन ने रविवार की दोपहर आंगन में लगे लोहे के गाटर में दुपट्टा से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के चाचा बबलू ने बताया कि वैष्णवी कक्षा 11 की छात्रा थी। आरोप है कि कुछ दिनों पहले हुए विवाद में महिला ने उसे फर्जी मामले में जेल भेजने की धमकी दी थी। धमकी से परेशान होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी शिवबरन (40) पुत्र छुद्दू रविवार की शाम बाइक से निमंत्रण में शामिल होने यहां आ रहा था। गांव से निकलते ही पेट्रोलपंप के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसे बुरी तरह से रौंद दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। घरवालो ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# तीन दिन में छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।**



कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में गौशालाओं और छुट्टा पशुओं की स्थिति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाकर सभी छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रैल और वर्तमान आंकड़ों में करीब पांच हजार पशुओं के अंतर का ब्लॉकवार ब्योरा तैयार करने को कहा। अभियान के बाद सड़कों और खेतों में एक भी छुट्टा पशु मिलने पर संबंधित बीडीओ व पशुपालन अधिकारी की जवाबदेही तय होगी। तहसील स्तर पर एसडीएम प्रतिदिन निगरानी करेंगे, जबकि मुख्य पशुचिकित्साधिकारी शाम सात बजे प्रगति रिपोर्ट देंगे। गौशालाओं में टीकाकरण, साफ-सफाई, चारा-पानी और बीमार पशुओं की अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीसीटीवी से गौशालाओं की ऑनलाइन निगरानी भी की जाएगी।

## सब रजिस्ट्रार की गाड़ी से हुई टक्कर में ई-रिक्शा सवार वृद्ध की मौत

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के राठ-जलालपुर मार्ग पर रिगवारा गांव के पास सोमवार को सब रजिस्ट्रार की टाटा सफारी ने आगे जा रहे सामान से भरे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार रिरुआ बुजुर्ग निवासी रामबाबू गुप्ता (55) सड़क पर गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नीरज (22) घायल हुआ, जिसे उपचार के लिए राठ चिकित्सालय भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सफारी को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी सब रजिस्ट्रार सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि वह उमरिया गांव में दस्तावेजों की जांच कर सरीला लौट रहे थे। ओवरटेक करते समय सफारी की ई-रिक्शा से टक्कर हुई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडे ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत अंबेडकर पार्क में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी शुरू



**हमीरपुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से अंबेडकर पार्क में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ सोमवार को हुआ। हमीरपुर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति और नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसे जनहित में उपयोगी पहल बताया। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी मिलने से पात्र लोगों को उनका लाभ लेने में सुविधा होगी। जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी और पत्रकार मौजूद रहे। प्रदर्शनी पांच से सात अक्टूबर तक अंबेडकर पार्क में चलेगी।

# वितरण केंद्रों में खाद खत्म होने से मायूस लौटे किसान



**सुमेरपुर।** कस्बे की सहकारी समितियों में डीएपी आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पीसीएफ किसान सेवा केंद्र एवं क्रय विक्रय में डीएपी खत्म हो गई है। महज क्षेत्रीय सहकारी समिति में ही डीएपी का स्टॉक है वह अपने खाताधारक किसानों को नियमानुसार वितरित कर रहे हैं। गत शुक्रवार को कस्बे के क्षेत्रीय सहकारी समिति, क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में डीएपी उपलब्ध कराई गई थी। शनिवार एवं सोमवार को वितरण के बाद क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में डीएपी खत्म हो गई जबकि क्षेत्रिय सहकारी समिति में 700 बोरी डीएपी के साथ 800 बोरी यूरिया, 500 बोरी एनपीके उपलब्ध है। समिति के सचिव समीर सचान ने बताया कि समिति से जुड़े किसानों को खाता में खाद मुहैय्या कराई जा रही है। क्रय विक्रय के सचिव शुभम त्रिपाठी ने बताया डीएपी का स्टाक शुन्य है यूरिया 550 बोरी उपलब्ध है। पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि डीएपी खत्म हुई है। यूरिया का स्टाक 1300 बोरी है। बुधवार तक एनपीके के आने की उम्मीद है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर का ताला तोड़ लैपटॉप समेत सामान चोरी

**बिवांर (हमीरपुर)।** ग्राम बांधुर बुजुर्ग में टंकी के पास स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का ताला तोड़कर चोर लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सोमवार सुबह टीकाकरण के लिए पहुंचीं एएनएम सुनीता भदौरिया ने ताला टूटा देखा। अंदर लोहे की अलमारी और दीवार में लगी फर्नीचर की अलमारी टूटी मिली तथा सामान बिखरा पड़ा था।

चोर मेज पर कुर्सी रखकर सीलिंग फैन भी खोल ले गए। अलमारी में रखा लैपटॉप और गर्भवती महिलाओं की लंबाई व वजन मापने वाली मशीन भी चोरी हुई है। एएनएम ने बताया कि केंद्र पर काफी समय से ताला लगा है और सीएचओ का स्थानांतरण हो चुका है। चार्ज लिस्ट से मिलान के बाद चोरी गए सामान की पूरी जानकारी सामने आएगी। सूचना सीएचसी प्रभारी मुस्करा डॉ. ब्रजेंद्र राजपूत और पुलिस को दी गई है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हादसा दो बाइक सवारों की मौत





**मौदहा (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गुसियारी गांव के पास रविवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के सतना जिले के नकैला गांव निवासी संजय पांडेय उर्फ सुनील कुमार (45) और कृष्ण कुमार मिश्रा बाइक से वृंदावन दर्शन करने गए थे। लौटते समय एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 73/3 के पास दोनों हादसे का शिकार हो गए। साथी बाइक से पीछे आ रहे रामजी पांडेय और रिंकू मिश्रा ने दोनों को सड़क पर पड़ा देखा। उन्होंने बताया कि एक कार का पीछा भरतकूप तक किया, लेकिन वह नहीं मिली। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को मौदहा सरकारी अस्पताल लाई, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार बाइक डिवाइडर से टकराने की बात सामने आई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

## जेल लोक अदालत में 19 मामलों का निस्तारण

**झांसी।** जिला कारागार में बंदियों के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर मध्य रेलवे प्रतीक त्रिपाठी ने जेल पहुंचकर मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान विचाराधीन बंदियों की ओर से 30 दांडिक वादों में जुर्म स्वीकारोक्ति के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। विधिक प्रक्रिया के तहत 10 प्रार्थना पत्रों एवं नौ दांडिक वादों का पूर्ण एवं अंतिम निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ईशा त्रिपाठी ने बताया कि छोटे एवं सुलह-समझौते योग्य मामलों के त्वरित निस्तारण तथा बंदियों को राहत देने के उद्देश्य से जेल लोक अदालत आयोजित की जाती है। बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता और उनके वैधानिक अधिकारों की जानकारी भी दी जा रही है।

## दहेज में 10 लाख न मिलने से पत्नी को मायके में छोड़ा, 5 पर एफआईआर

**महोबा।** दहेज में 10 लाख न मिलने से नाराज ससुराल बालो ने विवाहिता को ससुराल से मायके छोड़ आये है और उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया है पीड़ता की शिकायत पर पुलिस ने ससुराल बालो पर मुकदमा दर्ज किया है और मामले की जांच में जुट गई है। महोबा की स्वाति गुप्ता ने ससुराल वालों पर 10 लाख रुपये दहेज मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने इंजीनियर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने स्वाति के साथ रहने से इनकार कर दिया और उसे मायके छोड़ दिया। स्वाति की शादी 5 फरवरी 2026 को लखनऊ निवासी निहाल गुप्ता के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद पति ने उसके साथ रहने से इनकार करते हुए मायके से 10 लाख रुपये लाने की शर्त रखी। निहाल एक कंपनी में इंजीनियर है और उसका वेतन 1.80 लाख रुपये प्रतिमाह बताया गया है। स्वाति के मुताबिक, उसने दहेज की रकम देने से इनकार किया तो ससुराल वालों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि पति निहाल ने उसे दूसरी शादी करने की धमकी भी दी। इसके बाद ससुराल वाले स्वाति को जबरन उसके मायके छोड़ गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत महिला थाने में की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति निहाल गुप्ता, ससुर प्रमोद गुप्ता, सास अंजू, देवर रिशू और ननद दिव्या के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। महिला थाना प्रभारी निकिता शुक्ला ने बताया कि शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बरुआसागर पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार



- मारपीट के मामले में दर्ज था मुकदमा, न्यायालय में किया पेश

**बरुआसागर (झांसी)।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरुआसागर पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित जितेंद्र पुत्र प्रकाश परिहार, निवासी ग्राम सिमरा, थाना रक्सा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।पुलिस के अनुसार आरोपी मुकदमा संख्या 208/2026 में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ बरुआसागर थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने 4 अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।टहरौली क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह ने बताया कि वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक नीतीश कुमार, कांस्टेबल अजीत कुमार और रिजर्व कांस्टेबल नरेंद्र शामिल रहे।

## आरएडब्ल्यूई कार्यक्रम में किसान गोष्ठी

**100 से अधिक किसानों ने लिया भाग, 60 छात्राओं ने सीखा ग्रामीण कृषि कार्य**

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान की ओर से ग्राम कोछाभांवर स्थित लक्ष्मी गार्डन में आरएडब्ल्यूई कार्यक्रम के तहत किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें 100 से अधिक किसानों और बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष की 60 छात्राओं ने सहभागिता की।डॉ. संतोष पांडेय ने उन्नत बीज एवं बीज उपचार, डॉ. सत्यवीर सिंह सोलंकी ने मृदा परीक्षण, डॉ. महजबी हाशमी ने पादप रोग प्रबंधन और डॉ. अनुराधा झा ने मिश्रित खेती की जानकारी दी। अनिदुआ बानो ने कृषि में एआई और डिजिटल तकनीक की उपयोगिता बताई।किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का विशेषज्ञों ने समाधान किया। छात्राओं ने किसानों से संवाद कर ग्रामीण कृषि व्यवस्था को समझा। अंत में किसानों को अमरूद की पौध नि:शुल्क वितरित की गई।

## ध्वज पूजन के साथ रामलीला महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ, 8 से होगा मंचन



**समथर( झांसी)।** कस्बा समथर के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा महोत्सव एवं रामलीला मंचन को लेकर सोमवार को राम यश प्रचारक मंडल द्वारा विधि-विधान से ध्वज पूजन किया गया। ध्वज पूजन के साथ ही रामलीला महोत्सव की तैयारियों ने गति पकड़ ली है।राम यश प्रचारक मंडल के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष रामलीला मैदान में दशहरा महोत्सव एवं रामलीला मंचन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज स्थापित किया तथा रामलीला के सफल आयोजन की कामना की।मंडल के अध्यक्ष गिरीश पांचाल ने बताया कि रामलीला मंचन का शुभारंभ 8 अक्टूबर से किया जाएगा। आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा उन्होंने बताया कि रामलीला को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और दर्शकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। ध्वज पूजन के अवसर पर राम यश प्रचारक मंडल के पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रामा सेंटर निर्माण कार्य में गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों का रखें विशेष ध्यानः डीएम

- कार्य में लापरवाही बरते पर कार्रवाई की चेतावनी

**सम्प्रद्धि न्यूज, महोबा।**



जिलाधिकारी प्रभास कुमार ने सोमवार को जनपद में निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से अब तक पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति तथा निर्धारित मानकों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भवन में सभी आवश्यक सुविधाएं बेहतर ढंग से विकसित हों। उन्होंने कार्य की नियमित मॉनीटरिंग करने तथा निर्माण की प्रगति से संबंधित रिपोर्ट समय-समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं का तत्काल निस्तारण करते हुए कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं निर्माण कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोग योजनाओं की जानकारी लें और पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाएंः घनश्याम



**उरई(जालौन)।** सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा' के तहत जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं व सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, विधायक कालपी प्रतिनिधि आशू चतुर्वेदी, डीएम समीर, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फीता काटकर किया। सूचना विभाग की चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से जिले में कराए गए विकास कार्यों व जनहित में संचालित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया, जबकि विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी आमजन को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं। विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से इन योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। डीएम समीर ने कहा कि विभागीय स्टॉल केवल जानकारी देने तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों की जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान भी मौके पर किया जाए।

# सीईसी के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग लेकर सपा ने निकाला पैदल मार्च

- जजी चौराहे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त का फूंका पुतला
- राष्ट्रपति को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**सम्प्रद्धि न्यूज, बांदा।**






सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर 'लोकतंत्र बचाओ- वोट बचाओ, देश बचाओ' कार्यक्रम के तहत पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफमहाराणा प्रताप चौक से लेकर कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। 'वोट बचाओ, देश बचाओ', 'लोकतंत्र बचाओ' और संविधान व लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा से जुड़े नारे गूंजे। जजी चौराहा के पास कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। कलक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग बुलंद की। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर समाजवादियों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री, विशंभर सिंह निषाद, बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव और जिलाध्यक्ष उमेश यादव के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक से लेकर अशोक लाट चौराहे से पहले आंबेडकर पार्क के पास तक प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। जजी चौराहा के पास कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। प्रदर्शन के बाद सपा जिलाध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमंम कहा है कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत नागरिक का मताधिकार है। मतदाता सूची से जुड़े किसी भी पुनरीक्षण में पारदर्शिता, निष्पक्षता और प्रत्येक पात्र नागरिक को अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना जरूरी है। पार्टी ने चिंता जताई कि एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की आशंका है। प्रक्रिया संबंधी त्रुटि, पर्याप्त अवसर न मिलने या दस्तावेजों की जटिलता के कारण यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से बाहर होता है तो यह उसके संवैधानिक अधिकार से जुड़ा गंभीर मामला होगा। राष्ट्रपति से एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग की। इस मौके पर सपा युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी, महिला सभा जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह पटेल, हसनुद्दीन सिद्दीकी, प्रियांशु गुप्ता, हाजी शकील अली, महेंद्र सिंह वर्मा, कुदरत उल्ला, वीरेंद्र गुप्ता, प्रमोद गुप्ता राजा, अशोक दीक्षित, मयंक द्विवेदी, मदन टंका, किरन यादव, इमरान अली 'राजू', अशोक गौर, अशोक पांडेय समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केमिकल इंजीनियर की संदिग्ध मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग, राज्यपाल, सीएम व डीजीपी को भेजा ज्ञापन



**बांदा।** अयोध्या स्थित पेपर मिल में केमिकल इंजीनियर पद पर कार्यरत ओरन निवासी आशीष शिवहरे की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिवहरे सर्ववर्गीय समाज के बैनर तले समाज के लोगों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। शिवहरे सर्ववर्गीय समाज जिलाध्यक्ष मुकेश शिवहरे व महामंत्री नंदकिशोर शिवहरे की संयुक्त अगुवाई में सोमवार को समाज के लोगों ने कलक्ट्रेट व पुलिस कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और डीजीपी को संबोधित अलग-अलग ज्ञापन पुलिस व प्रशासन को सौंपे। इसमें बताया कि जनपद के ओरन कस्बा निवासी आशीष शिवहरे करीब तीन साल से अयोध्या स्थित पेपर मिल में केमिकल इंजीनियर के पद पर तैनात था। आरोप है कि कंपनी के एक सीनियर मैनेजर और उसके कुछ साथियों ने मिलकर उसकी हत्या की। कंपनी में कथित केमिकल घोटाले की जानकारी बाहर आने से रोकने के लिए आशीष की हत्या कर दी गई। समाज ने मामले की सीबीआई जांच कराने, हत्या में शामिल आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी, परिवार को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे, शिवविशाल शिवहरे, संजय गुप्ता, बाबूलाल शिवहरे, पीयूष गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक दंपती हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**कादीपुर थाना क्षेत्र के कुंभी डडिया गांव से जुड़ा मामला**


शिक्षक दंपति हत्याकांड का खुलासा करते एसपी विनीत जायसवाल

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

सप्ताह भर पूर्व हुए शिक्षक दंपति हत्याकांड का एसपी ने खुलासा करते हुए दो लोगों गिरफ्तार किया। एसपी के अनुसार चोरी करने के दौरान महिला द्वारा दोनों की पहचान हो जाने के कारण हत्या किए जाने की बात सामने आई है। बता दे कि 28 -29 सितंबर की रात कादीपुर थाना क्षेत्र के कुंभी डडिया गांव स्थित मनराजी शिक्षण संस्थान की संचालिका विनीता सिंह(47) व उनके पति शिक्षक मुकेश सिंह(53) की फावड़ा व कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी गई थी।मामले में मृतक के भाई अखिलेश सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।मामला शिक्षक से जुड़ा होने के कारण लगातार शिक्षक संगठन द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा था तभी सोमवार को एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन सभागार में दोहरे हत्याकांड का खुलासा किया। एसपी के अनुसार कुंभी डडिया गांव निवासी राकेश यादव पुत्र लहुरी व आशीष पुत्र हरिनाथ घटना के दिन चोरी की नियत से विद्यालय में घुसे थे।विद्यालय के कार्यालय में स्थित लाकर में चोरी करते समय मृतका विनीता सिंह ने उन दोनों को पहचान लिया।पुलिस की पकड़ से बचने के लिए दोनों ने पहले विनीता सिंह पर फावड़े से हमला कर दिया। जान बचाकर भागे महिला के पति मुकेश सिंह को भी दोनो ने दौड़ाकर कुल्हाड़ी व फावड़े से हमला करके विद्यालय कैंपस में ही मार डाला था। एसपी ने बताया कि आरोपी राकेश यादव कोरोना काल के पहले इसी विद्यालय में पढ़ाता था बाद में रोजगार के सिलसिले में परदेस चला गया था।बीते जुलाई माह में वापस आया तो पुनः विद्यालय के वाहन का चालक बन गया।और शिक्षक दंपति का विश्वास पात्र होने के कारण उसे उनके बारे में निजी जानकारियां थी। पूर्व में सफेदा के पेड़ का पैसा मृतका के खाते में था जिसकी भी उसे जानकारी थी।पुलिस के अनुसार दोनों ने हत्या के बाद नगदी व महिला का आधार कार्ड,मोबाइल लेकर फरार हुए थे और उसी रात मोबाइल की यूपीआई का पिन बदलकर खाते का 06 लाख 20 हजार रुपए पार करने की जुगत में लग गए, लेकिन पिन बदलने के बाद केवल 05 हजार रुपए का ही ट्रांजैक्शन कर सके।बाकी कई गेमिंग ऐप पर यूपीआई से पैसे भेजने का प्रयास किया लेकिन सब फेल हो गया।पुलिस ने मृतका का आधार कार्ड सहित राकेश यादव से 18 हजार 220 रुपए व आशीष से 16 हजार 470 रुपए बरामद किया। मोबाइल बरामद करने के लिए कुंए में प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।साथ ही आलाकत्ल फावड़ा व कुल्हाड़ी बरामद किया।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक तरुण पटेल, अरुण दुबे व दीवान विजय सोनी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के लगाए नारे

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**




मतदाता सूची और वोट के अधिकार से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रतापगढ़ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की पुरजोर मांग की है। सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे के साथ अपना लोकतांत्रिक संघर्ष निरंतर जारी रखेगी।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉ. नीरज त्रिपाठी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों में से बड़े पैमाने पर पात्र नागरिकों के नाम हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर पात्र नागरिक का वोट देने का अधिकार सुरक्षित होना चाहिए और सूची से नाम हटाने की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जानी चाहिए।

डॉ. त्रिपाठी ने फॉर्म-6 में एसआईआर से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी जोड़ने के फैसले पर भी कड़ी आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के दो चुनाव आयुक्तों ने भी इस बदलाव पर अपना एतराज जताया था।

## मंडी में अवैध कब्जे 15 दिन में हटाने के निर्देश


मंडी समिति का निरीक्षण करते निदेशक जितेंद्र सिंह

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को मंडी समिति सुलतानपुर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मिली खामियों पर उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।मंडी गेट पर बोर्ड न लगे होने पर उपनिदेशक निर्माण को प्रमुख स्थान पर बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। टटर आदि से किए गए अवैध कब्जों को 15 दिन में हटाने को कहा। कब्जे पूरी तरह समाप्त होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत होने तक प्रभारी सचिव का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। ई-नाम कार्यालय के दरवाजे के खराब कब्जे मिलने पर संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने को कहा। सड़क निर्माण में सीसी ज्वाइंट के पास गुणवत्ता में कमी पर जांच व मरम्मत कराने तथा जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। जलभराव के स्थायी समाधान और मुख्य मार्ग पर जाम खत्म करने के लिए व्यापारियों को व्यवस्थित करने को भी कहा। अधिकारियों से निर्धारित अवधि में अनुपालन आख्या मांगी गई है।

## डीएम ने शासकीय भवनों, परियोजनाओं व विद्यालयों में विद्युत संयोजन कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से विद्युत संयोजन सुनिश्चित करने पर जोर**

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासकीय भवनों, विभिन्न निर्माणाधीन एवं पूर्ण परियोजनाओं तथा विद्यालयों में विद्युत संयोजन उपलब्ध कराए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा विद्युत संयोजन के लिए किए जा रहे कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा आवश्यक कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित एवं पूर्ण हो चुकी शासकीय परियोजनाओं, विद्यालयों तथा अन्य सरकारी भवनों में विद्युत संयोजन की स्थिति का विभागवार परीक्षण करते हुए जहां विद्युत संयोजन लंबित है, वहां आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में विद्युत संयोजन के अभाव में भवनों का संचालन प्रभावित हो रहा है, ऐसे प्रकरणों को चिन्हित कर आपसी समन्वय से शीघ्र निस्तारित किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग एवं संबंधित निर्माणदायी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत संयोजन से संबंधित प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न हो तथा आवश्यक औपचारिकताओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुए कार्यो को आगे बढ़ाया जाए, साथ ही, जिन स्थानों पर विद्युत संयोजन के लिए किसी प्रकार की तकनीकी अथवा विभागीय समस्या आ रही है, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## माता-पिता व भाई की मौत से अनाथ हुई चार बहनों से मिले डीएम

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**


दुर्घटना के बाद निराश्रित हुई बेटियों से मुलाकात करते डीएम इंद्रजीत सिंह

सड़क हादसे में माता-पिता और बड़े भाई को खोने के बाद चार बहनों के सिर से परिवार का साया उठ गया। हादसे के बाद अनाथ हुई चारों बहनों से सोमवार को जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट में मुलाकात की। डीएम ने बच्चियों से आत्मीयता से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। चारों बहनों में बड़ी पुत्री शिवांगी गुप्ता बालिग है, जबकि तीन अन्य बहनें नाबालिग हैं। जिलाधिकारी ने उनकी शिक्षा, आर्थिक सहायता और सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने उपजिलाधिकारी कादीपुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त और बाल कल्याण समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि पात्रता के अनुसार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से दिलाया जाए।डीएम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में पहुंची इन बच्चियों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। उनकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे।

## खबरें एक नजर में

### जहरीले जंतु के डसने से महिला अचेत, हालत गंभीर

**चांदा सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र के चितावनपुर गांव निवासी सीमा प्रजापति (32) को सोमवार को जहरीले जंतु ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर वह रास्ते में अचेत हो गईं। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। बताया गया कि सीमा किसी काम से रामपुर बैंक गई थीं। घर लौटते समय रास्ते में जहरीले जंतु के डसने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ ग्लूकोज व आवश्यक दवाएं दीं। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई थी, जिसके चलते उच्च चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

### शाहपुर पौधशाला में वन विभाग ने आयोजित की कार्यशाला

**चांदा सुल्तानपुर।** क्षेत्र के शाहपुर जंगल स्थित पौधशाला में सोमवार को सेवा सुशासन अभियान के तहत वन विभाग की कार्यशाला आयोजित हुई। अध्यक्षता उप क्षेत्रीय वन अधिकारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने की। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शासन की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वन पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक मजबूती और आपदा प्रबंधन में भी सहायक हैं। उन्होंने लोगों से वन संरक्षण और पौधों की देखभाल में सहभागिता की अपील की। कार्यशाला में प्रधान बृजलाल पाल, बैजनाथ यादव, गौरीशंकर, आशीष पांडेय सहित क्षेत्रीय लोग और वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाबागंज के मनार में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की सांगठनिक मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर विधानसभा क्षेत्र 245 बाबागंज के अंतर्गत बूथ संख्या 89 (मनार) में एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक बूथ अध्यक्ष सोमराज शुक्ल के नेतृत्व में मंगलवार, 06 अक्टूबर 2026 को सायंकाल 5:30 बजे बुलाई गई है। बैठक का आयोजन पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' के समर्थक अभय सिंह के निवास स्थान (ठाकुर का पुरवा, तेलिहा) पर होगा। बूथ अध्यक्ष सोमराज शुक्ल ने बताया कि यह बैठक संगठन के विस्तार, बूथ स्तर को सशक्त बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्र के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएं और संगठन हित में अपने विचार साझा करें।

### दबंगो ने गर्भवती महिला को लोहे की राड व लाठी डंडों से पीटा

**बछरावा-रायबरेली।** आठ माह की गर्भवती महिला को दबंगों ने पान खाकर थूकने से मना करने पर जमकर पिटाई कर दी, महिला का गंभीर हालत में इलाज व मेडिकल कराया गया है। बीते सोमवार की रात्रि 10 बजे के आसपास घायल महिला का पुलिस ने अस्पताल में इलाज व मेडिकल कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडौली निवासिनी गर्भवती महिला नीलम पत्नी बृजेश उम्र 28 वर्ष घर में घटना के वक्त अकेली मौजूद थी, पति बृजेश मजदूरी करने गया हुआ था। पड़ोसी लोगों ने पान मसाला खाकर घर के सामने थूक दिया। महिला के द्वारा मना करने पर गाली गलौज करते हुए लोहे की राड व डंडों से जमकर पिटाई कर दी।

### विद्युत सप्लाई चुस्त-दुरूस्त करे विभागः मनोज कुमार पाण्डेय

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री और ऊँचाहार विधायक मनोज कुमार पाण्डेय ने आज विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विद्युत आपूर्ति की आने वाली लोकल फाल्टों को तत्काल ठीक न किये जाने एवं कर्मचारी व अधिकारियों की लापरवाही के कारण विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधा को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी।

## डीएम ने किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**घटिया निर्माण पर भड़के, दिए जांच के आदेश**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**



जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने सोमवार शाम करीब 5 बजे तहसील पट्टी क्षेत्र के ग्राम मनैतापुर और उतरास का स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों और जनसमस्याओं का जायजा लिया।

ग्राम मनैतापुर में त्वरिता आर्थिक विकास योजना के तहत आरईडी द्वारा बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण कार्य में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर डीएम अचानक मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की गहनता से जांच की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने स्वयं मौके से निर्माण सामग्री का सैंपल लिया और उसे गुणवत्ता जांच के लिए पीडब्ल्यूडी प्रयोगशाला भेजने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों के विपरीत काम पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके उपरांत डीएम ग्राम उतरास पहुंचे, जहां उन्होंने भूमिहीन महिला रेखा मिश्र (पत्नी राजन मिश्र) के प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने मौके पर मौजूद लेखपाल को नियमानुसार पट्टा दिलाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दान में मिली भूमि पर तत्काल कब्जा दिलाकर तीन दिनों के भीतर आवास निर्माण कार्य शुरू कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आपदा राहत कोष से पात्र लोगों को अहेतुक सहायता राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### पुनर्मूल्यांकन के लिए 17 अक्टूबर तक करें आवेदन

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** केएनआईपीएसएस के सत्र 2025-26 के स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए पुनर्मूल्यांकन का अवसर दिया गया है। संस्थान के परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जनसूचना अधिकार अधिनियम-2005 के तहत अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन कर चुके और मूल्यांकन से असंतुष्ट विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए केवल संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक परीक्षार्थी तीन से 17 अक्टूबर 2026 के बीच ऑनलाइन आवेदन करने के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं।

## सोते समय सांप के डसने से चौथी की छात्रा की मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

जेठवारा थाना क्षेत्र के गोपालगंज भावनपुर डेरवा गांव में सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। भोर में करीब 3:30 बजे अपने बिस्तर पर सो रही 9 वर्षीय छात्रा सेजल जायसवाल को एक जहरीले सांप ने डस लिया।

परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे तुरंत उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लेकर भागे। छात्रा की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतका सेजल, लॉजिकल मेमोरियल स्कूल में कक्षा चार की छात्रा थी।

वह अपने पिता महेश जायसवाल की तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की संतान थी। उसके पिता मेलों और गांवों में कॉस्मेटिक सामानों की फेरी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

घटना की सूचना मिलने पर स्कूल प्रशासन ने शोक व्यक्त करते हुए एक दिन के अवकाश की घोषणा की। मौके पर पहुंची जेठवारा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## स्व. राजकुमार भार्गव मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का हुआ समापन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



अस्टम स्वर्गीय राजकुमार भार्गव मेमोरियल बैडमिंटन चौंपियनशिप का समापन समारोह स्थानीय स्टेडियम मोतीलाल नेहरू में हुआ। सचिव राजीव अग्रवाल ने बताया कि फाइनल में ओपन सिंगल का खिताब अंकित ने विशाल को कांटे की टक्कर में 15-5,14-16, 15-10 से हराकर रायबरेली चौंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। गर्ल्स में मांडवी ने प्रिया को 9-15, 15- 13, 15- 9 से हराया। ओपन डबल्स में अर्पण एवं अमित सविता की जोड़ी ने देव और सुयश को 17- 15,4-15,15-13 से हराया ,अंडर 13 में रोहन ने गौरव को 15-6 ,15- 8 से सीधे सेटों में हराया। अंडर 17 में आराध्य गुप्ता ने आर्यन यादव को 11-15,15-9,15-7 से हराया। वेटरन 35 से 45 आयु ग्रुप में मोहित सक्सेना एवं आर्यन बाजपेई की जोड़ी ने अनुज एवं अजय की जोड़ी को हराया, वेटरन 45 से 55 आयु वर्ग में महेश एवं गिरीश की जोड़ी ने अनुराग और राजेश की जोड़ी को हराया। 55 से ऊपर आयु वर्ग में ओपी सिंह एवं डॉ एसपी दीक्षित की जोड़ी ने डॉक्टर एस एम सिंह एवं सुरेश को हराकर विजयश्री प्राप्त की।

## बैंतीकला टोल पर भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत

**समृद्धि न्यूज, चांदा सुल्तानपुर।**


बैती कला टोल पर नेताओं का स्वागत करते भाजपाई

क्षेत्र के बैंतीकला टोल प्लाजा पर भाजपा के काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया, काशी क्षेत्र प्रभारी रमेश सिंह और उत्तर प्रदेश प्रभारी जगदीश पटेल का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला मंत्री अरुण कुमार जायसवाल तथा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप मिश्रा की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। नेताओं के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उन्हें 51 किलो की माला पहनाई गई। स्वागत कार्यक्रम के बाद तीनों पदाधिकारी जिले में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमरदेव सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बृजेश मिश्रा, सौरभ साहू, पूर्व प्रधान देवी प्रसाद वर्मा, रवि जायसवाल, नंदलाल गौतम, राजेश जायसवाल, प्रमोद निषाद, बल्ला सिंह और सुमित सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला किशोरी का शव

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** जर्जर कच्चे मकान की बड़ेर के सहारे किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत मरियमपुर गांव से जुड़ा है। जहां सोमवार को सुबह शिवानी उर्फ नैना (17) पुत्री संजय का शव पुराने आधे गिरे घर की बड़ेर में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सुबह जब परिजनो ने किशोरी को लटका देखा तो कोहराम मच गया।
घटना की सूचना परिवारजनों ने पुलिस को दी।सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज भटमई सुनील कुमार सिंह ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

### भाव समर्पण व श्रद्धांजलि सभा हुई आयोजित



**समृद्धि न्यूज, डलमऊ-रायबरेली।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय अल्हौरा में स्थापित अमर शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह स्मृति वाटिका में शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर भाव समर्पण एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें उनकी बटालियन के द्वारा शहीद की प्रतिमा पर सैनिक सम्मान के साथ पुष्प चक्र अर्पित किया गया इसके बाद वीर पत्नी श्रीमती चांदनी सिंह व वीर पुत्र कुशाग्र सिंह के द्वारा प्रतिमा पर अश्रु पूरित नयनों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, सीआरपीएफ बटालियन प्रमुख द्वारा वीर पत्नी,वीर माता व वीर पुत्र को पुष्प गुच्छ एवं उत्तरी भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मदन सिंह द्वारा दिए गए शहीद की प्रतिमा पर छत से आच्छादन कार्य का लोकार्पण अशोक कुमार सिंह पूर्व विधायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं भाव समर्पण समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता मदन सिंह ने कहा कि शहीद की शहादत को सदैव याद रखा जाएगा।

## रानीगंज में संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने काला फीता बांधकर किया सांकेतिक विरोध

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज में सोमवार को समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध की आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने 'नियमितीकरण' अथवा 'समान कार्य, समान वेतन' की नीति लागू करने की मांग को लेकर बांहों पर काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि वे वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दे रहे हैं। कठिन परिस्थितियों और आपातकालीन समय में भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं दी हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक स्थायी कर्मचारियों जैसा वेतन और सुरक्षात्मक सुविधाएं नहीं मिली हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन था ताकि शासन का ध्यान उनकी समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा सके।

### दिव्य दीक्षा इंस्टीट्यूट में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चांदा सुल्तानपुर।** धौरहरा गांव स्थित दिव्य दीक्षा इंस्टीट्यूट में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक योगेश चंद्र पांडेय, प्रधानाचार्य हेमचंद्र पांडेय एवं सुशील सर की मौजूदगी में विद्यालय परिसर में आम, संतरा, नींबू और अनार समेत फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रबंधक योगेश चंद्र पांडेय ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा का संकल्प दिलाया।

## कसौधन समाज का पिछड़ा वर्ग का प्रमाणपत्र जारी न होने से दिखी नाराजगी



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज रायबरेली।**

कसौधन वैश्य समाज के जाति प्रमाणपत्र जारी न होने को लेकर समाज के लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में समाज के प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी महराजगंज को ज्ञापन सौंपकर तत्काल पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाणपत्र जारी कराने की मांग की। जिस पर उपजिलाधिकारी आयुष अग्रवाल ने उच्चधिकारियो से तत्काल माँग पूरी करते हुए तहसीलदार शालिनी तिवारी को कसौधन समाज के लोगो के जाति प्रमाण पत्र ओबीसी वर्ग से जारी करने के निर्देश दिए। बताते चले की सोमवार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रशासन द्वारा कसौधन जाति के प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं।

# घर घेरकर मारपीट करने व धमकाने का आरोप

- पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार
- पुलिस बोली, फुटेज की हो रही जांच

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।




मोहल्ला बस्तीराम निवासी सोना-चांदी के आभूषण कारीगर शेख जहांगीर अली ने घर घेरकर मारपीट, गाली-गलौज और असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने छह नामजद समेत दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर चालान किया है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह करीब 40 वर्षों से छिबरामऊ में रहकर सोने-चांदी के आभूषण बनाने का काम करता है। आरोप है कि चार-पांच अक्टूबर की रात करीब नौ बजे अंशु वर्मा निवासी कटरा, बिम्मी वर्मा निवासी बजरिया, हंसराज गुप्ता निवासी कटरा गली, अंकित वर्मा निवासी हनुमानगढ़, बंटी वर्मा निवासी बजरिया और गणेश निवासी ठकुराइया समेत दो अज्ञात लोग उसके घर की गली में पहुंचे। पीड़ित के अनुसार, 10 से 15 लोगों की भीड़ ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि लोगों ने घर के दरवाजे पर लात मारी और उसे छिबरामऊ छोड़कर जाने की धमकी दी। एक युवक के पास असलहा होने और गोली मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने बताया कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। उसने डायल-112 पर सूचना देकर परिवार की सुरक्षा की मांग की। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 442/2026 के तहत बीएनएस की धाराओं 191(2), 115(2), 352 और 351(2) में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद अंशु वर्मा, बिम्मी वर्मा, हंसराज गुप्ता, अंकित वर्मा और बंटी वर्मा को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और फुटेज की जांच की जा रही है। आरोपों की पुष्टि विवेचना के बाद होगी।

## पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने प्रकाश पाल को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर दी बधाई



गुरसहायगंज / कन्नौज। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा प्रकाश पाल को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाए जाने पर पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व मंत्री अर्चना पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार। एक कर्मठ, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ता को राज्यसभा भेजकर पार्टी ने पिछड़े वर्ग के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा प्रकाश पाल जी को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। निश्चित रूप से उनके अनुभव का लाभ संगठन और समाज दोनों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रकाश पाल ने संगठन में रहकर बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया है। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पिछड़े वर्ग को भाजपा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका राज्यसभा जाना हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। अर्चना पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहाँ एक सामान्य कार्यकर्ता को भी सम्मान मिलता है।

## तर्पण

### माता पिता के आशीर्वाद से मिल रही हर कार्य में सफलता : आदेश गुप्ता





स्वर्गीय रामवती गुप्ता



स्वर्गीय मुरलीधर गुप्ता

छिबरामऊ, कन्नौज। गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता ने बताया मूल रूप से हमारा परिवार जिला फर्रुखाबाद के गांव पतौंजा का निवासी था। जब मैं 2 साल का था तभी मेरे पिता मुरलीधर गुप्ता का निधन हो गया। मेरी माता रामवती ने हमारा पालन-पोषण कर शिक्षित व संस्कारित बनाया। वह बताया करती थी पिताजी गांव में ही खाद कपड़ा व सराफा आदि छोटे व्यापार करते थे। उनका पूरा जीवन संघर्षों में बीता। जरूरतमंद गरीबों की मदद करना, गरीब बेटियों की शादी में सहयोग करना और गांव के मामूली विवाद पंचायत करके निपटा देना उनके स्वभाव में था। मेरा परिवार 1971 में छिबरामऊ आ गया था। यहां हीरालाल कॉलेज से इंटर, नेहरू कालेज से बीए करने के बाद 2 साल तक कानपुर में वकालत की पढ़ाई की लेकिन पारिवारिक परिस्थितियों के चलते उसे अधूरा ही छोड़ कर वापस आ गया। हमसे बड़े भाइयों रमेश चंद व दिनेश चंद का निधन हो चुका है। वर्ष 2015 में मेरी माता जी भी गोलोक धाम चली गईं। मैंने नवीन मंडी में कारोबार शुरू किया। माता पिता के आशीर्वाद से मुझे हर कार्य में सफलता मिल रही है। मेरा पुत्र सत्यम गुप्ता सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। वह भारतीय किसान यूनियन भानु का जिलाध्यक्ष भी है। मैं अपने माता पिता के बताए मार्ग पर निरंतर चलने का संकल्प लेता हूं। पितृ पक्ष व श्रध्दा के महापर्व पर उनको शत-शत नमन



आदेश कुमार गुप्ता

आदेश कुमार गुप्ता मुरलीधर ग्रेन स्टोर, आदेश कुमार गुप्ता, सत्यम ट्रेडिंग कम्पनी, आदर्श धर्म कांटा, नवीन मंडी छिबरामऊ।

# राम बारात व दुर्गा शोभायात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा

- कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



रामलीला एवं नवरात्र महोत्सव के साथ नगर में निकलने वाली शिव बारात, श्रीराम बारात तथा मां दुर्गा शोभायात्रा को लेकर शांति कमेटी की बैठक में सीओ मयंक मिश्रा ने धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजकों से रूट तथा आवश्यक सुरक्षा बिंदुओं की विस्तृत जानकारी ली, ताकि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

सीओ मयंक मिश्रा ने आयोजकों से कहा कि शोभायात्रा एवं राम बारात में शामिल झांकियों की ऊंचाई सीमित रखें, जिससे रास्ते में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। बैठक में आयोजकों एवं पुलिस प्रशासन ने सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल का ड्यूटी चार्ट तैयार कर ड्यूटियां लगाई जाएंगी। बैठक में पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे, उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता उर्फ लालू, व्यापारी नेता नरेश वर्मा, रामानंद वर्मा, सुरेश वर्मा पेंटर, सभासद दिलीप गुप्ता तथा रामलीला कमेटी के महामंत्री टीटू अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

## राम वन गमन और भरत मिलाप प्रसंग ने श्रद्धालु हुए भावविभोर



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के ऐतिहासिक श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल के तत्वाधान में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन कथा व्यास ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत श्री किशन दास जी महाराज ने राजा दशरथ के निधन, भगवान श्रीराम के वन गमन तथा भरत मिलाप का प्रसंग बड़े ही भावपूर्ण ढंग से सुनाया। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। महाराज ने बताया कि पिता की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान श्रीराम ने राजपाट का त्याग कर वन जाने का निर्णय लिया। पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए। वहीं, भरत को जब श्रीराम के वन जाने का पता चला तो वह अत्यंत दुखी हुए और उन्हें वापस अयोध्या लाने के लिए वन पहुंचे। वन में राम-भरत मिलाप का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भरत ने भगवान श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह किया, लेकिन श्रीराम ने पिता की आज्ञा और धर्म पालन को सर्वोपरि बताया। अंत में भरत भगवान श्रीराम की खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौटे और उन्हें सिंहासन पर रखकर राम के प्रतिनिधि के रूप में राज्य का संचालन किया।

इस दौरान ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत स्वरूप दास जी महाराज ने भी प्रवचन करते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## घर में सोते रहे परिजन चोर ले गए तीन बक्से

छिबरामऊ, कन्नौज। क्षेत्र के सराय दौलत गांव में रात के समय चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ली। परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। इसी दौरान चोर मेन गेट की कुंडी और जंगले की प्लाई काटकर अंदर घुस गए। इनमें सोने-चांदी के जेवर और करीब पांच हजार रुपये नकद रखे थे। चोरी गए सामान की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। सुबह सामान बिखरा मिलने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। बदमाश बक्से लेकर रूपपुर रोड की ओर भागे। वहां दो खाली बक्से मिले, जबकि तीसरा हिमालय कोल्ड के पीछे खेत में पड़ा मिला। माना जा रहा है कि जेवर और नकदी निकालने के बाद चोर बक्से छोड़ गए।

सदरपुर में पूर्व प्रधान रामशंकर यादव के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार दो संदिग्ध दिखाई दिए हैं। चौकी प्रभारी अंत पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## राजकिशोर की मौत की जांच पर उठे सवाल, अब तक नहीं मिला तमंचा

छिबरामऊ, कन्नौज। ब्राह्मण नगला गांव में राजकिशोर दुबे की मौत के डेढ़ सप्ताह बाद भी घटना में इस्तेमाल तमंचा बरामद नहीं हो सका है। पुलिस मामले को आत्महत्या मानकर जांच कर रही है, लेकिन हथियार न मिलने से घटना को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मालूम हो कि मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी 55 वर्षीय राजकिशोर दुबे काफी समय से अपने बहनोई मनोज दुबे के यहां ब्राह्मण नगला में रह रहे थे। वह हत्या के एक मामले में करीब साढ़े सात साल जेल में रहने के बाद हाल ही में जमानत पर बाहर आए थे। 24 सितंबर की देर रात गांव में गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहां राजकिशोर पीपल के पेड़ के नीचे लहूलुहान पड़े थे। पुलिस के पहुंचने से पहले उनकी मौत हो चुकी थी। तलाशी में जेब से एक कारतूस मिला था। पुलिस के अनुसार, परिजनों ने आत्महत्या संबंधी लिखित और डिजिटल पुष्टि की है। सीओ मयंक मिश्रा ने बताया कि तमंचे की तलाश जारी है।

## खबरें एक नजर में

### तहसील स्तरीय एथलेटिक्स में पहले ही दिन झटके 6 मेडल

गुरसहायगंज ,कन्नौज। तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के प्रथम दिन मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक अपने नाम कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-17 बालक वर्ग में कक्षा 9 के छात्र सचिन ने ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12 अ के शैलेश यादव ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक और कक्षा 10 के छात्र गोपाल ने गोला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में कक्षा 12 अ के होनहार खिलाड़ी रविकांत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन पदक झटके। रविकांत ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, ट्रिपल जंप में कांस्य पदक और लंबी कूद में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। व्यावसायिक शिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। हमारे बच्चों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। सचिन, शैलेश, गोपाल और विशेष रूप से रविकांत ने जिस तरह तीन पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। मैं सभी पदक विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। हमारा लक्ष्य जिला स्तर पर भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहराना है।

### त्योहारों पर महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट



कन्नौज। आगामी त्योहारों को देखते हुए महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। सोमवार को पुलिस कार्यालय सभागार में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों की समीक्षा बैठक हुई। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एएसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। महिला पुलिसकर्मी स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा, अधिकारों और शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। जरूरतमंद महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर प्रभावी समाधान कराने पर भी जोर दिया। बैठक में मिशन शक्ति की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। एएसपी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के साथ उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। बैठक के बाद आरक्षी नीलम, आरक्षी दीपांजलि और छिबरामऊ की उपनिरीक्षक ने मिशन शक्ति के तहत किए जा रहे कार्यों और अपने अनुभवों की जानकारी मीडिया कर्मियों को दी।

### नगर आयुक्त ने किया रामलीला स्थल का निरीक्षण

कानपुर। नगर निगम के नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने सोमवार को जोन-6 के अन्तर्गत शास्त्री नगर वार्ड-91 में पैचमरम्मत का कार्य, सेन्ट्रेल पार्क शास्त्री नगर, छइया होटल चैराहा, काली मठिया, सिन्धी कालोनी पार्क, चैन फैक्ट्री चैराहा, शास्त्री नगर सार्वजनिक रामलीला स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर क्षेत्रीय पार्षद विनोद कुमार, सहायक अभियन्ता तोता राम, जोनल स्व. अधिकारी विजय शंकर शुक्ला व अन्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित निर्देश दिये गये कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नही पाण्डू नगर पुलिया पर पैच मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया । मौके पर सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि इस स्थल पर रात्रि में पैच का कार्य कराया गया है। इसी तरह छइया होटल तक सेन्ट्रल पार्क के मुख्य मार्ग पर पैच को देखा गया। मौके पर कार्य संतोषजनक पाया गया। छइया होटल पर जल निकासी की व्यवस्था स्थायी न होने पर जोनल अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

# ककरारी तालाब का 50 लाख रुपये से होगा जीर्णोद्धार

- दुर्गा महोत्सव से पहले पूरा होगा काम
- परिक्रमा मार्ग, बेंच और पौधारोपण की होगी व्यवस्था

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



सौरिख रोड स्थित ऐतिहासिक ककरारी तालाब का नगरपालिका परिषद जल्द जीर्णोद्धार कराएगी। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि तालाब के जीर्णोद्धार के लिए शासन से 50 लाख रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। दुर्गा महोत्सव से पहले तालाब का कार्य पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा तालाब के चारों तरफ परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा। साथ ही लोगों के बैठने के लिए सीमेंटेड बेंच लगाई जाएंगी और पौधारोपण कराया जाएगा। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर तालाब के आसपास बेहतर व्यवस्थाएं की गई थीं। बाउंड्रीवाल के साथ रैंप का निर्माण कराया गया और निजी नलकूपों से तालाब में पानी भी भरवाया गया था। अवर अभियंता रविराज कौशल की देखरेख में पालिका कर्मियों की टीम ने जेसीबी से तालाब परिसर की गंदगी साफ कराई। पेड़ों की छंटाई के साथ तालाब में जमा गंदगी भी हटाई गई।

सफाई अभियान में आरआई अनस अहमद खान, सफाई लिपिक अमरदीप, प्रवेश यादव, प्रदीप कुमार, नंदलाल सैनी, सर्वेश कुमार, सभासद गोपाल गुप्ता, चरण सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता सहित पालिका कर्मी और ठेकेदार मौजूद रहे।

# कक्षा 9 से 12 तक के छात्र ध्यान दें संशोधन की अंतिम तिथि घोषित

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज। कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 की कक्षा-9 एवं 11 तथा परीक्षा वर्ष 2027 की कक्षा-10 एवं 12 के छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण जारी की गई है। सचिव भगवती सिंह द्वारा दिनांक 01.10.2026 को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि कक्षा-9 एवं 11 तथा परीक्षा वर्ष 2027 के कक्षा-10 एवं 12 के संस्थागत / व्यक्तिगत विद्यार्थियों के शैक्षिक विवरणों को अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2026 तक परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करा दिये गये हैं।

1. कक्षा-10 एवं 12 के लिए - कक्षा-10 एवं 12 के विद्यार्थियों के विवरणों की चेकलिस्ट परिषद के पोर्टल से प्राप्त कर संस्था के प्रधान द्वारा उनके विवरणों की जाँच करने तथा जाँचोपरान्त किसी प्रकार का संशोधन वांछित होने पर संशोधित / अपडेट करने की अवधि 01 अक्टूबर से 06 अक्टूबर, 2026 (मध्यरात्रि 12:00 बजे) तक है। 2. कक्षा-9 एवं 11 के लिए - कक्षा-9 एवं 11 के विद्यार्थियों के विवरणों की चेकलिस्ट परिषद के पोर्टल से प्राप्त कर संस्था के प्रधान द्वारा उनके विवरणों को भली-भाँति जाँच करने की अवधि 01 अक्टूबर से 06 अक्टूबर, 2026 है। इस अवधि में कक्षा-9 एवं 11 के विद्यार्थियों के विवरणों में किसी प्रकार का संशोधन प्रतिबंधित रहेगा। कक्षा-9 एवं 11 के विद्यार्थियों के विवरणों में संशोधन 05 अक्टूबर से 08 अक्टूबर, (मध्यरात्रि 12:00 बजे) तक किया जा सकेगा। सचिव ने समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों, मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित अवधि में ही चेकलिस्ट डाउनलोड कर जाँच और संशोधन का कार्य पूर्ण कर लें।

## कृषि यंत्रों पर अनुदान की बुकिंग सात से

- किसान ड्रोन समेत कई यंत्रों पर मिलेगा लाभ

कन्नौज। किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ लेने का मौका मिलेगा। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत ऑनलाइन बुकिंग सात अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। किसान 20 अक्टूबर की रात 12 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। योजना में कंबाइन हार्वेस्टर, किसान ड्रोन, पावर टिलर, पावर वीडर, मिनी राइस मिल, मिलेट मिल, मिनी दाल मिल, डायरेक्ट राइस सीडर और पटेटो प्लांटर समेत विभिन्न कृषि यंत्रों पर नियमानुसार अनुदान दिया जाएगा। किसान जनसेवा केंद्र या विभागीय पोर्टल से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

# गुरुओं के सम्मान से युवा शक्ति को मिला संबल

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



विश्व शिक्षक दिवस पर मेरा युवा भारत, कन्नौज के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों को सम्मानित किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार जताते हुए स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों से भी संवाद किया। इस दौरान विद्यार्थियों को मेरा युवा भारत की गतिविधियों, पोर्टल और युवाओं के लिए उपलब्ध सहभागिता के अवसरों की जानकारी दी गई। उन्हें रुचि व क्षमता के अनुसार युवा गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने कहा कि युवाओं तक पहुंच बनाने में विद्यालय महत्वपूर्ण माध्यम हैं। शिक्षकों के सहयोग से बड़ी संख्या में युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों और नेतृत्व के अवसरों से जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालयों के साथ समन्वय मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। स्वयंसेवकों ने कहा कि शिक्षक ज्ञान और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व व भविष्य का निर्माण करते हैं। उनका सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता है।

## पुलिस कमिश्नर कार्यालय में लगा रक्तदान शिविर

कानपुर। रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को कानपुर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। ज्वाइंट सीपी क्राइम संकल्प शर्मा ने बताया कि लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और किसी व्यक्ति का किया गया रक्तदान जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में मदद कर सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया। साथ ही लोगों से अपील की गई कि स्वस्थ व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करें और जरूरतमंद लोगों की जिंदगी बचाने में अपना योगदान दें।

# तालाबों को कब्जामुक्त कराने और नाला निर्माण की मांग

- भाकियू बलराज ने न्यायिक तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन बलराज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन न्यायिक तहसीलदार गिरीश चंद्र को सौंपा। इसमें ग्राम खोजीपुर के सरकारी तालाबों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने और सड़क किनारे नाला निर्माण कराने की मांग की गई। किसान नेताओं ने बताया कि गांव के सरकारी तालाब पर कथित रूप से कब्जा कर निर्माण कराया गया है। इससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। बारिश के दौरान सड़कों और गलियों में जलभराव होने के साथ ग्रामीणों के घरों में भी पानी घुस जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। ज्ञापन में सड़क किनारे नाला बनवाकर जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई। किसान नेताओं ने तालाब की जांच कराकर कब्जामुक्त कराने की मांग की। चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर खोजीपुर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान विजेंद्र यादव, जयकिश सिंह, कौशल यादव, अभिषेक यादव, विकास पाल, वेदराम कश्यप, हिमांशु शर्मा, जयप्रकाश, प्रवीण कुमार, आकाश खान, नदीम खान और शिवमंगल मौजूद रहे।

# जनहित के आधार पर तय हो विकास कार्य: डीएम

- ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना में नहीं चलेगी लापरवाही
- 31 मार्च तक प्लान तैयार करने के निर्देश
- स्वच्छता व्यवस्था में शिथिलता पर कार्रवाई



समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

ग्राम पंचायतों की विकास कार्ययोजना अब गांव की जरूरतों और जनहित के आधार पर तैयार होगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने पंचायती राज विभाग की योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने 31 मार्च 2027 तक की कार्ययोजना समयबद्ध तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत की कार्ययोजना शून्य नहीं रहनी चाहिए। शासकीय भवन, सोलर लाइट, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, नाली, बाउंड्रीवाल और स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। कार्ययोजना में पारदर्शिता और गुणवत्ता से समझौता न हो। व्यक्तिगत शौचालयों के 5,820 लक्ष्य के सापेक्ष 2,589 के लिए 3.10 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं और जियो-टैगिंग 100 प्रतिशत है। डीएम ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठान, फॉगिंग और छिड़काव नियमित कराने को कहा। छह अंत्येष्टि स्थलों के प्रस्ताव लंबित हैं, जिनमें भूमि चिन्हांकन जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

## ग्राम सभा की जमीन पर कब्जे का आरोप, डीएम कार्यालय पर धरना

- बौथम के ग्रामीणों ने गाटा संख्या 680 पर अवैध निर्माण का लगाया आरोप




कन्नौज। ग्राम सभा बौथम की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जे और निर्माण का आरोप लगाते हुए ग्रामीण सोमवार को डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा की गाटा संख्या 680 की जमीन पर दबंगों और भूमाफियाओं ने कब्जा कर निर्माण शुरू करा दिया है। इसमें ग्राम प्रधान के संरक्षण का भी आरोप लगाया गया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, वर्ष 2021 से तहसील स्तर पर शिकायतें देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना पर लेखपाल मौके पर पहुंचे और निर्माण रुकवा दिया, लेकिन उनके लौटते ही दोबारा काम शुरू करा दिया गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। ग्रामीणों ने डीएम से निर्माण रुकवाकर जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की।

# घर-घर पहुंचेगा गणना दल, मोबाइल एप में दर्ज होगा हर आंकड़ा, 16 नवंबर से स्व-गणना शुरू

- दो चरणों में ट्रेनिंग, आगे प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को करेंगे तैयार

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार से सेंट जेवियर्स स्कूल में 58 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। दो स्लॉट में होने वाला प्रशिक्षण सात अक्टूबर और फिर नौ से 12 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें प्रश्नावली, गणना प्रक्रिया, मोबाइल एप और फील्ड में आंकड़े दर्ज करने की बारीकियां समझाई जा रही हैं।

मास्टर ट्रेनर सस्मित द्विवेदी और मृदुल मिश्रा फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। प्रशिक्षण के बाद यही ट्रेनर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को तैयार करेंगे। दूसरे चरण में 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना, एक दिसंबर से चार जनवरी तक घर-घर गणना और पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण होगा।

# स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक ने जीता प्रथम पुरस्कार

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा फतेहगढ़ स्थित पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री धीरेंद्र वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने कहा कि नवाचार केवल उच्च शैक्षिक स्तर वाले लोगों की जागीर नहीं है। हमारे समाज के किसान, मैकेनिक, मजदूर और शिल्पकार भी अपने रोजमर्रा के कामों को आसान बनाने के लिए अपने अनुभवों के आधार पर बेहतरीन प्रयोग करते हैं। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य ऐसे ही जमीनी नवप्रवर्तकों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें एक उचित मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए मॉडलों का बारीकी से मूल्यांकन करने के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। प्रथम स्थान पर मोहित कुमार यादव को 8,000 रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर कृष्ण को 5,000 का पुरस्कार, तृतीय स्थान सलोना को 3,000 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पांच नवप्रवर्तकों अभिषेक, लाडली, आदित्य माथुर, उदयवीर को शानदार प्रदर्शन के लिए 2,000 के सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। सभी प्रतिभागी नवप्रवर्तकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि धीरेंद्र वर्मा ने प्रदर्शनी में लगाए गए सभी मॉडलों का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया और नवप्रवर्तकों को अपने प्रोजेक्ट्स में निरंतर सुधार करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने छात्र-छात्राओं को प्रकृति में मौजूद औषधीय गुणों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास के पेड़-पौधों में अपार औषधीय गुण छिपे हैं, जरूरत बस इस बात की है कि हम उनके महत्व को समझें और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनें। प्रतिभागियों के चयन के लिए गठित निर्णायक मंडल में चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आदित्य किशोर, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 विनायक पांडे, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन और जीव विज्ञान के प्रवक्ता हरिश्चंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे। संचालन सरिता त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर निर्मला सिंह, रीता, गीतांजलि राजपूत, मोनी चौहान, स्वालिया आदि मौजूद रहे।



मॉडलों का निरीक्षण करते अतिथि

# आशा कार्यकत्रियों का मांग को लेकर धरना जारी

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन जारी रहा। आंदोलनरत आशा बहुओं ने वर्तमान में मिल रहे 2,000 के मानदेय को बढ़ाकर 21,000 प्रतिमाह किए जाने की पुरजोर मांग उठाई। कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर विशेष सचिव का ज्ञापन सौंप कर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। धरने पर बैठी आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अबकी बार आर पार और जच्चा-बच्चा छोड़कर, आशा आ गई रोड पे जैसे तीखे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्तमान में उनके काम का दायरा लगातार बढ़ रहा है। उन्हें गांव-गांव जाकर आभा आईडी बनाने, कुष्ठ रोग सर्वे व रोगियों की पहचान, स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूकता, गर्भवती महिलाओं और बच्चों का ब्योरा जुटाने तथा विभिन्न विभागीय सर्वे और फॉलोअप जैसे महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा रहे हैं। धरना स्थल पर मौजूद आशा संगिनी सुनीता यादव, सरस्वती, विनीता, किरण, साधना और सुलेखा समेत अन्य आशा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कहा कि जब तक सरकार उनकी मानदेय बढ़ाने की जायज मांग को स्वीकार नहीं करती, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा। यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो वे 15 दिनों तक स्वास्थ्य सेवाओं का पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करेंगी।



विशेष सचिव को ज्ञापन सौंपती आशा कार्यकत्री

## फर्जी बैंक खाता खोलकर साइबर ठगी का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मौसीदाबाद गौटोला निवासी संजीत कुमार ने गांव के ही जीशान पर धोखे से बैंक खाता खुलवाकर संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। आरोपी रक्षाबंधन के दौरान संजीत को जनसेवा केंद्र ले गया और आधार के जरिए उसके नाम पर एयरटेल पेमेंट्स बैंक का खाता खुलवाया। आरोप है कि खाते में संजीत के बजाय आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर दर्ज करा दिया। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवाकर खाते से 5,000 निकाले गए, जिसे आरोपी ने खुद रख लिया और संजीत से बातचीत बंद कर दी। संजीत ने एयरटेल थैंक्स ऐप पर देखा तो खाते में करीब 99,999 का माइनस बैलेंस फ्रीज/लियन दिखाए जिससे साइबर अपराध में खाता इस्तेमाल होने का शक गहरा गया। संजीत का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी ने उसे धमकाया। पीड़ित ने संदेहास्पद बातचीत का ट्रांसक्रिप्ट भी पुलिस को सौंपा है, जिसमें लोन और रकम बांटने की चर्चा है।

# बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने बाइक, नकदी व जेवरात किये पार

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

कस्बे में बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए मोटरसाइकिल, नकदी और पीतल के बर्तनों समेत हजारों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना की जानकारी सुबह गृहस्वामिनी के घर पहुंचने पर हुई, जहां घर के ताले टूटे और सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित शमशाबाद रेलवे स्टेशन के सरकारी क्वार्टरों के निकट बने मकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में खड़ी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, 10,000 रुपये नगद, लगभग 15 किलो पीतल के बर्तन, सोने-चांदी के जेवरात तथा कपड़े चोरी कर फरार हो गए। गृहस्वामिनी फर्रुखाबाद स्थित अपने किराए के मकान में रहती हैं। सुबह जब वह नवाबगंज स्थित अपने मकान पर पहुंचीं, तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और मोटरसाइकिल गायब थी। पीड़िता ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पीआरबी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच-पड़ताल की और पीड़िता को थाने में तहरीर देने की सलाह दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने हलका इंचार्ज उप-निरीक्षक जगराम सिंह को पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर भेजकर मामले की गहनता से छानबीन शुरू करवा दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



चोरी के बाद का दृश्य



पुलिस हिरासत में आरोपी

## 6 साल से फरार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस टीम ने पिछले 6 वर्षों से न्यायालय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अपना पता बदलकर अलग-अलग स्थानों पर छिपकर रह रहा था, जिसके बाद उसे 4 अक्टूबर को शाम 19:30 बजे बर्रा कोल्ड स्टोरेज के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसके चलते एसीजेएम रेलवे फर्रुखाबाद न्यायालय द्वारा उसके खिलाफकई बार गैर जमानती वारंट जारी किए गए और अंततः धारा 82 के तहत हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा भी जारी की गई थी। आरोपी को अब संबंधित न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त नीलू कुमार पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम बैरी, थाना शिवराजपुर, कानपुर नगर है।

# डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव की कार नीलगाय से टकराई, क्षतिग्रस्त

- फर्रुखाबाद से लखनऊ जाते समय घटी घटना
- डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव सहित सभी सुरक्षित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



क्षतिग्रस्त कार

समाजवादी पार्टी के नि0 प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की कार संख्या यूपी-32केजेड/2222 फर्रुखाबाद से लखनऊ जाते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। रास्ते में अचानक कार के सामने नीलगाय आने से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव बाल-बाल बच गए, हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। घटना के समय कार में नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख अनीता रंजन भी मौजूद थीं। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा टल गया और कार में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों व समर्थकों ने उनका हालचाल जाना। यह घटना जब वह फर्रुखाबाद से लखनऊ अपनी पत्नी नवाबगंज ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन के साथ जा रहे थे, तभी जहानगंज रोड पर राजपूताना के सामने अचानक एक नीलगाय तेजी से भागता हुआ कार से आ टकराया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दौरान सपा नेता डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के मामूली चोटें आयी है। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन के अलावा सभी लोग सुरक्षित है। भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से एक बड़ा हादसा टल गया। दूसरी कार से डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व अन्य लोगों को लखनऊ भेजा गया। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि वह व ब्लाक प्रमुख सहित सभी लोग सुरक्षित है। उन्होंने अपने समर्थकों से अपील की है कि वह चिंतित न हो।

# खबरें एक नजर में

## गैंगेस्टर में वांछित 15 हजार का इनामी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**कायमगंज।** कोतवाली पुलिस ने 15,000 रुपये के इनामी वांछित गैंगस्टर को कानपुर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक इमरान फरीद, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार, महिला कांस्टेबल अंजली और सर्विलांस टीम ने कानपुर नगर के थाना पनकी क्षेत्र स्थित काशीराम कॉलोनी रतनपुर में घेराबंदी कर अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राम नरेश पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कन्नौज जिले के थाना ठठिया अंतर्गत मोहल्ला छपट्टी का निवासी है और वर्तमान में कायमगंज की गुड़ मंडी में रह रहा था। राम नरेश कोतवाली कायमगंज में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में काफी समय से वांछित चल रहा था और उस पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित था।

## छह पंखों और नकदी के साथ 2 शातिर चोर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने चोरी की घटना का अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए 6 पंखे और 1100 नगद बरामद किए हैं। 28 सितंबर को वादी अवनीश ने कोतवाली फतेहगढ़ में तहरीर देकर सूचना दी थी कि चंद्रावती शुक्ला सरस्वती शिशु मंदिर सिविल लाइन बरगदिया घाट से पंखे और अन्य सामान चोरी हो गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमुकदमा धारा 305(ए) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने की विवेचना के दौरान घटना में शामिल दो आरोपियों के नाम प्रकाश में आए। जिन्हें पुलिस ने धर दबोचा। जिनमें नितिन यादव उर्फलब्बी यादव पुत्र उमेशचंद्र यादव निवासी सिविल लाइन बरगदिया घाट कोतवाली फतेहगढ़। अर्जुन पुत्र विक्रम निवासी ढूका पोस्ट मसेनी थाना कादरीगेट है। बरामदगी और विधिक कार्रवाईअभियुक्तों के पास से 06 पंखे 1100 नगद बरमद हुए है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में धारा 331(4) व 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासनितिन यादव उर्फलब्बी यादव चोरी के इस मामले में नामजद। अर्जुन के खिलाफपूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं, जिनमें जुआ अधिनियम थाना कादरी गेट, आबकारी अधिनियम और महामारी अधिनियम कोतवाली फर्रुखाबाद के मुकदमे शामिल हैं।

## 18 पुलिसकर्मी हुए लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सख्त एवं सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने 17 आरक्षियों और 1 मुख्य आरक्षी सहित कुल 18 पुलिसकर्मियों का उनके वर्तमान थानों से स्थानांतरण कर दिया है। इन सभी को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन भेज दिया गया है। फर्रुखाबाद से आरक्षी ईशु कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। थाना मऊदरवाजा से आरक्षी सौरभ कुमार और आरक्षी रक्षपाल का स्थानांतरण पुलिस लाइन किया गया है। थाना कादरीगेट में तैनात आरक्षी आकाश सोलंकी, आरक्षी अभिषेक कुमार और आरक्षी पंकज कुमार को हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। थाना मोहम्मदाबाद से आरक्षी भूपेन्द्र सिंह और आरक्षी मनीष कुमार को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। थाना नवाबगंज से आरक्षी हर्षित चौहान और आरक्षी किरन कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। थाना अमृतपुर के आरक्षी अंकित कुमार और आरक्षी शिवम कुमार का तबादला पुलिस लाइन में किया गया है। थाना राजेपुर के आरक्षी विष्णु कुमार को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। थाना कमालगंज के आरक्षी तेजवीर सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। थाना जहानगंज से आरक्षी अनुज प्रताप सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। थाना कंपिल के आरक्षी अंकित कुमार को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है।

# सेंट एंथोनी स्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर विशेष अभियान के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। सचिव बिंदिया भटनागर ने लगभग 1050 छात्र-छात्राओं के साथ सीधा प्रश्नोत्तर संवाद किया।

सचिव ने स्पष्ट किया कि पोक्सो कानून 18 वर्ष से कम आयु के लड़कों और लड़कियों, दोनों पर समान रूप से लागू होता है। उन्होंने गुड टच और बैड टच तथा कानूनी विवाह आयु लड़कियों के लिए 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष की जानकारी दी। बच्चों की समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षिका कौशल्या गिरि को नोडल टीचर नामित किया गया। शिक्षा, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों के साथ-साथ आपातकालीन नंबरों-112 (पुलिस), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 15100 (लीगल हेल्पलाइन) के बारे में बताया गया। साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए शेयर न करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने और धोखाधड़ी होने पर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य, कर्मचारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, स्थानीय महिलाएं और 1050 विद्यार्थी शामिल रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व विद्यालय स्टाफ

## रोजगार मेले में 86 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में सोमवार को सुबह 10:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश की 5 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें कुल 200 रिक्त पदों के सापेक्ष 156 युवाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। मेले के दौरान कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 123 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। कुल 86 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चुना गया। चयन प्रक्रिया में 62 अभ्यर्थियों को सीधे जॉब रोजगार और 24 अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए चयनित किया गया।

रोजगार मेले के आयोजन में संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार, अप्रेंटिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, राजकिशोर महतो मौजूद रहे।

# आज सपा निकालेगी विशाल पैदल मार्च यात्रा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

> पद यात्रा के प्रभारी बने डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

समाजवादी पार्टी जिला इकाई द्वारा 6 अक्टूबर को एक विशाल पैदल मार्च यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित यह यात्रा वोट बचाओ, देश बचाओ और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर यात्रा 6 अक्टूबर मंगलवार को समय 11 बजे निकाली जाएगी। भोलेपुर क्रॉसिंग से प्रारम्भ होकर अंबेडकर मूर्ति रोड पर पहुंचेगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम प्रभारी नि0 प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव को बनाया गया है। सुबह 11 बजे सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भोलेपुर क्रॉसिंग पर एकत्र होंगे। इसके बाद वहां से पैदल मार्च निकालते हुए अंबेडकर मूर्ति जयनारायन वर्मा रोड फतेहगढ़ पहुंचेंगे।

अंबेडकर मूर्ति पर नागरिकों को मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा। सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने जिले के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व पार्टी से जुड़े सभी लोग भाग लें।

## अयोध्या में 1 से 3 दिसंबर तक होगा सेवानिवृत्त शिक्षकों का प्रांतीय सम्मेलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक ज्योतिस्वरूप अग्निहोत्री की अध्यक्षता में जिला महामंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में लखनऊ की प्रांतीय बैठक से लौटे रामनिवास अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि संगठन का प्रांतीय सम्मेलन आगामी 1, 2 और 3 दिसंबर को अयोध्या स्थित रामवल्लभाचार्य आश्रम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों के रहने, भोजन, जलपान तथा अयोध्या भ्रमण की पूरी व्यवस्था संगठन द्वारा की गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने कहा कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। सरकार ने जुलाई माह से देय महंगाई भत्ते की किस्त की घोषणा अक्टूबर माह बीतने तक भी नहीं की है। इसके अलावा, कोरोना काल में बंद की गई वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में मिलने वाली 40 प्रतिशत की छूट को भी सरकार तुरंत बहाल करे। 60 से 70 वर्ष की आयु के अवकाश प्राप्त अध्यापकों, प्रधानाचार्यों एवं लिपिकों को वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार 60 से 70 वर्ष के इन अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को भी आयुष्मान भारत कार्ड का लाभ प्रदान करे। बचान सिंह गंगवार, रामाधार पाण्डेय, रमेशचन्द्र सिंह राठौर, चन्द्रप्रकाश गंगवार ने भी संबोधित किया इस अवसर पर पद्मा मिश्रा, रामतीर्थ अग्निहोत्री, सोबन सिंह वर्मा, गंगाराम मिश्र, उमेश चन्द्र गंगवार, कमलेश कुमार द्विवेदी, रामनरेश मलाल, सोनेलाल यादव, आनंद कुमार त्रिवेदी, शेर बहादुर मिश्र उपस्थित रहे।

# श्रीराम राज्याभिषेक व महाआरती के साथ मानस सम्मेलन ने पाया विराम

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

पाण्डेश्वर नाथ मंदिर पण्डा बाग सत्संग भवन में मानस विचार समिति द्वारा आयोजित 38वें मानस सम्मेलन का विश्राम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य राजा अभिषेक और महाआरती के साथ हुआ। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

मानस विदुषी लीला भारती दतिया मप्र ने राज्याभिषेक प्रसंग का ऐसा सजीव वर्णन किया कि अयोध्या का दृश्य साक्षात् उपस्थित हो गया। उन्होंने कहा-प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा-14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर जब श्रीराम अयोध्या लौटे तो जो अयोध्या उनके बिना श्मशान बन गई थी, वह दुल्हन की तरह सज गई। उन्होंने बताया कि वशिष्ठ मुनि सहित ऋषियों-मुनियों ने वेद मंत्रों, स्वस्तिवाचन और मंगल गीतों के साथ भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया। दिव्य क्षण में डॉ. रामबाबू पाठक ने वशिष्ठ मुनि की भूमिका निभाते हुए प्रथम तिलक किया। जब हनुमान ने भरत भैया को संदेश दिया कि श्रीराम आ रहे हैं, तो अयोध्यावासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रज्ञा भारती गिरी पंछी देवी हरिद्वार ने भी श्रीराम राज्याभिषेक पर अपने विचार रखे। पं. पीलाराम छत्तीसगढ़-दुर्ग ने शास्त्र सुचिन्तित पुनि पुनि देखिअ चौपाई की व्याख्या करते हुए कहा कि शास्त्र का अर्थ शासन और अनुशासन है। अयोध्या में वशिष्ठ और विश्वामित्र ने शास्त्र चिन्तन से ही राजपरिवार का मार्ग प्रशस्त किया। आयोजित चौपाई प्रतियोगिता में कु0 अलभ्या पाठक, स्वास्ति अग्निहोत्री, प्रशस्ति, सोनिया शुक्ला, शीतल तिवारी, अंतस सक्सेना को मानस ग्रन्थ की प्रति देकर सम्मानित किया गया। विद्वानों, अतिथियों और समिति के सदस्यों को अंगवस्त्र, श्रीराम दरबार का चित्र एवं पुष्प माला से सम्मानित किया गया। महा आरती के साथ 38वें मानस सम्मेलन का समापन हुआ। इस अवसर पर ज्योतिस्वरूप अग्निहोत्री, अशोक रस्तोगी, सुरजीत पाठक, विशेष पाठक, अखिलेश शुक्ला, अपूर्व, अद्भुत, वरुण, हर्षित, अभिषेक, विकास, विजय अवस्थी उपस्थित रहे।



कथा का श्रवण कराती लीला भारती

# विशेष सचिव डॉ. वंदना वर्मा ने विकासखंड क्षेत्र का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

शासन के निर्देशों के क्रम में सोमवार को विशेष सचिव डॉ. वंदना वर्मा ने विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा ग्राम पंचायत कक्यूली की विभिन्न विकास योजनाओं व संस्थानों की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कहीं व्यवस्थाएं सुचारू मिलीं तो कहीं भारी अव्यवस्थाओं पर ग्रामीणों का आक्रोश भी सामने आया। निरीक्षण की शुरुआत में विशेष सचिव डॉ0 वंदना वर्मा ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर जरूरी दस्तावेजों व अभिलेखों की बारीकी से जांच की और सभागार कक्ष में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति जानी। इसके पश्चात वह सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचीं। सीएचसी में सबसे पहले उन्होंने लेबर रूम में पहुंचकर भर्ती गर्भवती महिलाओं और उनके तीमारदारों से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं व व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधीक्षक कक्ष में उपस्थिति रजिस्टर तथा महत्वपूर्ण फाइलों की पड़ताल की। उन्होंने सीएचसी के मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर दवाइयों के रखरखाव और उपलब्धता की जांच की तथा दिनभर के मरीजों की सूची तलब की। उन्होंने दंत चिकित्सक व नेत्र चिकित्सक से भी मरीजों के इलाज के संबंध में पूछताछ की। सीएचसी परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठीं आशा बहुओं ने विशेष सचिव को रोककर अपनी बात रखनी चाही, लेकिन विशेष सचिव बिना वार्ता किए मौके से रवाना हो गई, जिससे आशा बहुओं में खासी निराशा देखने को मिली। ब्लॉक और सीएचसी के बाद विशेष सचिव ग्राम पंचायत कक्यूली स्थित कंपोजिट विद्यालय पहुंचीं। वहां स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर उन्होंने लक्ष्मी पत्नी अमरनाथ की गोद भराई की रस्म अदा की और पूजा पत्नी प्रमोद के 6 माह के शिशु आरब का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने विद्यालय में शौचालयों की साफ-सफाई की स्थिति देखी। ग्राम पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रधान कक्ष बंद मिला। इसके बाद ग्रामीणों के अनुरोध पर विशेष सचिव गांव में हर घर जल योजना के तहत बने नलकूप का निरीक्षण करने पहुंचीं। मौके पर नलकूप का कार्य केवल 50 प्रतिशत ही पूर्ण मिला और वहां लगीं कुछ सोलर प्लेटें टूटी पाई गईं। नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच में गंदगी का अंबार मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस केंद्र में मवेशी बांधे जाते हैं। कूड़ा निस्तारण केंद्र के निरीक्षण में केवल प्लास्टिक की थैलियां, शराब के क्वार्टर और कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलें ही मिलीं। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि केंद्र में कभी कूड़ा डाला ही नहीं जाता, अधिकारी के आगमन की सूचना पर सुबह ही यह सामग्री वहां डंप की गई थी। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक कपिल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी राधेश्याम, एडीओ पंचायत किशनपाल, सीएचसी अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा सहित तमाम विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक लेती विशेष सचिव

## पुरानी रंजिश के चलते दंपती के साथ मारपीट

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी महेंद्र पुत्र रामविलास ने गांव के ही दो दबंगों के खिलाफथाने में लिखित तहरीर देकर जानलेवा हमला व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। पीड़ित महेंद्र द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार 4 नवंबर की रात लगभग 7 बजे वह अपने घर के भीतर बच्चों के साथ खाना खा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान पड़ोस के रहने वाले गोविंद पुत्र बृजनंदन तथा बृजनंदन लाल पुत्र गणेश चंद्र अचानक उनके घर आ धमके। आरोपियों ने नाली की ईंटें निकालने का बेबुनियाद मुद्दा उठाकर महेंद्र के साथ सीधे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब विरोध किया, तो दबंग आगबबूला हो गए और उन्होंने महेंद्र पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। शोर-शराबा व झगड़ा होता देख महेंद्र की पत्नी रामादेवी बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## तीस प्रतिशत से कम ऑनलाइन उपस्थिति पर बोर्ड ने जतायी नाराजगी

> ऑनलाइन उपस्थित न भेजने वाले विद्यालयों के डीआईओएस ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड ने ऑनलाइन उपस्थित की फर्रुखाबाद में अनदेखी पर नाराजगी व्यक्त की है। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभी सचिव ने इस सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजे पत्र में कहा कि जनपद में 30 प्रतिशत से कम ऑनलाइन उपस्थिति शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी दर्ज करा रहे हैं जो निराशाजनक है। जानकारी के मुताबिक जनपद में जो विद्यालय तीस प्रतिशत से कम उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं उन्हें ऑनलाइन समीक्षा में हर सप्ताह शामिल होना पडेगा। कम ऑनलाइन उपस्थित पर बोर्ड सचिव के निर्देशों के क्रम में डीआईओएस ने जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने विद्यालयों के बोर्ड के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति शिक्षकों विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों की दर्ज कराना सुनिश्चित करें। डीआईओएस ने कम ऑनलाइन उपस्थित दर्ज कराने वाले विद्यालय के प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी कर शीघ्र स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये हैं तथा तत्काल प्रभाव से सभी प्रधानाचार्य अपने-अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थित दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में संबंधित प्रधानाचार्य के विरुद्ध कार्यवाही हेतु विवश होकर सम्बन्धित विद्यालय के प्रबन्धक को निर्देश दिये जायेंगे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

# आश्रित संगठन की जिला कमेटी घोषित

- अरविंद शुक्ला बने जिलाध्यक्ष
- प्रशांत दीक्षित जिला प्रमुख व कुलभूषण श्रीवास्तव बने जिला महामंत्री

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संगठन की बैठक छावनी मोहल्ले में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बंशीधर श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अरविंद शुक्ला को जिला अध्यक्ष, प्रशांत दीक्षित को जिला प्रमुख तथा कुलभूषण श्रीवास्तव को जिला महामंत्री घोषित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। बॉबी दुबे ने कहा कि अरविंद शुक्ला संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष रितेश शुक्ला ने भी संगठन को अपना निरंतर सहयोग देने की बात कही। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से 51 सदस्यीय जिला कमेटी की घोषणा की। जिला कमेटी में जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, जिला प्रमुख प्रशांत दीक्षित, जिला महामंत्री कुलभूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद दुबे पंकज, उपाध्यक्ष पंकज दीक्षित, राम आसरे, सत्येंद्र गुप्ता, अनुराग वर्मा व जितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष नीरज शुक्ला, सचिव रोहित शुक्ला, अजय राठौर, मोनू सिंह, सैय्यद ताजदार नबी व प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी प्रवेश कुमार, प्रचार मंत्री प्रीतू, अनुज तिवारी व संजू दीक्षित, कार्यालय प्रभारी सुशील साध व वैभव कुमार, संगठन मंत्री ओमप्रकाश व शशि भूषण, अनुशासन प्रभारी आरिफ खान, विधिक सलाहकार वैभव दुबे तथा जिला मंत्री अनवर नकवी, संजय यादव, अरुण कुमार व वैभव सिंह बनाए गए। आदि सदस्य बनाये गये। संरक्षक मंडल में राकेश सारस्वत, कन्हैयालाल श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, अक्षय तिवारी, संजय गंगवार, संजीव शुक्ला तथा अखिलेश अग्निहोत्री को शामिल किया गया, आदि बनाये गये।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए छात्रों को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर के निर्देशन में साइबर क्राइम सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोतवाली फतेहगढ़ की साइबर सेल टीम ने छात्रों एवं एनसीसी कैडेटों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। साइबर सेल टीम की कामिनी शर्मा एवं पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी। कोई भी सायबर अपराध होने पर 1930 नम्बर डायल करें।

उन्होंने छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी प्रोफाइल, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से होने वाले जोखिमों के प्रति सतर्क किया। प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने कहा कि मोबाइल फोन, इंटरनेट, सोशल मीडिया, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान एवं विभिन्न ऐप्स ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इनके उपयोग में थोड़ी-सी असावधानी साइबर अपराध का कारण बन सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से मजबूत पासवर्ड रखने, अलग-अलग खातों के लिए अलग पासवर्ड का प्रयोग करने तथा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की अपील की। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऑनलाइन किसी को परेशान करना, अपमानित करना या धमकाना साइबर बुलिंग की श्रेणी में आता है।

विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेटों ने साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा स्वयं और दूसरों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लगभग 500 छात्रों व 50 एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

## पत्नी को खाना देने जा रहे पति की मार्ग दुर्घटना में मौत

**असोहा,उन्नाव।** रविवार को लखनऊ जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र के महाबलखेड़ा पोस्ट कुर्री सुदौली निवासी गणेश यादव बाईक से थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा मे एक निजी अस्पताल मे भर्ती अपनी पत्नी सावित्री को खाना देने आ रहा था। रास्ते मे दही – मोहनलालगंज मार्ग पर दीवानखेड़ा मोड के पास कालूखेड़ा ओर से रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें गणेश बाईक सहित ट्रक के पहियों के नीचे दब गया। सूचना पर पहुंचे कालूखेड़ा चौकी इंचार्ज लालचंद कनौजिया ने जेसीबी बुलवाकर कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह गणेश को बाहर निकालकर कालूखेड़ा स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गणेश हेलमेट नहीं लगाये था। गणेश ईंट भट्ठे पर मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। गणेश की मौत से अस्पताल मे भर्ती पत्नी सावित्री सहित बेटी अंजली 17 वर्ष, प्रन्जली 14 वर्ष और बेटा प्रान्शु 12 वर्ष बेहाल हैं।

# पब्लिक स्कूल एसो. की बैठक में पदाधिकारी सम्मानित


बैठक में सम्मानित होते पदाधिकारी

- बिना टीसी के छात्रों को प्रवेश न देने का सर्वसम्मति से निर्णय

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की बैठक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एसके वर्मा के संस्थान अमेठी कोहना में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक डॉ0 प्रभात कुमार अवस्थी ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। शहर क्षेत्र फर्रुखाबाद और फतेहगढ़ के सभी गैर-अनुदानित/प्राइवेट स्कूलों को एसोसिएशन का सदस्य बनाकर संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

सभी सदस्य विद्यालयों ने एकमत होकर यह निर्णय लिया कि किसी भी दूसरे विद्यालय से आने वाले बच्चे का एडमिशन बिना स्थानांतरण प्रमाण पत्र के नहीं किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास के लिए आगामी नवंबर माह में एक वृहद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा।

संरक्षक डॉ0 प्रभात कुमार अवस्थी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज कल्याण समिति की ओर से उपस्थित सभी सदस्यों को अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन सचिव देव कुमार शर्मा ने किया। बैठक में एसके वर्मा, नवनीत मिश्रा, उमेश मिश्रा, दिलीप अग्निहोत्री, राकेश श्रीवास्तव, विजेंद्र वर्मा, अनुपम बाजपेई, राम अवतार कुशवाह, एसके मिश्रा, अशोक सिंह, गौरव सिंह, सर्वेंद्र सिंह मौजूद रहे।


मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की मासिक बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला कार्यालय बरौन में जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील सिंह ने की। आगामी चुनावों की तैयारियों तथा भविष्य में संगठन को धरातल पर मजबूत बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष सुशील सिंह ने कहा कि पार्टी की असली ताकत जनता के बीच जाकर कार्य करने में है। युवा इकाई का विस्तार करते हुए अंश भारद्वाज एवं सुमित कुमार को नगर सचिव युवा की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर सिद्धांत सिंह, विवेक सिंह, अवनीश, रामसरण राजपूत, जोगराज राजपूत, अरविंद सिंह मौजूद रहे।

# विभिन्न संस्कृतियों में रंग-बिरंगे फूलों का है गुलदस्ता

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


सद्भावना सम्मेलन में मौजूद अतिथि

सद्भावना मंच के तत्वावधान में नव भारत सभा भवन ठंडी सड़क पर सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर देश में आपसी भाईचारा और सद्भावना को मजबूत करने पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि दिल्ली से जमाअते इस्लामी हिन्द के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सलीम इंजीनियर ने कहा कि मनुष्य का मूल स्वभाव प्रेम और मोहब्बत है, इंसान स्वाभाविक रूप से नफरत को पसंद नहीं करता। जो विचार इंसानों में भेदभाव और नफरत पैदा करे, वह कभी धर्म नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में नफरत के बीज अंग्रेजों के दौर में बोए गए थे, जब उन्होंने भारतीयों को आपस में लड़ाकर फूट डाली। वारिस हुसैन ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा एक खूबसूरत गुलदस्ता है। वर्तमान समय में कुछ ताकतें इसे कुचलने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन संतोष की बात यह है कि अब आम जनता नफरत की मुखालिफत में खुलकर आगे आ रही है। कार्यक्रम में भंते नागसेन, आशाराम, जवाहर सिंह गंगवार, मोहम्मद अनीस खां, मोइन, अभिलाख जाटव, नीरज प्रताप शाक्य, बिलाल शफीकी और जमशेद शाह ने भी अपने विचार रखे। मुख्य आयोजक डॉ0 रामकृष्ण राजपूत ने सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों और श्रोताओं का स्वागत किया। मोहम्मद नासिर खान ने मेहमानों का बैज लगाकर अभिनंदन किया, जबकि डॉ0 मोहम्मद मोहसिन ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन संयोजक अब्दुल वहाब ने किया।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने राहत प्रदान करने के दिए निर्देश



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा साइबर थाना पर तैनात समस्त अधिकारी कर्मचारीगण का अर्दली रूम किया गया। इस अवसर पर निम्न निर्देश दिए गए साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों पर त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए। लंबित विवेचनाओं एवं साइबर अपराध के मामलों की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर अपराधियों के विरुद्ध तकनीकी साक्ष्यों का प्रभावी उपयोग करते हुए ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को अनुशासन, टीम भावना एवं जनसामान्य के साथ बेहतर व्यवहार रखते हुए कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

### पंचम चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**फर्रुखाबाद।** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-2027 के पंचम चरण प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा कर दी गई है। चतुर्थ चरण की प्रवेश कार्यवाही के बाद बची हुई रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन और विकल्प संशोधन की प्रक्रिया 6 अक्टूबर से शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 06 अक्टूबर से 11 अक्टूबर की रात 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी परिषद के पोर्टल पर जाकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रथम, द्वितीय या तृतीय चरण में अचयनित अथवा अप्रवेशित पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी नवीन विकल्प चुनने के लिए आवेदन कर सकते है। नए आवेदन करने वाले नवीन अभ्यर्थी। वे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में प्रवेश लिया था, लेकिन किन्हीं कारणों से अपना नाम कटवा लिया था। नवीन अभ्यर्थियों को पंचम चरण के लिंक पर क्लिक कर पहले फॉर्म भरना होगा। पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों को अपना पंजीकरण संख्या और जन्म तिथि दर्ज कर पुनः विकल्प चुनना होगा। यदि पूर्व अभ्यर्थी विकल्प पुनरीक्षित नहीं करते हैं, तो उनके मूल आवेदन के अनुसार ही सीट आवंटन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

### भाकियू महाशक्ति ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में संगठन ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर जनसमस्याओं और किसानों के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। फर्जी दृष्टि बाधित प्रमाण पत्र मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। नवाब नियामत खान पश्चिम सिंधी कॉलोनी निवासी राहुल प्रताप सिंह परिहार का दृष्टि बाधित प्रमाण पत्र स्वास्थ्य विभाग की विभागीय जांच में फर्जी पाया गया था। जांच के बाद विभाग ने प्रमाण पत्र निरस्त तो कर दिया, लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अभी तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। बारिश से फसल नुकसान पर 25,000 प्रति बीघा मुआवजे की मांग की है। सजनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी बरौन पर अनियमितता का आरोप लगाये है। दूध का उचित रेट न देना और डिस्पैच पेमेंट का भुगतान रोकना। टीडीएस के नाम पर पैसे काटना तथा बोनस में कटौती करना। किसानों के साथ मनमाना व्यवहार करना और उनकी शिकायतें न सुनना। आदि मांगे शामिल है। सुपरवाइजर अनिल यादव, एरिया मैनेजर सोहनदेव और प्लांट हेड मैनेजर गौतम गुर्जर के व्यवहार की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## जमीन कब्जा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 15 लाला गली के रहने वाले मोहम्मद इसराइल पुत्र स्वर्गीय जुम्मन ने डीएम के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया की प्रार्थी का मकान करीब 40 वर्ष पूर्व पिताजी के जीवन काल से स्थित है प्रार्थी अपने पिता के जीवनकाल के बाद अपना निवास वहीं कर रहा है। प्रार्थी के सामने स्थित प्लाट पर वह काबिज है। प्रार्थी ने आरोप लगाया की 18 जुलाई को चंदा गली जहानाबाद थाना के निवासी अपने कई साथियों को साथ लाकर जेसीबी मशीन लेकर कब्जा करने की नियत से अंदर घुस गए और गालियां देने लगे। आवाज सुनकर मोहल्ले के तमाम लोग आ गये तो वो लोग चले गए। 20 जुलाई को पुनः आकर जमीन में कब्जा करने लगे तो प्रार्थी ने थाना अध्यक्ष जहानाबाद से मिलकर लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। इस दौरान प्रार्थी ने आरोप लगाया की कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। प्रार्थी ने उपरोक्त प्रकरण की जांच करवाकर दोषी लोगों के खिलाफसख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग किया ताकि दोबारा वो लोग फिर से उसकी जमीन पर कब्जा न कर सके।

# पटेल सेवा संस्थान के चुनाव पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



पटेल सेवा संस्थान परिसर में मुकेश भाई पटेल के नेतृत्व में धरना दिया गया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी आस्था पटेल, एडवोकेट पूजा सचान, डॉक्टर सत्येंद्र पटेल प्रखर, डॉक्टर जगदीश्वर सिंह पटेल भी धरने पर बैठे हैं। इस अवसर पर मुकेश भाई पटेल ने आरोप लगाया की पटेल सेवा संस्थान में आम सभा की बैठक बुलाई गई जिसमें निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही पटेल सेवा संस्थान का चुनाव होगा। जिसके लिए जगनायक सचान,एडवोकेट पूजा सचान और मुकेश भाई पटेल तीन लोगों ने प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन करने का मन बनाया। इस दौरान मुकेश भाई पटेल ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया की चुनावी प्रक्रिया शुरू होती उसके पहले ही एक चुनाव समिति बनाई गई जिसमें सुनील उमराव एडवोकेट, राज बहादुर सिंह, श्रीराम पटेल, लाल देवेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह पटेल, कैलाश प्रताप सिंह के नाम शामिल है। इन लोगों ने 04 अक्टूबर को जगनायक सचान को अध्यक्ष घोषित कर दिया और जैसे ही यह जानकारी इन लोगों को हुई, पटेल सेवा संस्थान में यह लोग धरने पर बैठ गए और इनका कहना है कि यह धरना तब तक चलता रहेगा जब तक उनकी शंका का समाधान नहीं हो जाता। इनका कहना है की सर्वसम्मति से आम सभा की बैठक बुला ली जाती और उसमें हाथ उठाकर निर्णय ले लिया जाता फिर अगर जगनायक सचान के नाम पर आम सहमति बन जाती तो पहली माला उनको वह स्वयं पहनाते।

लेकिन इस तरीके से जो प्रक्रिया अपनाई गई है इस प्रक्रिया का वह विरोध करते हैं और जब तक इसका समाधान सही तरीके से पटेल सेवा संस्थान के वह लोग जो अपने आप को कर्ताधर्ता समझते हैं नहीं कर देते तब तक अनवरत धरना जारी रहेगा।

## शैलेन्द्र शरन सिंपल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति द्वारा आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं समिति के अध्यक्ष असीम अरुण, समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव ने जिला अपराध निरोधक समिति के सह सचिव शैलेन्द्र शरन सिंपल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिवेशन के दौरान समाज में अपराध नियंत्रण, जनजागरूकता और सुधारात्मक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवेशन में समाज कल्याण विभाग के मंत्री असीम अरुण ने कहा कि अपराध नियंत्रण और समाज सुधार में समितियों की भूमिका अहम है स उन्होंने कहा कि समिति हर क्षेत्र में कार्य कर रही है यह सराहनीय कदम है। समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव ने प्रदेश से हुए पदाधिकारियों का अभार प्रकट करते हुए समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। अवसर पर राकेश द्विवेदी, सौरभ साहू, नरेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, राम स्वरूप गुप्ता, सुरेन्द्र पाठक, संजय कुमार तिवारी, अशोक सिंह, सूरज कुमार सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# टापू बना भम्भुआ, नाव से पहुंची राहत सामग्री

**200 परिवारों को पहुंचाया राशन, ग्रामीणों ने अजय सिंह आदित्य को गोद में उठाया**

**समृद्धि न्यूज, सण्डीला, हरदोई।**



चारों तरफ से रास्ते कट जाने और जलभराव के चलते भम्भुआ गांव पिछले दस दिनों से टापू बना हुआ है। गांव का संपर्क आसपास के इलाकों से कटने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक कई दिनों से वे गांव में ही फंसे हुए थे और मदद का इंतजार कर रहे थे।

सोमवार को समाजसेवी एवं भाजपा नेता अजय सिंह आदित्य नाव के जरिए गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के लिए राशन सामग्री के साथ एक ट्राली आलू और अन्य जरूरी सामान की व्यवस्था कर करीब 200 परिवारों तक घर-घर राहत सामग्री पहुंचाई। लंबे इंतजार के बाद राहत सामग्री गांव पहुंचने पर ग्रामीण भावुक हो गए। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले दस दिनों से गांव में फंसे होने के कारण खाने-पीने की समस्या बनी हुई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि इस दौरान उनकी सुध लेने कोई नहीं पहुंचा। राहत सामग्री मिलने पर लोगों ने अजय सिंह आदित्य का आभार जताया और खुशी में उन्हें गोद में उठा लिया। भम्भुआ के बाद अजय सिंह आदित्य ने धनाखेड़ा गांव पहुंचकर भी बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के बीच राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

# आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद को मिली प्रदेश में चौथी रैंक

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल निर्देशन और पूरी पारदर्शिता के साथ प्रतिदिन अधिकारियों से ऑनलाइन जुड़कर गंभीर ता के साथ समीक्षा किये जाने और लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने के दृष्टिगत जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सितम्बर माह की मूल्यांकन रिपोर्ट में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की रैंकिंग में प्रदेश में जनपद उन्नाव ने चौथा स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार जनपद की तहसील बांगरमऊ 11वां पूर्वा 16 सहित अन्य तहसीलों ने भी उच्च स्थान प्रदेश में प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिलाधिकारी की गंभीरता और जनशिकायतों के त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के फलस्वरूप जनपद को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। पूर्व में फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण का असन्तुष्टि का लेबल ज्यादा था। जिलाधिकारी द्वारा ऑनलाइन अधिकारियों के साथ जुड़कर समीक्षा किये जाने पर 77 परसेंट संतुष्टि परक निस्तारण के चलते जनपद को प्रदेश में चौथी रैंक मिली है। शिकायत के निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया जाता है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईजीआरएस से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

## भादिन झील में पानी बढ़ने से सैकड़ो बीघे फसल जलमग्न

**असोहा उन्नाव।** भादिन झील में पानी बढ़ने से सैकड़ो बीघे फसल जलमग्न, जोरावरगंज केसरी खेडा सम्पर्क मार्ग के ऊपर से बह रहा घुटनो से ऊपर तक पानी। क्षेत्र की भादिन झील जो हजारा बाबा के नाम से विख्यात है जिसका विस्तार नवाबगंज के पंछी विहार से लेकर मौरावां के अकोहरी ग्राम पंचायत तक लगभग 50 किलोमीटर तक है, अचानक पानी बढ़ जाने से असावर से बरौली के बीच लगभग दस किलोमीटर का छेत्र नीचे स्तर का होने के कारण पानी बढ़ जाने से असावर, जोरावरगंज, देवरा, नोगांवा, केसरी खेडा, लँगड़ाखेड़ा, तेवारी खेडा, मुबारकपुर सहित लगभग एक दर्जन गांवों के किसानों की सैकड़ो बीघा उर्द, मूंग, धान की फसल बर्बाद हो गई। वही जोरावरगंज केसरीखेड़ा सम्पर्क मार्ग पर घुटनो तक पानी आजाने की वजह से आवागमन ठप्प हो गया। भादिन झील में शारदा कैनाल की आसीवन ब्रांच की पुरवा नहर से निकलने वाली हबुसा माइनर, रसीदपुर माइनर, मिर्री माइनर, अंतिम छोर छेत्र में कही न कही मिला है।

# ग्रामीणों की मांग पर ब्लॉक प्रमुख ने बांटा भूसा

- कटका पंचायत में उठी थी मांग, मदद पहुंचाने पर किसान नेताओं ने जताया आभार

**समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।**



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों और पशुपालकों की परेशानी को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने सोमवार को भटपुर के देवरी और धनाखेड़ा गांव में पशुओं के लिए एक गाड़ी भूसा व ग्रामीणों के लिए मोमबत्तियों का वितरण कराया। बाढ़ के कारण प्रभावित परिवारों के सामने पशुओं के चारे और बिजली संकट की समस्या बनी हुई है। भाकियू लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश चौहान ने कहा कि कटका बाजार में हुई किसान पंचायत के दौरान ग्रामीणों ने पशुओं के लिए भूसा और बिजली कटौती के बीच मोमबत्ती उपलब्ध कराने की मांग उठाई थी। ब्लॉक प्रमुख ने मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मदद पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि जनसमस्या पर तत्काल पहल करना जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है, जिसे ब्लॉक प्रमुख ने पूरा किया है।ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जो भी संभव होगा, वह मदद की जाएगी। पशुओं के लिए चारे की समस्या को देखते हुए भूसा उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीणों को बिजली न होने पर परेशानी न हो, इसके लिए मोमबत्तियां भी वितरित कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में ग्रामीणों के साथ खड़ा रहना ही प्राथमिकता है। भाकियू लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह 'बीरू' ने कहा कि विनोद सिंह तोमर ने ग्रामीणों की मांग पर तत्काल कार्रवाई कर जनसेवा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक समय से मदद पहुंचना ही सच्ची सेवा है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह 'बीरू', तहसील अध्यक्ष रोहित सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत तिवारी, जसकरन लाल, श्रवण पाल, शिवलाल मौर्य सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



**कानपुर।** यूपीआई डिजिटल भुगतान पर एमडीआर शुल्क लगाए जाने के विरोध में कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में सोमवार को घंटाघर स्थित भारत माता प्रतिमा स्थल पर व्यापारियों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल के महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कलीम ने किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में व्यापारी एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। व्यापारियों ने कहा कि यूपीआई आज छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक डिजिटल भुगतान का प्रमुख माध्यम बन चुका है। ऐसे में यूपीआई लेनदेन पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाना व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालेगा। महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कलीम ने कहा कि व्यापारी पहले से ही विभिन्न प्रकार के खर्चों और बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में डिजिटल भुगतान पर एमडीआर शुल्क लगाया जाना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की कि यूपीआई भुगतान व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और शुल्क-मुक्त रखा जाए। व्यापार मंडल ने कहा कि व्यापारी हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर संगठन अपनी आवाज उठाता रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने यूपीआई परएमडीआर शुल्क बंद करने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचीं शिल्पा अग्रवाल, बांटी राहत सामग्री

**समृद्धि न्यूज, संडीला, हरदोई।**



विधानसभा क्षेत्र संडीला के विकासखंड भरावन में बाढ़ की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार अग्रवाल राजिया और भाजपा नेत्री शिल्पा अग्रवाल ने सोमवार को तुलसीपुर, गौड़ी, कूड़ा और ईश्वरीपुरवा गांव का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

ग्रामीणों ने बारिश के कारण उत्पन्न परेशानियों से उन्हें अवगत कराया। शिल्पा अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर प्रभावित गांवों में जल निकासी की व्यवस्था कराने और आवश्यक राहत कार्य तत्काल शुरू कराने की बात कही। इस दौरान जरूरतमंद ग्रामीणों को राहत सामग्री भी वितरित की गई।

शिल्पा अग्रवाल ने कहा कि बारिश के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि संकट की इस स्थिति में क्षेत्रवासियों के साथ खड़ा रहना प्राथमिकता है। इस दौरान जीतू दीक्षित, विशाल शुक्ल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### महाविद्यालय में अंग्रेजी विषय में संचालित किया जा रहा वैल्यू एडेड कोर्स

**बहराइच।** गायत्री विद्यापीठ पी.जी. कॉलेज, रिसिया में अंग्रेजी विभाग के इंचार्ज डॉ. मिथलेश कुमार चौधरी के द्वारा अंग्रेजी विषय में वैल्यू एडेड कोर्स संचालित किया जा रहा है। यह वैल्यू एडेड कोर्स सत्र 2026–27 से संचालित है। इस वैल्यू एडेड कोर्स का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा–ज्ञान, संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं व्यावहारिक दक्षताओं को विकसित करना है। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक एवं वैश्विक परिवेश में अंग्रेजी भाषा का प्रभावी ज्ञान विद्यार्थियों के शैक्षिक, व्यावसायिक और सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस पाठ्यक्रम को तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को लिसनिंग, स्पीकिंग, रीडिंग, और राइटिंग जैसे भाषा–कौशलों में दक्ष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों में प्रोफेशनल कम्युनिकेशन, इंटरव्यू स्किल्स, प्रेजेंटेशन स्किल्स, ग्रुप डिस्कशन, पब्लिक स्पीकिंग, बेहवीयरल ग्रूमिंग तथा आत्मविश्वास विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वैल्यू एडेड कोर्स का उद्देश्य केवल अंग्रेजी भाषा का सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में अंग्रेजी के प्रभावी एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रयोग के लिए सक्षम बनाना है। इस कार्यक्रम में मधु वर्मा, संजना, अलिशा, नूरी परवीन, अनीता देवी, उम्मे कुलसुम, अलका वर्मा सहित सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

### विपक्षी नहीं चाहते यूपी की सियासत में मुसलमानों की हिस्सेदारी बढ़े : ओवैसी

**बहराइच।** एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुसलमानों की भागीदारी को लेकर विपक्षी दलों, खासकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। श्रावस्ती में जनसभा में शामिल होने जाते समय ओवैसी दोपहर करीब 2 बजे बहराइच पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें संबोधित किया। ओवैसी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल नहीं चाहते कि उत्तर प्रदेश में मुसलमानों की कोई बड़ी राजनीतिक पार्टी बने और उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़े। ओवैसी ने कहा कि विपक्षी दल चाहते हैं कि 'अब्दुल' सिर्फ दरी बिछाए, नेताओं के समर्थन में नारे लगाए, उन्हें वोट दे और फिर अपने घर चला जाए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए आवाज उठानी होगी। ओवैसी ने आरोप लगाया कि मुसलमानों पर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने मस्जिदों को गिराए जाने और समुदाय के साथ कथित तौर पर जुल्म किए जाने का भी दावा किया। एआईएमआईएम को भाजपा की 'बी टीम' बताए जाने के आरोपों को लेकर भी ओवैसी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि यदि उनकी पार्टी भाजपा की 'बी टीम' है तो 2014, 2017, 2022 और 2024 के चुनावों में विपक्षी दलों को हार का सामना क्यों करना पड़ा। बोले– एसआईआर के खिलाफ सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट गए, ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी सबसे पहले एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई थी, लेकिन अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं की। ओवैसी के होटल पहुंचने के दौरान बड़ी संख्या में एआईएमआईएम कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं से मुलाकात और संबोधन के बाद वह श्रावस्ती में आयोजित जनसभा के लिए रवाना हुए।

### नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का हुआ स्वागत

**बहराइच।** सोमवार को विकासखंड चित्तौरा में नवीन खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच के जिला महामंत्री / संयोजक चित्तौरा उमेश चन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला संयुक्त महामंत्री/ सहसंयोजक चित्तौरा विनोद कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यालय प्रभारी/ सहसंयोजक चितौरा अमिताभ श्रीवास्तव, महासंघ चित्तौरा के वरिष्ठ साथी मनीष चौधरी, आशीष कुमार मिश्र, विशेश्वर सिंह, उमा निवास शुक्ल, अवधेश वर्मा, जयशंकर मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, अंजली दुबे समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं ने नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय का माल्यार्पण तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर विकासखंड कार्यालय पर उनका स्वागत करते हुए शिष्टाचार भेंट की और चित्तौरा में उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। महासंघ चित्तौरा के पदाधिकारियों के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी की शिक्षक हित के अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड चित्तौरा में शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि एवं शिक्षक हित के प्रत्येक विषय पर अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल को दिया।

### अस्पताल ने सीसीटीवी फुटेज जारी कर लापरवाही के आरोपों को गलत बताया

**बहराइच।** महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और महर्षि बालार्क चिकित्सालय प्रशासन ने महिला सिपाही के पति की मौत के मामले में लापरवाही के आरोपों को गलत बताया है। सोमवार शाम अस्पताल ने सीसीटीवी फुटेज जारी कर अपनी सफाई दी। अस्पताल के मुताबिक, शैलेंद्र कुमार 4 अक्टूबर की शाम 5:18 बजे इमरजेंसी में भर्ती हुए थे। इलाज के बाद हालत स्थिर होने पर उन्हें जनरल मेडिसिन विभाग में भेजा गया। डॉक्टर ने मरीज को देखा और रात करीब 7:40 बजे दवा भी दी।सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया कि रात करीब 7 बजे मरीज वार्ड में नहीं था। उसके तीमारदार उसे वार्ड से बाहर ले गए थे। रात करीब 8 बजे तीमारदार मरीज को दोबारा इमरजेंसी में लाए, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच की और जरूरी इलाज व सीपीआर दिया। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि मरीज का पूरा इलाज किया गया। इसलिए, अस्पताल पर इलाज में लापरवाही और मरीज को नहीं देखने के आरोप गलत हैं।

### बाइक अनियंत्रित होने से महिला गिरकर घायल

**बछरावां–रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा–बहराइच हाईवे पर तद्दीपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होने से सवार महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान हुस्नजहां पत्नी अब्दुल मुरीद निवासी कुण्डौली के रूप में हुई है। बताया गया कि वह बाइक से बछरावां जा रही थीं। तभी तद्दीपुर गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे वह सड़क पर गिर गईं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटे आई हैं। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## टेलफाल नहर में युवक को मगरमच्छ ने गहरे पानी में खींचा, तलाश जारी

**समृद्धि न्यूज़, (निचलौल) महाराजगंज।**

निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहगी वरवा, वन्य जीव, प्रभाग अंतर्गत, निचलौल बन रेंज के ( गेडहवा )गांव के पास सोमवार को टेलफाल, नहर में मछली पकड़ने गए एक युवक पर मगरमच्छ ने मौका देखकर वार कर दिया।देखते ही देखते मगरमच्छ युवक को गहरे पानी में खींच ले गया। घटना के बाद उसके साथ मछली पकड़ रहे साथियों में चीख, पुकार मच गई इस घटना की सूचना मिलते ही, वन विभाग,पुलिस, एसएसबी,और एनडीआरएफ,टीम मौके पर पहुंच गई सभी संयुक्त टीम लापता युवक की तलाश जारी कर दी काफी खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं मिला। मिली जानकारी के अनुसार लापता युवक की पहचान, गेडहवा, गांव निवासी छागूर उर्फ छबिलाल उम्र 36 वर्ष के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि छागूर, अपने भाई झनु,



पड़ोसी उमेश समेत कुछ अन्य साथियों के साथ नाव से टेलफाल नहर में मछली पकड़ रहा था।इसी दौरान छागूर नाव से नीचे पानी में जैसे ही उतरा घात लगाकर मगरमच्छ उन पर हमला बोल दिया हमला बोलते ही उन्हें गहरे पानी में खींच ले गया।

साथ में मौजूद लोगों ने शोर मचाया।आसपास के ग्रामीणो की भारी संख्या भीड़ इकट्ठा हो गया।

घटना के बाद छागूर की पत्नी माया देवी एवं बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।छागूर के चार बच्चों में प्रीति 8 वर्ष,सलोनी 6 वर्ष, संगीता 3 वर्ष,पुत्र प्रियांशु 2 वर्ष की आंखें पिता के इंतजार में बिलखती रही

चीख पुकार से गांव में मातम सी हो गई है।इस संबंध में निचलौल बन क्षेत्राधिकारी सुनील राव, ने बताया बन कर्मियों की टीम मौके पर मौजूद है, और लापता युवक की तलाश जारी है। मिलने पर स्पष्ट हो सकेगा कि युवक को मगरमच्छ ने खींचा या अनहोनी हुई है।निचलौल थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर मौजूद है लापता युवक की तलाश जारी है।

## तीन दिवसीय श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर आयोजन आज से

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच कर्मचारी राज्य औषधालय गोरखपुर के चिकित्सकों एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महाराजगंज द्वारा नामित चिकित्सको द्वारा किया जाएगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी गणेश सिंह के अनुसार 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आईपीएल शुगर मिल सिसवा बाजार तथा केएमसी मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल एवं अन्य स्थान जहां पर ज्यादा संख्या में श्रमिक इकट्ठा होते हैं। श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। जनपद के श्रमिक उक्त सम्मान स्वास्थ्य शिविर में आकर अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच करा सकते हैं।

## एक ही स्थान पर मिलेगी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी : सीडीओ

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड कार्यालय में आमजन की सुविधाओं के लिए हेल्पडेस्क-सिंगल विंडो की स्थापना की जा रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आवेदन संबंधी मार्गदर्शन तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापरक समाधान की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

उक्त जानकारी मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव के हवाले से जिला सूचना कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए कहा गया है कि सीडीओ कुशीनगर के निर्देश के क्रम में 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर के मध्य प्रत्येक विकास खण्ड में किसी एक दिवस सांसद, विधायक अथवा ब्लॉक प्रमुख की उपस्थिति में हेल्प डेस्क-सिंगल विंडो का शुभारम्भ कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। हेल्पडेस्क पर जानकारी एवं सुझाव उपलब्ध कराने के लिए एक कार्मिक की अनिवार्य रूप से तैनाती की जाएगी। तैनात कार्मिक द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाएगी तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया है कि हेल्पडेस्क पर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं प्रार्थना पत्रों को पृथक रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, आवेदक को उसके प्रकरण के निस्तारण की सूचना भी उपलब्ध कराई जाए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता को एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी, मार्गदर्शन एवं त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विभिन्न कार्यालयों में अनावश्यक रूप से जाने की आवश्यकता न पड़े और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता एवं पारदर्शी ढंग से प्राप्त हो सके।

## जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना के परिसर में जनपद स्तरीय चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना के इरफान अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नौरंगिया के विनय चौरसिया तथा भाषण प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना के ऋषभ शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक मनीष जायसवाल द्वारा उद्यमी सेल का फीता काटकर किया गया। उद्यमी सेल के माध्यम से छोटे-बड़े शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्टार्ट अप एवं छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ाने के लिए मार्केट कनेक्ट, बिजनेस स्ट्रेटेजी, फंडिंग एवं ऋण से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में सौरभ कुमार उपाध्याय द्वारा उद्यमिता से जुड़ी जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर डी0के0 मौर्य, पंकज गौतम, सौरम जायसवाल, नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार मौर्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हाटा के प्रधानाचार्य पी0एन0 शर्मा, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कसया के प्रधानाचार्य ए0पी0 राय, कार्यक्रम प्रभारी वी0एन0 गुप्ता, वरिष्ठ अनुदेशक सहित विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में नगरीय निकाय उप निर्वाचन-2026 के अंतर्गत नगर पंचायत सलोन के रिक्त पद पर होने वाले उप निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, निष्पक्षता एवं सजगता के साथ करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्मिक उपलब्ध कराई गई हैंडबुक का गहन अध्ययन कर ले तथा मतदान प्रक्रिया से संबंधित अपने सभी दायित्वों एवं आवश्यक तैयारियों की जानकारी पहले से सुनिश्चित कर लें, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान कार्मिक अपनी-अपनी टीम के अन्य सदस्यों से पूर्व में ही संपर्क स्थापित कर लें तथा टीम के सभी सदस्यों के मध्य बेहतर समन्वय बनाए रखें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि रवानगी स्थल से प्रस्थान करने से पूर्व प्राप्त की गई समस्त मतदान सामग्री का निर्धारित सूची के अनुसार भली-भांति मिलान कर लिया जाए। किसी भी सामग्री की कमी अथवा विसंगति पाए जाने पर तत्काल संबंधित अधिकारी के संज्ञान में लाकर उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जनादेश से नहीं बनी है : धीरज

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आहूत की गई, बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि पूरा देश जान चुका है कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जनादेश से नहीं बनी है, बल्कि ज्ञानेश कुमार की मेहरबानी से बनी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त और भाजपा की मिली भक्त का पर्दाफाश हो गया है। लोकतंत्र की हत्या करने वालों को सजा जरूर मिलेगी। शहर अध्यक्ष ने कहा कि जननायक राहुल गांधी ने जो वोट चोरी की लड़ाई शुरू की थी वह आज पूरे देश में फैल गई है।

## बीके टिंबर ने लगाई सर्वाधिक बोली

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

नगर पालिका परिषद महाराजगंज के सभागार में तहसीलदार पंकज शाही की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 8 में स्थित पेड़ों की नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत संपन्न हुई। नीलामी में कुल चार फर्मों ने प्रतिभाग किया नीलामी की शुरुआती बोली 73,000 रुपये से प्रारंभ हुई जिसमें प्रतिभागी फर्मों द्वारा क्रमशः बोली बढ़ाई गई। अंततः 80,000 रुपये की सर्वाधिक बोली वी.के. टिम्बर द्वारा लगाई गई।जिसके आधार पर नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा,सभासद लालजी गुप्ता, सभासद सदरे आलम, प्रधान लिपिक बैकुंठनाथ यादव,संपत्ति लिपिक



इम्तियाज, ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, राजन, प्रोजेक्ट एनालिस्ट अभय कुमार गुप्ता व गोविन्द वेदकर उपस्थित रहे।

## गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 7 अपराधियों पर कसा शिकंजा

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत सितंबर माह मे 7 मामलों का निस्तारण कर आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसा गया।

निस्तारित मामलों में 7 व्यक्तियों को 6 माह की अवधि के लिए पाबंद किया गया है।

संबंधित व्यक्तियों को निर्धारित अवधि में प्रत्येक 15 दिवस पर संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर हाजिरी देने का आदेश दिया गया है।

6 माह के लिए पाबंद किए गए व्यक्तियो मेअक्षय जायसवाल उर्फ तपेश्वर कुमार जायसवाल निवासी ढोढिला वार्ड नं0 10 न0पं0घुघुली थाना घुघली, जयसिंह यादव उर्फ कौशल निवासी बरगदवा नगर पंचायत निचलौल थाना निचलौल, संजय यादव निवासी धरमौली थाना श्यामदेउरवा, अंगद भारती निवासी कोहडवल टोला सिसवाडीह थाना निचलौल, अजीम खां निवासी तरकुलवा उर्फ भटगांवा थाना श्यामदेउरवा, हरिशंकर चौबे निवासी मौजा दुबौलिया टोला पंचगावा थाना बृजमनगंज, अभिमन्यु उर्फ मनोहर उर्फ अन्नू निवासी बेलटीकर थाना घुघली शामिल है।इन सभी को 6 माह तक प्रत्येक 15 दिवस में संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर हाजिरी देने के साथ ही निर्धारित शर्तों के अनुपालन का आदेश दिया गया है।

महराजगंज पुलिस द्वारा अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध गुण्डा नियंत्रण अधिनियम सहित अन्य प्रचलित कानूनों के तहत नियमानुसार प्रभावी विधिक कार्रवाई निरंतर जारी है।

## छति का आंकलन, जरूरतमंदों की मदद पर फोकस

- अतिवृष्टि से तमाम फसलों को व्यापक नुकसान जारी

**हरिनारायण पटेल**

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** अल नीनो के प्रभाव से कम बारिश की आशंकाओं के बीच सितंबर एवं अक्टूबर के महीने में जनपद में भारी बारिश की स्थिति बनी हुई है। नेपाल की पहाड़ियों और सीमावर्ती क्षेत्रों में बीते दिनों हुई भीषण बारिश और वाल्मीकि बैराज से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी के कारण जनपद महराजगंज के कई हिस्से बाढ़ की विभीषिका झेल रहे हैं। बाढ़ से जनपद की 19082 ग्रामीण आबादी प्रभावित हुई है। वही 185660 हैकटेयर कृषि योग्य भूमि पर बाढ़ का दुष्प्रभाव पड़ा है। नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्राम पंचायत शिकारपुर, मोहन/मोहनिया, सोहगी वरवा के तमाम लोग प्रभावित हो गए हैं। ऐसे में लगभग 3000 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और बाढ़ से विस्थापितों के लिए बीते दिनों तक 35 00 डिग्निटी किट तथा 35 00 खाद्य सामग्री पैकेट वितरित किया गया। वहीं पशुओं के लिए 50 कुंतल भूसा उपलब्ध कराया गया। और जरूरत की चीजें अभी भी उपलब्ध कराया जाना जारी है। इसके अलावा कुछ व्यापारिक संगठनों द्वारा भी बाढ़ प्रभावितों में सहायता सामग्री विस्तृत किया जा रहा है।गंडक (नारायणी), रोहिन और महाव जैसी नदियाँ उफान पर थी जिससे निचले इलाकों और तटीय गाँवों में बाढ़ का पानी भर गया था। बारिश और बाढ़ के पानी ने निचलौल, नौतनवा और सोहगीबरवा क्षेत्र के दर्जनों गाँवों को प्रभावित किया है। जनपद के तमाम गाँवों के मुख्य संपर्क मार्ग जलमग्न हो चुके थे, जिससे कई क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क टूट गया था।और सैकड़ों एकड़ में लगी धान और अन्य फसलें जलमग्न होकर बर्बाद हो चुकी हैं। घरों और आंगनों में पानी घुस जाने से पीने के साफ पानी, भोजन और मवेशियों के चारे की भारी समस्या खड़ी हो गई है।ऐसे मे ग्राउंड जीरो पर उतर डीएम व एसपी द्वारा युद्धस्तर पर राहत कार्य, सुरक्षा, छति का आकलन तथा जरूरतमंदों को खाद्यान्न की उपलब्धता तथा मवेशियों को भूसा चारा, चिकित्सा की जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशासन को लगाया गया है।?बाढ़ की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। और बाढ़ के दौरान आमजन को एनडीआर एफ और एस डी आर एफ की टीमों को तैनात करा जलभराव में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों और तटबंधों पर पहुँचाया गया और प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल 'कम्युनिटी किचन' (सामुदायिक रसोई) शुरू करने और राशन किट वितरित करने के कार्य पर अमल किए गए हैं। एवं जलभराव से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट (फ्लाइंग मेडिकल टीम) और मेडिकल कैंप स्थापित किए गए हैं।साथ ही सिंचाई विभाग को संवेदनशील 21 तटबंधों और कटान स्थलों पर लगातार चौबीसो घंटे चौकसी बरतने और रिसाव या कटान की स्थिति में तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में सिंचाई विभाग का पूरा अमला दिन रात चौकसी में लगा रहा।?प्रशासन की प्राथमिकता हर नागरिक और पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। डीएम श्री सोगरवाल के अनुसार राहत एवं बचाव सामग्री की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। तमाम चुनौतियों के बावजूद प्रशासन और राहत टीमें दिन-रात चौकसी में जुटी हुई हैं, ताकि बाढ़ के प्रकोप से कम से कम नुकसान हो। इस बीच मौसम ने सोमवार को पुनः करवट ले लिया है।

## एनएचएम संविदा कर्मचारियों का हल्ला-बोल

- प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर दूसरे चरण का आंदोलन शुरू

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

उ0प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (रजि0) प्रादेशिक आह्वान पर जनपद शाखा कुशीनगर द्वारा नियमितीकरण व समान कार्य-समान वेतन समेत 8 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के समस्त सीएचसी/पीएचसी एवं जिला अस्पताल में कार्यरत संवर्ग के कर्मचारियों ने आज द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत कार्यस्थल पर काला फीता बाँध कर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रभारी चिकित्साधिकारियों



के माध्यम से मिशन निदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया। संघ के कर्मचारियो द्वारा आज 05 अक्टूबर को जिले भर में प्रदर्शन हुआ। जिला अस्पताल में मण्डल अध्यक्ष गोरखपुर चन्द्रशेखर यादव के नेतृत्व में अनुपम आनंद, विकास कुमार गुप्ता, रविन्द्र शर्मा, अनूप कुमार गोंड़, मदन, सुनील कुशवाहा, रामाशीष यादव, प्रीति पटेल, कात्यायनी चतुर्वेदी, योगेश कावडकर, पवन, संदीप मौर्या, मोलिना, सरोज आदि ने काली पट्टी बाँधकर कार्य किया।

इसी क्रम में फाजिलनगर में जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, आदित्य तिवारी, राधा निरंकारी, कमरूल होदा, डॉ पवन बहादुर सिंह आदि ने प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों का कहना है कि वे विगत 15-18 वर्षो से पूर्ण निष्ठा से स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन शासन स्तर से कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे भारी रोष व्याप्त है।

## कुलदीप की मौत पर उठे सवाल, परिजन बोले हत्या की आशंका, निष्पक्ष जांच की मांग

- पुलिस की कड़ी सुरक्षा में पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार
- चक्काजाम के बाद अधिकारियों ने दिया जांच का भरोसा

**समृद्धि न्यूज़, कैसरगंज, बहराइच।**

भारी पुलिस बल और क्षेत्रीय विधायक आनंद यादव की मौजूदगी में सोमवार दोपहर कुलदीप निषाद का उनके पैतृक गांव गोड़ाहिया नंबर 1 में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अंतिम संस्कार के दौरान गांव में काफी तनाव और गमगीन माहौल रहा। मृतक के परिजनों ने कैसरगंज पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि कुलदीप का अपहरण कर हत्या की गई है, लेकिन पुलिस शुरुआत से ही मामले को टालती रही और उनकी गुहार अनसुनी करती रही। घटना की जानकारी मिलते ही विकासशील इंसान पार्टी के जिला प्रभारी अनिल निषाद और जिला सह प्रभारी विनेश निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। वीआईपी पार्टी के जिला प्रभारी अनिल निषाद ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि वीआईपी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिजनों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। जब तक दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही नहीं हो जाती, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। जानकारी के मुताबिक जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़ाहिया नंबर 1 निवासी 22 वर्षीय कुलदीप निषाद 2 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे गन्ने के खेत में पत्ती काटने निकला था। काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों और ग्रामीणों ने खेत और पास में बह रहे घाघरा के नाले में तलाश की, लेकिन सुराग नहीं मिला।